समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 62,622.24 | 18,534.40 |

तापमान
अधिकतम 37 °C
न्यूनतम 26 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार





महापौर, नगरपालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों की... पेज-02

बीजेपी सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा: अखिलेश पेज-03



वर्ष 10 अंक 281 लखनऊ, 01 जून गुरुवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


# ज्ञानवापी पर मुस्लिम पक्ष की अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट से खारिज

### श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के अधिकार वाले केस को चुनौती दी थी

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

ज्ञानवापी परिसर में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा का केस वाराणसी कोर्ट में चलता रहेगा। इस केस के खिलाफ मस्जिद कमेटी की पुनर्विचार याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। वाराणसी की जिला अदालत भी पहले मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर चुकी है।

श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग 5 हिंदू महिलाओं ने की थी और वाराणसी कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस पर जस्टिस जेजे मुनीर की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 23 दिसंबर 2022 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, बहुत ही ऐतिहासिक फैसला है, क्योंकि मुस्लिम पक्ष हमेशा दावा करता रहता था कि यह केस प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट फैक्ट से बाधित है।

वाराणसी की सिविल कोर्ट ने 12 सितंबर को हमारे पक्ष में फैसला दिया था। वही बात आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी जस्टिस जेजे मुनीर ने कही है। जिसमें उन्होंने होल्ड किया कि रिवीजन पिटीशन मेंटेनेबल नहीं है और अंजुमन इंतजामिया की पिटीशन डिसमिस कर दी।



#### मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हाईकोर्ट ने क्या कहा?

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- हिंदू पक्ष, विवादित संपत्ति पर मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश और भगवान हनुमान की पूजा करने के अधिकार की मांग कर रहा है। इसलिए सिविल कोर्ट के पास इस मामले का फैसला करने का अधिकार है। हाईकोर्ट ने आगे कहा कि याचिकाकर्ता की दलील है कि 15 अगस्त 1947 से 1993 तक यहां नियमित पूजा होती थी। 1993 में विवाद बढ़ने पर उत्तर प्रदेश राज्य के नियामक के तहत साल में एक बार पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसलिए पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत पूजा पर रोक नहीं लगाई जा सकती है।

#### मुस्लिम पक्ष का तर्क था कि पूजा होने से धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर वकील एसएफए नकवी, जहीर असगर, फातिमा अंजुम मौजूद रहे। हिंदू पक्ष की ओर से वकील हरिशंकर जैन, विष्णु जैन, प्रदीप शर्मा, सौरभ तिवारी, प्रभाष पांडेय, विनीत संकल्प, अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी, मुख्य स्थायी अधिवक्ता बिपिन बिहारी पांडेय ने बहस की। मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी का तर्क था कि उपासना स्थल अधिनियम से नियमित पूजा प्रतिबंधित है क्योंकि पूजा होने से स्थल की धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी, जो कानूनन नहीं किया जा सकता। इसलिए यहां नियमित पूजा की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

#### सितंबर 2022 में हुई थी सुनवाई

इस मामले में वाराणसी की जिला अदालत ने 12 सितंबर 2022 को 26 पेज का फैसला सुनाया था। इसमें कहा गया था कि ये केस उपासना स्थल कानून 1991 के तहत नहीं आता।

#### साल में एक बार ही होती है श्रृंगार गौरी की पूजा

वाराणसी में श्रृंगार गौरी की दैनिक पूजा के अधिकार की मांग लंबे समय थी। अभी श्रृंगार गौरी की पूजा पूरे साल में सिर्फ एक बार चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन की जाती है।

#### महिला वादिनी ने कहा था- नमाज की तरह हमें मिले पूजा का अधिकार

इससे पहले महिला वादियों ने कहा था- माता हम लोगों को शक्ति दें कि मूल स्थान के दर्शन कर सकें। मां श्रृंगार गौरी से कामना की। बाबा मिल गए हैं। जैसे ज्ञानवापी में नमाज होती है, वैसे ही हमें भी दर्शन पूजन का अधिकार मिले। हमारे केस में कमीशन की कार्रवाई में काफी साक्ष्य मिले हैं। हम निराश नहीं हैं। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट का केस जीत चुके हैं।

#### ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी से मामला

पांच हिंदू महिलाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मौजूद हिंदू देवी-देवताओं की पूजा की अनुमति मांगी थी। इन महिलाओं ने खासतौर पर श्रृंगार गौरी की हर दिन पूजा करने की इजाजत चाही थी। कोर्ट के आदेश पर मस्जिद में सर्वे भी किया गया था। सर्वे के बाद हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि मस्जिद के तहखाने में शिवलिंग मौजूद है, जबकि मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया था। 18 अगस्त 2021 को 5 महिलाएं ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मां श्रृंगार गौरी, गणेश जी, हनुमान जी समेत परिसर में मौजूद अन्य देवताओं की रोजाना पूजा की इजाजत मांगते हुए कोर्ट पहुंची थीं। अभी यहां साल में एक बार ही पूजा होती है। इन पांच याचिकाकर्ताओं का नेतृत्व दिल्ली की राखी सिंह कर रही हैं, बाकी चार महिलाएं सीता साहू, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और रेखा पाठक बनारस की हैं। 26 अप्रैल 2022 को वाराणसी सिविल कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में श्रृंगार गौरी और अन्य देव विग्रहों के सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी और सर्वे का आदेश दिया था।

## संक्षिप्त

### 20 साल की लड़की को जलाने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के धारावी इलाके में 20 साल की लड़की को जलाने के आरोप में नंदकिशोर पटेल को गिरफ्तार किया गया है। महिला का शरीर 70% जल चुका है। फिलहाल उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले में आगे की जांच कर रही है।

### ओटीटी प्लेटफॉर्म को दिखानी होंगी तंबाकू रोधी चेतावनियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर तंबाकू विरोधी चेतावनियों के लिए नए नियमों की नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके तहत अब सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म को तंबाकू रोधी चेतावनियां दिखानी पड़ेंगी। अगर कोई प्लेटफॉर्म ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क से उतरकर पलटी बस, 2 की मौत, 4 घायल

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार में चंडी चौकी के पास बुधवार सुबह एक बस सड़क से नीचे उतर कर पलट गई। इस हादसे में एक बच्चा सहित दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एसटीआरएफ ने बताया कि बस अनियंत्रित होकर मैन रोड से 20 मीटर नीचे गिर गई, जिससे बस कंडक्टर और 10 महीने की एक बच्ची की मौत हो गई है।

### न्यूजीलैंड के दक्षिणी तट पर भूकंप, 6.2 मापी गई तीव्रता

**हेमिलटन।** न्यूजीलैंड के दक्षिणी तट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। भूकंप का सेंटर जमीन से 33 किलोमीटर नीचे था। सूनामी की तत्काल कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। इस भूकंप में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### एनआईए ने पीएफआई के फलवारी शरीफ मामले को लेकर छापेमारी की शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के फुलवारीशरीफ मामले को लेकर बुधवार को छापेमारी शुरू की है। यह तलाशी पीएफआई के कर्नाटक, केरल और बिहार में करीब 25 ठिकानों पर चल रही है। इससे पहले, 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में पीएफआई से संबंधित कई आपत्तिजनक लेख और दस्तावेज जब्त किए गए थे।

# कांग्रेस 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी : पीएम मोदी

### जब लूट की बात होती है तो वह किसी से भेदभाव नहीं करती

एजेंसी

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजस्थान में भाजपा का चुनावी अभियान शुरू किया। अजमेर में चुनावी सभा में उन्होंने कहा- कांग्रेस विकास की योजनाओं में 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी है। कांग्रेस लूटने में किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है।
गरीब हो, वंचित हो, आदिवासी हो, दलित हो, अल्पसंख्यक हो, सबको समान भाव से लूटती है। बता दें कि केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान की शुरुआत अजमेर से की गई है।

पीएम ने सभा में कहा- कांग्रेस ने करोड़ों महिलाओं और बच्चों के साथ खिलवाड़ किया। जब कांग्रेस की सरकार थी तब देश में टीकाकरण का दायरा 60% ही पहुंच पाया। तब 100 में 40 महिलाएं और बच्चे ऐसे होते थे, जिनको जीवनरक्षक टीके नहीं लग पाते थे। यदि अभी कांग्रेस सरकार होती तो कोरोना का टीका सबको लगाने में 40 साल लग जाते।

ये नवनिर्माण का दौर चल रहा है। 2014 से पहले पूरे देश में जनता भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़क पर उतरी हुई थी। बड़े शहरों में आए दिन आतंकी हमले होते थे, सीमा पर कांग्रेस सरकार सड़कें बनाने से डरती थी। जनसभा से पहले पीएम मोदी पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। ब्रह्मा मंदिर के पुजारियों ने उनका साफा पहनाकर स्वागत किया। मोदी ने यहां आरती और परिक्रमा करने के बाद मंदिर के बारे में पुजारियों से बातचीत भी की। मंदिर में दर्शन के बाद मोदी कायड़ विश्राम स्थली पहुंचे।



**कांग्रेस की घोषणा लागू करो तो दिवाला निकल जाए**
कांग्रेस ने 10 दिन में किसानों का कर्ज माफ करने की गारंटी दी थी। 2018 से राजस्थान में सरकार में हैं, आज तक गारंटी पूरी नहीं हुई। ये जो गारंटी देते हैं, उसे यदि अमल में लाया जाए तो दिवाला निकल जाए, इसलिए राजस्थान को कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है।

**कांग्रेस की गारंटी विश्वासघात**
कांग्रेस की गारंटी देने की आदत पुरानी है। उन्होंने 50 साल पहले ही गरीबी हटाने की गारंटी दी थी, यह देश के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात था। अब दुनिया के एक्सपर्ट कह रहे हैं कि भारत अतिगरीबी को समाप्त करने के बहुत निकट है। राजस्थान में लाखों महिलाओं और बच्चों को बचाने का काम बीजेपी सरकार ने किया।

**9 करोड़ परिवार तक नल कनेक्शन पहुंचाया**
2014 तक 18 करोड़ ऐसे परिवार थे, जिनके पास पाइप से पानी का कनेक्शन नहीं था। हमने पूरे देश में 9 करोड़ परिवार तक नल-जल कनेक्शन पहुंचाया है। यदि कांग्रेस की सरकार होती तो यह काम करने में 20 साल और लग जाते।

**वन रैंक वन पेंशन के नाम पर सैनिकों से धोखा**
कांग्रेस ने वीरों की धरती और यहां के वीरों के साथ हमेशा धोखा किया है। कांग्रेस ही है जो चार दशक तक वन रैंक वन पेंशन के नाम पर सैनिकों के साथ विश्वासघात करती रही है। भाजपा सरकार न होती तो यह फायदा किसी को नहीं मिलता।

**यह भारत का दशक, भारत की सदी**
ये भारत के ही लोग है, जिनकी वजह से दुनिया कह रही है यह भारत का दशक है भारत की सदी है। भारत की यह कामयाबी कुछ लोगों को पच नहीं रही है। तीन दिन पहले देश को नया संसद भवन मिला, लेकिन कांग्रेस और इसके जैसे कुछ दलों ने इस पर भी राजनीति का कीचड़ उछाला।

**मंच के पोस्टर में वसुंधरा राजे को मिली जगह**
मोदी की सभा वाले मंच पर पोस्टर में वसुंधरा राजे को भी जगह दी गई। उनके अलावा सीपी जोशी व राजेंद्र राठौड़ के चेहरे भी पोस्टर पर नजर आए। पोस्टर के दूसरे सिरे पर पीएम मोदी और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तस्वीर लगाई गई।

**8 महीने में राजस्थान का छठा दौरा**
आठ महीने में प्रधानमंत्री मोदी का राजस्थान में यह छठा दौरा है। 10 मई को उन्होंने सिरोही के आबूरोड में सभा की थी। इसके पहले 12 फरवरी को मोदी ने दौसा में सभा की थी। 28 जनवरी को मोदी ने भीलवाड़ा के आसींद में सभा की थी। पिछले साल 1 नवंबर को मोदी ने बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में सभा की थी। इससे पहले 30 नवंबर को मोदी सिरोही के आबूरोड आए थे। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने दावा किया कि इस सभा में प्रदेश की 8 लोकसभा और 45 विधानसभा सीटों से आए लोगों सहित कुल 4 लाख लोग जुटे। सभा में पहुंचे मदन गहलोत आकर्षण का केंद्र रहे। उन्हें देखकर लोग मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। दरअसल सोजत सिटी के रहने वाले मदन गहलोत ने साल 2001 में मोदी (तत्कालीन गुजरात सीएम ) से प्रभावित होकर अपना गेटअप बदलकर मोदी जैसा बना लिया था।

# पुंछ में एलओसी के पास 3 घुसपैठिए पकड़े

### प्रेशर कुकर में 10 किलो आईईडी रखे थे, एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के करमारा सेक्टर में एलओसी के पास भारतीय सेना ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा। ये तीनों 30 मई की रात खराब मौसम और बारिश का फायदा उठाकर भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना के जवानों ने फेंसिंग क्रॉस कर रहे तीनों आतंकियों पर फायरिंग की। सेना ने इनके पास 10 किलो ढ्ढश्वष्ठ, ्रद्म-56 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद किया है। फायरिंग में घायल एक आतंकवादी का पुंछ के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। पुंछ के गुलपुर इलाके में करमारा गांव में नियंत्रण रेखा



पर सेना ने संदिग्ध गतिविधि देखी। इसके बाद रात करीब 4 बजे जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सेना की तरफ से एक्शन देख आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी फायरिंग में एक घुसपैठिए को पैर में गोली लगी। फायरिंग में सेना का एक जवान भी घायल हुआ है। घुसपैठियों की पहचान मोहम्मद फारूक (26), मोहम्मद रियाज (23) और मोहम्मद जुबैर (22) के रूप में हुई है। सभी करमारा के निवासी हैं। फारूक के पैर में गोली लगी है। सेना के मुताबिक इन तीनों को बॉर्डर पार से हथियार और ड्रग्स की खेप मिली थी। वे इसकी तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे, तभी सैनिकों ने उन्हें रोक लिया। इनके पास्ड्ड्च राइफल, दो पिस्टल, छह ग्रेनेड, प्रेशर कुकर में रखा एक आईईडी और हेरोइन के 20 पैकेट बरामद हुए हैं।

### प्रदेश के 24 शहरों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रीय है। ऐसे में लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिल रही है। वहीं मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक मौसम बिगड़ने की चेतावनी जारी की है। बारिश की संभावना को देखते हुए आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। विभाग ने राज्य के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट और कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही लखनऊ और आसपास के जिलों में लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले दो दिनों तक पश्चिमी यूपी के इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ-साथ गरज और बिजली गिरने की भी संभावना है।

# यूपी के नए डीजीपी विजय कुमार ने संभाला चार्ज

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी के रूप में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी विजय कुमार को नियुक्त किया गया है। विजय कुमार ने मुख्यालय पहुंचकर अपना चार्ज ग्रहण कर लिया है। इस दौरान डीजीपी आरके विश्वकर्मा भी मौजूद रहें। दरअसल विजय कुमार के साथ ही आज ही स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार रिटायर हो रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डीजीपी आर.के. विश्वकर्मा के बुधवार को सेवानिवृत्त होने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



कार्यवाहक डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार वर्ष 1988 बैच के, आईपीएस अधिकारी विजय कुमार को सौंपा है। उन्होंने कहा कि विजय कुमार, महानिदेशक (आसूचना) और सीबी-सीआईडी के तौर पर काम करना जारी रखेंगे।

### मणिपुर में शांति बहाली की कोशिशें तेज

# हिंसा प्रभावित लोगों के लिए काम कर रही सरकार

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। अभी भी कुछ इलाकों में झड़पें देखने को मिल रही हैं। जिसके कारण केंद्र त्रिपक्षीय दृष्टिकोण पर काम कर रहा है ताकि युद्धरत मेइती और कुकी समुदायों को अशांत मणिपुर में स्थायी शांति के लिए एक मंच पर लाया जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने



स्पष्ट निर्देश दिया है कि हिंसा को तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए और पूर्वोत्तर राज्य में जल्द से जल्द शांति बहाल की जानी चाहिए। सरकार मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए त्रिस्तरीय दृष्टिकोण पर काम कर रही है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इनमें प्रभावित लोगों से बातचीत, बढ़ी सुरक्षा के साथ अपना घर छोड़ने वालों का पुनर्वास और उग्रवादियों पर नियंत्रण शामिल है। सूत्रों ने कहा, सरकार के सामने प्रमुख कार्य मैतेई और कुकी समुदायों के बीच विश्वास पैदा करना है।

### पुलिस बोली- बृजभूषण की गिरफ्तारी लायक सबूत नही

# पोक्सो में केस दर्ज कराने वाली रेसलर के बालिग होने का दावा

**रेवाड़ी (एजेंसी)।** रेसलर्स केस में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण को गिरफ्तार करने लायक सबूत अभी नहीं मिले हैं। इस मामले में एक और मोड़ आया है। जिस महिला पहलवान ने पाक्सो के तहत बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाया था, उसके बालिग होने का दावा किया जा रहा है।

**दिल्ली पुलिस ने क्या कहा :** सूत्रों के हवाले से बताया कि रेसलर्स ने बृजभूषण के खिलाफ जो आरोप लगाए हैं, उन्हें साबित करने के लिए सबूत अभी नहीं मिले हैं। बृजभूषण ना तो गवाहों को प्रभावित कर रहे हैं और ना ही सबूतों को



#### बृजभूषण पर दर्ज पॉक्सो एक्ट हट सकता है!

अगर पुलिस जांच में यह बात सही निकली कि आरोप लगाने वाली पहलवान नाबालिग नहीं बालिग है तो बृजभूषण पर दर्ज केस से पॉक्सो एक्ट हट जाएगा। ऐसे में उनके खिलाफ सिर्फ आईपीसी की धारा 354 का केस रह जाएगा। जिसमें तुरंत गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है।

#### बृजभूषण ने कहा- गलत हुआ तो गिरफ्तार हो जाऊंगा

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि आगे आगे देखिए होता क्या है। जांच तो करने दीजिए। अब तो हमारे हाथ में खेल है नहीं, दिल्ली पुलिस के हाथ में है। उन्हीं (पहलवानों) के निवेदन पर एफआईआर हुई है। अब हम उनकी क्या मदद कर सकते हैं। गंगा जी में मेडल डालने गए थे। गंगा जी के बजाय टिकैत को दे दिए। मेरा कार्यकाल पूरा हो चुका है। गिरफ्तारी के सवाल पर कहा कि अगर मैं गलत पाया गया तो गिरफ्तारी हो जाएगी।

मिटा रहे हैं। हम अगले 15 दिन में कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेंगे। हालांकि दिल्ली पुलिस ने इसके जवाब में पहले खंडन करते हुए कहा कि मामले की जांच अभी चल रही है। इसके बाद रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। इसके बाद बृजभूषण ने कहा कि अगर उनकी गलती निकली तो खुद फांसी पर लटक जाएंगे। इसके बाद अचानक दिल्ली पुलिस ने अपने खंडन वाले ट्वीट डिलीट कर दिए।

**पोक्सो केस में डेवलपमेंट :** सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने वाली पहलवान बालिग निकली है। ये पहलवान रोहतक की रहने वाली है। उसके स्कूल से मिले बर्थ सर्टिफिकेट के आधार पर उसके बालिग होने की पुष्टि हुई है। इसकी जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम रोहतक आई थी। उसके पिता ने इसे गलत करार दिया है। उनका दावा है कि उनकी बेटी नाबालिग है। रोहतक में नाबालिग पहलवान के चाचा बुधवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि बृजभूषण पर केस दर्ज करवाने वाली पहलवान भतीजी नाबालिग नहीं है। उन्होंने लड़की के जन्म से जुड़े प्रूफ भी दिखाए। चाचा ने कहा कि सरकारी नौकरी का लालच देकर उनकी भतीजी से इस तरह के आरोप लगवाए गए हैं। लड़की के पिता का कहना है कि वह लड़की का चाचा नहीं बल्कि ताऊ है। वह बड़ी बेटी के दस्तावेज दिखा रहा है। जिसकी पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने भी रोहतक आकर जांच की, जिसके बाद पहलवान के बालिग होने का दावा किया जा रहा है। वहीं नाबालिग लड़की के पिता ने कहा- 16 साल की उम्र में बेटी का रांची में शिविर के दौरान बृजभूषण ने शोषण किया था। मेरी 2 बेटियां और 1 बेटा था।

# महापौर, नगरपालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों की कार्यशाला आज,सीएम देंगे दिशा-निर्देश

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

निकाय निदेशालय मिनिस्टीरियल सेवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संदीप कुमार पांडे ने सामान्य नगर निर्वाचन के पश्चात नवनिर्वाचित नगर निगमों के महापौर नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला 1 जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान मे होगी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ तथा गरिमामय उपस्थिति ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री,ए के शर्मा मंत्री नगर विकास , राकेश राठौर गुरू राज्यमंत्री नगर विकास भी उपस्थित रहेंगे। आज 31 मई क मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व पूर्वाभास हेतु कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात की अध्यक्षता में सचिव नगर विकास रंजन कुमार ,निदेशक निकाय निदेशालय नेहा शर्मा ,अपर निदेशक रितु सुहास एवं नगर निगम लखनऊ के कई आला अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। 74 वें



संविधान संशोधन के बिंदुओं पर केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनों जिसमें अमृत, एसबीएम , स्मार्ट सिटी मिशन कान्हा गौशाला, स्वच्छ सर्वेक्षण पीएम स्वनिधी योजना ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर योजना, अंत्येष्टि स्थल आदि के बारे में विस्तार से बताया गया । निदेशालय के अध्यक्ष संदीप पांडे ने नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के नवनिर्वाचित महापौर अध्यक्षों को बधाई देते हुए उन सभी से अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार की तर्ज पर आप सभी को निकायों में अधिशासी अधिकारी,नगर आयुक्त के साथ मिलकर क्षेत्र की जनता के साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएंगे ।

प्रदेश के लाखों संविदा एवं आउटसोर्सिंग तथा पक्के कर्मचारियों की समस्याओं का निदान कराएंगे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटवाने, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के विनियमितीकरण कराने हेतु सरकार में सक्षम अधिकारियों एवं नगर विकास मंत्री मंत्री से वार्ता कर जल्द ही प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को इस समस्या से निजात दिलाएंगे । निदेशालय संघ अध्यक्ष संदीप कुमार पांडे ने नवनिर्वाचित महापौर एवं अध्यक्ष गणों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## केजीएमयू मे विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

लखनऊ । प्रत्येक वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में आज 31 मई को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल संकाय द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर डा भूपेंद्र सिंह द्वारा गेस्ट लेक्चर लिया गया। उन्होंने कहा तम्बाकू के सेवन से न केवल हम अपने आप को कठिनाई में डालते है बल्कि अपने परिवार को भी कठिनाई में डालते है। उन्होंने कहा यदि हम इसका उपभोग करते भी है तो अब इसे कम नहीं बल्कि पूर्ण रूप से समाप्त करना होगा। इसके लिए मजबूत इच्छा शक्ति की आवश्यकता रखनी होगी। तम्बाकू से 20 प्रकार से अधिक प्रकार का कैंसर होता है। समाज को इससे बचाने के लिए हम सब को एक हो के समाज में इसके दुष्परिणामो की जानकारी फैलानी होगी ,लोगो को जागरूक करना होगा।

# स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, फिर 100 मीटर तक घसीटती रही पति-पत्नी और दो बच्चे, चारों की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

> गुलाचीन मंदिर से करीब 100 मीटर पहले स्कूटी में टक्कर लगी। स्कूटी सवार सभी लोग स्कार्पियो के नीचे आ गए

राजधानी लखनऊ से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां अलीगंज में गुलाचीन मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने मंगलवार देर रात करीब 2 बजे स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद स्कूटी स्कार्पियो के नीचे फंस गई। स्कूटी सवार दंपति और दो बच्चे करीब 100 मीटर तक घिसटते रहे। इस हादसे में परिवार के चारों लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मामला लखनऊ के अलीगंज स्थित गुलाचीन मंदिर के पास का है। यहां 30 और 31 मई की दरमियानी रात लगभग 2 बजे तेज रफ्तार आ रही एक स्कॉर्पियो कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद स्कॉर्पियो कार सवार ने स्कूटी को करीब 100 मीटर तक घसीटा और अंत में कार एक खंभे से जा टकराई।

इस घटना की जानकारी मिलते ही विकास नगर थानाध्यक्ष शिवानंद मिश्रा फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूटी में फंसे दंपति और 2 बच्चों को निकाला। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दंपति और बच्चों को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कार्पियो टेढ़ी पुलिया की ओर से आ रही थी। गुलाचीन मंदिर से करीब 100 मीटर पहले स्कूटी में टक्कर लगी। स्कूटी सवार सभी लोग स्कार्पियो के नीचे आ गए। स्कूटी और लोग स्कार्पियो में फंसकर घिसट रहे थे। घिसटने की तेज आवाज आ रही थी। चिंगारियां निकल रही थीं। गनीमत रही कि आग नहीं लगी।

डीसीपी नॉर्थ जोन कासिम अब्दी ने बताया कि पुलिस ने स्कूटी ने नंबर के आधार पर चारों मृतकों के बारे में पता लगाने की कोशिश की। मृतक स्कूटी चालक की शिनाख्त सीतापुर निवासी राम सिंह के तौर पर हुई। अन्य मृतकों में राम सिंह की पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली रैली

लखनऊ। केसर नहीं कैंसर है इस के दाने दाने में-इस आवाहन के साथ विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के दिशा निर्देशन एवं नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से कैडेट्स ने यह समझाने का प्रयास किया कि तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाना नुकसानदायक है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट बीड़ी आदि का सेवन करने से अन्य व्यक्ति भी इसकी चपेट में आकर रोग ग्रस्त हो जाते हैं। तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटिन अत्यंत ही नुकसानदायक है इसके प्रयोग से हृदय रोग,कैंसर, फेफड़े संबंधी गंभीर रोग, लकवा जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। प्रत्येक वर्ष 8 मिलियन से ज्यादा व्यक्तियों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से होती है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए तथा निरंतर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने युवा कैडेट्स का आवाहन करते हुए कहा कि युवाओं पर देश का भविष्य निर्भर हैप् इसलिए उन्हें स्वयं इसका सेवन करने से बचना चाहिए एवं अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिएप् आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में जो अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है , ऐसे में शताब्दी वर्ष में देश की दशा और दिशा निर्धारित करने का दायित्व युवाओं पर है और जब युवा स्वस्थ होंगे तभी हमारा देश भी स्वस्थ एवं सुरक्षित तथा विकसित होगा। इस अभियान में सार्जेंट तनु सारस्वत, रिशिता सिंह, ज्योति उपाध्याय, अंजलि राय, सुप्रिया गोपाल, खुशी कन्नौजिया,रोशनी सिंह थापा, सुहानी, शुभांगी, खुशी त्रिपाठी, श्रेया गुप्ता, पल्लवी तिवारी, गीतांजलि, स्वीटी, प्रियंका यादव, दीपांशी, गौरवी आदि बड़ी संख्या में कैडेट्स सम्मिलित हुईं। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ जागरूकता अभियान का समापन हुआ।

### बिजली चेकिंग टीम पर हमला,जेई के सिर में लगी चोट

लखनऊ, । बीकेटी के डिगुरिया गांव में बिजली चेकिंग करने गई टीम पर लोगों ने हमला बोल दिया। हमले में जेई के सिर में चोट आई और करीब 7 टांके लगे हैं। हमला करने के बाद लोग भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और लेसा हमला करने वालों के बारे में जानकारी कर रही है। वहीं हमले की घटना के बाद लेसा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की बात कही। लेसा सूत्रों ने बताया कि टीम पहले बीकेटी के डिगुरिया गांव पहुंची थी। जानकारी मिली थी कि यहां नियमों को ताख पर रख बिजली चोरी हो रही है। अभियान का नेतृत्व न्यू कैंपस उपकेंद्र के जेई अंकुश मिश्रा कर रहे थे। वह अभियान के दौरान चेकिंग करने गांव पहुंचे तो लोगों ने उनको घेर लिया। इसके बाद नारेबाजी करने के साथ वापस लौटने की चेतावनी दी। इस दौरान लेसा टीम से उनकी बहस होने गली। तभी धार- धार हथियारों से इलाके के लोगों ने टीम से हमला कर दिया। इसमें जेई के सिर पर काफी चोट आई। घटना के बाद जब मौके पर पुलिस पहुंची तो सब फरार हो गए। किसी भी आरोपी को अभी तक नहीं पकड़ा जा सका है। दूसरी तरफ जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर लेसा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की धमकी दी है। घायल जेई को ब्राइट अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां अभी उनका इलाज चल रहा है। लखनऊ में इससे पहले भी जेई पर हमला हो चुका है। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व नादरगंज इलाके में भी रात को बिजली कटने से नाराज उपभोक्ताओं ने लेसा टीम पर हमला कर दिया गया है।

### उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ मिला महापौर सुषमा खर्कवाल से बताई समस्या

लखनऊ । उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ महानगर लखनऊ द्वारा महापौर सुषमा खर्कवाल से शिष्टाचार मुलाकात की गयी। संघ के अध्यक्ष राहुल बाल्मीकि, उपाध्यक्ष दीपक सोनकर शैलू, दिलीप वाल्मीकि, करन चौधरी, राजेन्द्र बाल्मीकि, अभिषेक बाल्मीकि ने अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया गया। महापौर ने समस्त बिन्दुओं को लिखित रूप में देने एवं एक अन्य दिवस निर्धारित कर बैठ कर वार्ता करने की बात कही गयी।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 8 छात्रों का इंफोसिस कंपनी में हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 8 छात्र-छात्राओं का इंफोसिस कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहां की हम छात्रों के समग्र विकास का लक्ष्य रखते हैं और विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान कर रहा हैं।

## सूचना

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (उ0प्र0) लखनऊ के गीत एवं नाटक प्रभाग से पंजीकृत संख्या 620 / 12 है तथा रामशंकर सेवा समिति पारा सराय गोंडा के नाम से दल पंजीकृत था किंतु ग्रुप लीडर राम शंकर यादव पुत्र हरि भजन यादव के निधन 08/04/2023 के पश्चात हम सभी सदस्य गण सर्वसम्मति से विष्णु प्रताप यादव को अपना नया ग्रुप लीडर नियुक्त करते हैं इस संबंध में शपथ पत्र भी दिया गया है कि शिव शंकर यादव, विष्णु प्रताप यादव ,राजित राम , कपिल देव यादव, एवं रामराज गौतम समस्त के द्वारा ग्रुप लीडर विष्णु प्रताप यादव पुत्र स्वर्गीय राम शंकर यादव को अपना ग्रुप लीडर नियुक्त करते हैं सदस्यगण रामशंकर सेवा समिति पारा सराय गोंडा मोबाइल नंबर 94540 24 667 / 9628 24 7009

# यूपी के 71 निजी आईटीआई संस्थानों के खिलाफ मुकदमा

> 58 संस्थाओं को किया गया ब्लैक लिस्ट, 22.99 करोड़ का हुआ था छात्रवृत्ति घोटाला

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी के 71 निजी आईटीआई संस्थानों के खिलाफ समाज कल्याण विभाग ने बुधवार को मथुरा में मुकदमा दर्ज कराया। है। निदेशालय की गठित टीम तीन महीने से जांच कर रही थी। साल 2015-16 से 2019-20 तक 22.99 करोड़ का छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति घोटाला हुआ था। जांच में सामने आया कि दूसरे छात्रों के साथ-साथ परीक्षा में न बैठने वाले छात्रों व स्वीकृत सीटों से अधिक संख्या में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति लिया गया था। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा कानपुर नगर कर रही है। वहीं, मथुरा में ही 13 अन्य शिक्षण संस्थानों ने निदेशालय के अभिलेख तैयार करके उच्च न्यायालय में लाभ लेने के लिए रिट दाखिल की थी।।जांच में दोषी पाये जाने पर इनके खिलाफ भी केस दर्ज कराया जाएगा। जबकि में 58 शिक्षण संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। मामले में सभी ब्लैक लिस्टेड संस्थाओं से वसूली की कार्रवाई की जाएगी। मामले में राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति पर सरकार कार्य कर रही है। घोटाले के आरोपी संस्थान और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम के निरीक्षण के बाद मथुरा में केस दर्ज कराया गया है।

# सहकारिता मंत्री ने 34 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आज पीसीएफ सभागार में पीसीएफ के 34 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर जेपीएस राठौर ने सभी नव नियुक्त कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग मेहनत एवं लगन से कार्य करें तथा किसी को भी शिकायत का मौका न दें। सभी बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करें तथा विभागीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा है कि सभी मृतक आश्रितों को शीघ्र से शीघ्र नौकरी दी जाये, इसी क्रम में आज आप सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री की ''सहकार से समृद्धि'' की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इसमें सबका सहयोग अत्यंत आवश्यक है। पीसीएफ के 27 सहयोगी पद तथा 7 कनिष्ठ सहायक पद हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष में प्रदेश के सर्वाधिक व्यवसाय करने वाले 5 कृषक सेवा केन्द्र प्रभारियों को प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।




सम्मानित होने वाले केन्द्र प्रभारियों में मऊरानी कृषक सेवा केन्द्र, झांसी के केन्द्र प्रभारी सुशील कुमार, भटरौली, अलीगढ़ के विनय कुमार, चिरगांव, झांसी के यदुनाथ सिंह, अरौल, कानपुर नगर के जावेद सईद तथा उत्तरीपुरा कृषक सेवा केन्द्र, कानपुर नगर के केन्द्र प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव शामिल हैं। इस अवसर पर पीसीएफ के सभापति बाल्मीकि त्रिपाठी ने कहा कि जून 2022 में वार्ड की प्रथम बैठक में ही निर्णय ले लिया गया था। सभी मृतक आश्रितों को शीघ्र से शीध्र नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। आज 34 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिये जा रहे हैं, शेष को भी नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जायेगी। प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा ने नियुक्ति पत्र पाने वालों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग मेहनत से कार्य करें, अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो उन्हें अवगत करायें। इस अवसर पर प्रबंध समिति पीसीएफ के सदस्य, प्रबंध निदेशक, पीसीएफ मासूम अली सरवर, कार्यकारी निदेशक आलोक दीक्षित उपस्थित रहे। पीसीएफ के उपसभापति रमाशंकर जायसवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री योगी ने 15 जून तक बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां पूरी करने का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा केदष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि 15 जून तक बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां पूरी कर लें। विशेष बैठक में बाढ़ की दष्टि से अतिसंवेदनशील,संवेदनशील जिलों के जिलाधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभगिता की और अपनी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 06 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर समन्वय, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।जन-धन की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए 2017-18 से अब तक 982 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की गईं। इसमें 282 परियोजनाएं अकेले वर्ष 2022-23 में पूरी की गई हैं। वर्तमान में 265 नई परियोजनाएं, 07 ड्रेजिंग संबंधी परियोजना और पूर्व से संचालित 140 परियोजनाओं सहित कुल 412 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। यह सुखद है कि इनका 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

अवशेष कार्य नियत समय के भीतर पूरा करा लिया जाए। प्रदेश में बाढ़ की दष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं।कहा कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। सभी 780 बाढ़ सुरक्षा समितियाँ एक्टिव मोड में रहें। अति संवेदनशील तथा संवेदनशील तटबंधों का जिलाधिकारी स्वयं निरीक्षण कर लें।भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, पशुपालन, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। केंद्रीय एजेंसियोंध्विभागों से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। यहां से प्राप्त आंकलनध्अनुमान रिपोर्ट समय से फील्ड में तैनात अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। भारत सरकार की एजेंसियों की मदद से आकाशीय बिजली के सटीक पूवार्नुमान की बेहतर प्रणाली के विकास के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ से सुरक्षा के लिए विभिन्न नदियों पर 3869 किमी लंबाई वाले 523 तटबंध निर्मित हैं। बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी तटबंधों की सतत निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के प्रति अतिसंवेदनशील तटबन्धों जैसे गोरखपुर में राप्ती नदी पर निर्मित बढ़या-कोठा तटबंध, गाहासाड़-कोलिया एवं बोक्टा-बरवार तटबंध, जनपद बलिया में गंगा नदी पर दूबे छपरा-टेंगरही तटबंध एवं सरयू नदी पर निर्मित तुर्तीपार-श्रीनगर तटबंध, कुशीनगर में बड़ी गंडक नदी पर एपी तटबंध एवं अमवाखास तटबंध, देवरिया ने गोर्रा नदी पर पाण्डेयमाझा-जोगिया तटबंध, गोण्डा में सरयू नदी पर निर्मित सकरौर-भिखारीपुर तटबंध एवं एल्गिन ब्रिज-चरसरी तटबंध, जनपद बहराइच में सरयू नदी पर निर्मित बेल्हा-बेहरौली तटबंध एवं रेवली आदमपुर तटबंध, जनपद बस्ती में सरयू नदी पर निर्मित कटरिया- चांदपुर तटबंध एवं कलवारी - रामपुर तटबंध, बाराबंकी में सरयू नदी पर निर्मित अलीनगर-रानीमऊ तटबंध, बलरामपुर में राप्ती नदी पर निर्मित बलरामपुर- भड़रिया एवं राजघाट तटबंध, बस्ती में कटरिया-चांदपुर तटबंध, चांदपुर-गोरा तटबंध, कलवारी-रामपुर तटबंध, विक्रमजोत-घुसवा तटबंध एवं काशीपुर-दुबौलिया तटबंध, बाराबंकी में सरयू नदी पर अलीनगर-रानीमऊ तटबंध और रामपुर में कोसी नदी पर लालपुर रुहेला तटबंध पर मरम्मत के समस्त कार्य पूर्ण करा लिए जाएं। कहा कि हमें बाढ़ के साथ-साथ जलभराव के लिए भी ठोस प्रयास करना होगा। जिलाधिकारीगण स्वयं रुचि लेकर जलभराव से बचाव के लिए व्यवस्था की देखरेख करें। प्रत्येक दशा में 30 जून तक नालों आदि की सफाई का कार्य पूर्ण करा ली जाए।

> प्रदेश में बाढ़ की दष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं

# लखनऊ विश्वविद्यालय में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

> फैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि 9वें योग दिवस के आयोजन के क्रम में कई प्रकार की संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन प्रस्तावित है

लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकेल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में वृहद स्तर पर 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंस विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित किया गया है। आज योग फैकल्टी के सेमिनार हॉल में प्राणायाम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री कृष्ण कुमार शुक्ल ने योग एवं प्राणायामो की उत्पत्ति, दर्शन, प्रकार एवम प्राणायाम के प्रविधियों को विस्तार से बताया ।शुक्ल ने कहा कि अनुलोमविलोम मन में निश्चलता लाता है एवं शांति प्रदान करता है। साथ ही एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। यह जीवन शक्ति बढ़ाता है, एवं तनाव तथा चिंता के स्तर को कम करता है। शीतली प्राणायाम का अभ्यास रक्त को शुद्ध करने में मदद करता है। उच्च रक्तचाप वाले व्यक्तियों के लिए यह विशेष लाभप्रद है। यह भूख और प्यास को भी कम करता है तथा यह अपच से मुक्ति व पित्त से उत्पन्न विकारों को दूर करने में सहायक है। यह त्वचा तथा नेत्र रोगों के लिए भी लाभदायक है। भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास तनाव से मुक्त करता है और चिंता, क्रोध तथा अति सक्रियता को घटाता है। इसका प्रभाव तंत्रिका तंत्र तथा मस्तिष्क के लिए लाभकारी होता है। यह एकाग्रता एवं ध्यान के लिए उपयोगी प्राणायाम है। प्राणायाम के नियमित अभ्यास जीवन को गति एवं स्वास्थ्य प्रदान करता है ।फैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि 9वें योग दिवस के आयोजन के क्रम में कई प्रकार की संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन प्रस्तावित है। ये कार्यशालाएं विद्यार्थियों एवं जन सामान्य के लिए उपयोगी हैं। डीन प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. सुधीर मिश्रा, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा तथा डॉ. रामनरेश उपस्थित थे। सेमिनार के दौरान भारी संख्या में छात्र, अध्यापक तथा योग साधक मौजूद थे।

# केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लखीमपुर खीरी में नेहरु युवा केंद्र द्वारा प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

नेहरु युवा केंद्र द्वारा लखीमपुर-खीरी में आयोजित युवा उत्सव-इंडिया कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ द्वारा ''नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण'' विषय पर पण्डित दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कालेज, गोला रोड, लखीमपुर खीरी में चित्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया।प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने किया। सदर विधायक योगेश वर्मा और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रदर्शनी को देखने के लिये स्कूली विद्यार्थियों समेत सैकड़ो लोगो मौजूद रहे। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुये केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि मोदी जी ने गरीब से गरीब व्यक्ति को घर, बिजली, गैस व स्वास्थ्य बीमा जैसी कई बुनियादी सुविधाएं देकर उनके जीवनस्तर को उठाया है। यह वर्ग पहली बार अपने आप को देश की विकास यात्रा से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। देश ने पहली बार ग्रामीण व शहरी भारत का समानांतर विकास देखा है। मोदी सरकार के 9 वर्ष सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के 9 वर्ष रहे हैं। आज एक ओर मोदी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और विश्व में गौरव के नए आयाम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने विकास व गरीब कल्याण के नए मापदंड स्थापित किये हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के नौ वर्ष सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के नौ वर्ष रहे हैं। एक ओर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और विश्व में गौरव के नए आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने विकास व गरीब कल्याण के नए मापदंड स्थापित किये हैं। प्रदर्शनी में केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा ' 'नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण' विषय पर प्रचार साहित्य व पुस्तक का वितरण भी किया गया। कल्याणकारी योजनाओं को जानने का रुझान देखा गया। कई विद्यार्थीओं ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, स्टैंड अप योजना के बारे में जाना तथा सम्बन्धित अधिकारियों से भविष्य में इससे मिलने वाले लाभ के बारे में भी जाना। महिला विद्यार्थीओं ने नारी शक्ति से जुड़ी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में जाना। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विकास और गरीब कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों, योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों से जुड़े पैनल के साथ सांस्कृतिक, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

# बीजेपी सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▸ महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त जनता भाजपा के खिलाफ मतदान का मन बना चुकी है। नगरीय क्षेत्रों में भाजपा सरकार ने व्यापारियों का जिस तरह से उत्पीड़न किया है, उससे पूरा व्यापारी समाज आहत है और भाजपा के आतंक और उत्पीड़न को भूला नहीं है



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश की जनता भाजपा के झूठे वादों और धोखे से ऊब चुकी है। इस बार जनता नगर निगम चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ कर देगी। प्रदेश के नगरों में जन समस्याओं का अंबार है। न सफाई है न जन सुविधाएं हैं। भाजपा झूठे वादे करती है, जनता भाजपा की षड्यंत्रकारी नीतियों को समझ चुकी है। नगर निकायों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट के लिए भाजपा जिम्मेदार है। महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त जनता भाजपा के खिलाफ मतदान का मन बना चुकी है। नगरीय क्षेत्रों में भाजपा सरकार ने व्यापारियों का जिस तरह से उत्पीड़न किया है, उससे पूरा व्यापारी समाज आहत है और भाजपा के आतंक और उत्पीड़न को भूला नहीं है। व्यापारी समाज इस बार भाजपा को नगर निगम से बाहर का रास्ता दिखाकर अपने अपमान का बदला लेगा।केंद्र में 9 साल से और 6 साल से प्रदेश में सरकार में काबिल भाजपा ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया। कभी डबल इंजन तो कभी ट्रिपल इंजन सरकार के नाम पर जनता को धोखा देने के लिए नए-नए शब्द और नारे गढती है। प्रदेश की जनता जानती है कि भाजपा ने भ्रष्टाचार और लूट के अलावा कुछ नहीं किया। उसके पास नगरों के विकास का कोई रोड मैप नहीं है। बजट का बंदरबांट और लूट करना ही इनका एकमात्र उद्देश्य रहता है। स्मार्ट सिटी के नाम पर उत्तर प्रदेश में जनता के पैसे का जिस तरह का भ्रष्टाचार और लूट हुआ है उसकी दूसरी मिसाल मिलना मुश्किल है।बजट के हजारों करोड़ रूपए का बंदरबाट हो गया लेकिन भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में एक भी शहर को स्मार्ट सिटी नहीं बना पाई। स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत बदहाल है, स्थिति यह है, कि मौसमी बीमारियों में भी हजारों लोगों की मौत हो जाती है। साफ-सफाई के अभाव में मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से होने वाली मौतों की तो कोई गिनती ही नहीं है।भाजपा सरकार के कार्यकाल में जिन परिवारों ने अपने लोगों को खोया है वह भाजपा के कुशासन के खिलाफ वोट करेंगे। सरकार दवा और इलाज उपलब्ध नहीं करा पाती। अब समय आ गया है कि जनता भाजपा के भ्रष्टाचारियों और बेईमानों को हमेशा के लिए सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दे। नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और उसके नेता कन्फ्यूज है। या तो मुख्यमंत्री को पता ही नहीं है कि नगर निकाय चुनाव में क्या मुद्दे होते हैं या वे जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे मुद्दों पर बात करते हैं जिनका नगर निकाय चुनाव से कोई मतलब नहीं है।

# हर जिले के पांच स्कूल जल जीवन मिशन के बनेंगे शिक्षा भागीदार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

अब प्रदेश के शैक्षिक संस्थ्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के सहभागी बनकर लोगों को जल से जुड़ा पाठ पढ़ाएंगें। उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक जनपद में पांच स्कूलों को बतौर एजुकेशन पार्टनर के रूप में चयनित किया जाएगा। सरकारी एवं गैर सरकारी चयनित स्य्कूल जल जीवन मिशन में शिक्षा भागीदार की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगें। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और लोगों को जल जीवन मिशन व मिशन से जुड़े कार्यों की छोटी से छोटी जानकारी मिल सके इसके लिए वन डिस्ट्रिक्ट फाइव एजुकेशन पार्टनर की रणनीति का खाका तैयार कर लिया है। वन डिस्ट्रिक्ट फाइव एजुकेशन पार्टनर कार्यक्रम में यूपी के 75 जनपदों से पांच स्कूलों को चयनित कर जल जीवन मिशन, जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़ी जानकारी उनके साथ समय समय पर साझा की जाएगी। जल जीवन मिशन के तहत एजुकेशन पार्टनर्स को जल के क्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी। जिससे ये स्कूल कार्यक्रमों में अपनी पूरी सहभागिता देते हुए समाज के सभी वर्गों तक जल संरक्षण व जल संर्वधन, जल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी व प्रदेश सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देंगें। प्रदेश भर के लगभग 375 एजुकेशन पार्टनर्स के छात्रों और शिक्षकों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से अपशिष्ट जल का इलाज कैसे किया जाता है, पानी का नियमित परीक्षण कैसे किया जाता है और तकनीकि पहलूओं की जानकारी दी जाएगी। स्कूलों में शिक्षक छात्रों को जल व इस मिशन से जुड़ी जानकारी देते हुए उन्हें जल संरक्षण व जल संवंर्धन के लिए प्रेरित करेंगे। जिसके बाद ये एजुकेशन पार्टनर्स जल जीवन मिशन के तहत जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जल का पाठ पढ़ाएंगें। स्वतंत्र देव सिंह, जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन योजना जहां ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का काम कर रही है। वहीं जल संरक्षण और जल संचयन का संदेश देने के लिए समाज के हर वर्ग के बीच जल जागरूकता फैलाने का भी अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जल ज्ञान यात्रा कार्यक्रम भी बच्चों को जल की कीमत बताने के साथ उनके अंदर जल बचाने की चेतना को जगाने का कार्य करेगी। बच्चे कल का भविष्य हैं और उनको यह बताना जरूरी है कि जल है तो कल है। जल बिना जीवन नहीं है, इन भावों को जगाने के लिए प्रदेश के शैक्षिक संस्थ्थानों का आगे बढ़कर योगदान देना बहुत ही सराहनीय कदम है।

## बेहाल विद्युत व्यवस्था से हर वर्ग परेशानः रालोद

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली संकट जारी है और लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। बेहाल विद्युत व्यवस्था और अघोषित बिजली कटौती से कोई एक वर्ग परेशान नहीं है। इसमें व्यापारी किसान और आम जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस समय खेतों में अधिकतर मक्के की फसल खड़ी है और मक्के की फसल को अधिकतम पानी की आवश्यकता होती है। सिंचाई के जो भी साधन उपलब्ध होते हैं, उनमें विद्युत आवश्यक रूप से चाहिए होती है। ऐसे में अघोषित विद्युत कटौती और 2-3 दिन लगातार बिजली गुल रहने के चलते, किसानों की फसलें सूख रहीं हैं और किसान बेचारे बर्बाद हो रहे हैं। अघोषित विद्युत कटौती से मध्यमवर्गीय व्यापारी भी परेशान क्योंकि मध्यमवर्ग का व्यापारी पूरी तरह से विद्युत पर निर्भर होता है।

## खबरें एक नजर में

### प्रत्येक जोन में एक मॉडल वेंडिंग जोन बनाऐगा नगर निगम

लखनऊ । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाये रखने के उद्देश्य से समय समय पर अभियान चला कर कार्य कराए जाते हैं। उसी क्रम में इस दरमियान एक और अभियान की शुरुआत विगत एक सप्ताह पूर्व की जा चुकी है। जिसके तहत जोन 01 में मौजूद चटोरी गली के वेंडिंग जोन को चिन्हित कर उसे आदर्श वेंडिंग जोन बनाये जाने की कवायद जारी है। इस अभियान को सफल बनाने का जिम्मा नगर निगम की आई.ई. सी. टीम को दिया गया है।जिसके तहत अभी तक 50 फीसदी तक कार्य को पूर्ण किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार आई.ई. सी. ने शहर के हर जोन में एक आदर्श वेंडिंग जोन बनाने का संकल्प लिया है। एक आदर्श वेंडिंग जोन बनाये जाने की रणनीति के तहत हर दुकान के पास अपने दो डस्टबिन होंगे, जिनमें वह गिला एवं सुखा कूड़ा अलग अलग रखेंगे। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का कम से कम या बिल्कुल भी इस्तेमाल ना करने के लिए उन्हें निरंतर जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ ही वेंडिंग जोन में कही भी किसी भी प्रकार कूड़ा ना दिखने व आस पास साफसफाई बरकरार रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने हेतु नगर निगम की आई.ई. सी. टीम के द्वारा एक सप्ताह से प्रतिदिन 1090 पर स्थित चटोरी गली में जाकर वहां के ठेले वालों को 2 डस्टबिन रखने हेतु निवेदन किया जा रहा है। कचरा पृथक्करण से होने वाले फायदों एवम उससे वातावरण को होने वाले फायदों से उन्हें अवगत किया जा रहा है। शहर के नालों के चोक होने के सबसे बड़े कारण ष्सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का बहिष्कार करने हेतु भी सभी वेंडर्स से निवेदन किया जा रहा है। वेंडिंग जोन से निकलने वाले सूखे कूड़े को रोजाना एकत्रित कर मैटेरियल रिकवरी फेसिलिटी के माध्यम से प्रोसेस किया जा रहा है और गीले कूड़े से खाद बनाई जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समस्त जोनों में बनाये जा रहे मॉडल वेंडिंग जोनों की तर्ज पर शहर के सभी वेंडिंग जोनों को विकसत करने का है। जब तक यह उद्देश्य पूर्ण नही होगा तब तक निरंतर यह आदर्श वेंडिंग जोन अभियान युद्ध स्तर पर जारी रहेगा।

### मंण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण की अवस्थापना विकास निधि की बैठक सम्पन्न

लखनऊ। लखनऊ मंडलायुक्त डा रोशन जैकब ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की अवस्थापना विकास निधि के अर्न्तगत स्वीकृत व प्रस्तावित विकास कार्यो के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक मसऊद हाल द्वितीय तल लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अवस्थापना विकास निधि से वर्ष के अर्न्तगत कराये जाने वाले कार्यों कानपुर रोड़ से एयरपोर्ट होते हुए रायबरेली रोड़ तक विभिन्न स्थलों पर सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य, सआदत अली खां का मकबरा हजरतगंज लखनऊ के परिसर की बाउण्ड्रीवाल की रेलिंग की मरम्मत व पेन्टिग का कार्य, शहीद पथ एवं अनय महत्वपूर्ण स्थानों पर औद्यानिक सुदृढ़ीकरण एवं इससे सम्बन्धित सिंचाई व अन्य कार्यो की जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने बताया कि कठौता चौराहे से मंत्री आवास तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य 5 करोड़ की लागत से कराया जायेगा। मंण्डलायुक्त ने बैठक के दौरान नगर निगम के मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिये कि विभूति खण्ड में पुलिस इन्क्लेव एवं वन विभाग कालोनी के मध्य सेन्ट्रल वर्ज स्थित क्षतिग्रस्त ब्रिक वर्क नाले को कवर्ड करते हुए आरसीसी नाले का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये।

# नौकरशाहों ने भू-माफियाओं को बेच दी 110 बीघा जमीनः मंजीत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इकबाल समाप्त हो गया और नौकरशाही मनमानी पर आमादा है। इसी का परिणाम है कि डिफेंस कॉरिडोर मिसाइल निर्माण इकाई के लिए पहचान बन चुके सरोजनीनगर के भटगांव की करीब 110 बीघा जमीन अधिकारियो ने राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर भूमाफियाओ को वेच दिए जाने का मामला प्रकाश में आने से यह स्पष्ट हो गया है कि व्रत सरकार के नियंत्रण में नौकरशाही नही और न कोई सरकार का भय सरकार के भृष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की धज्जियां उडाते हुए यह कदम नौकरशाही ने उठाया अब लीपापोती करने की नियत से जॉच प्रयागराज कमिश्नर को सौपी जा रही है । गौरतलब है कि सरोजनीनगर के भटगांव में 52 किसानो को 110 बीघा जमीन पटटे पर दी गई हैरत की बात यह है कि इन किसानो के पक्ष में रिकार्ड में कोई पटटा आदेश नही होने के बाद भी सांठगांठ से इन जमीनो को असंक्रमणीय से संक्रमणीय में दर्ज कर दिया गया। इसके बाद यह जमीने भू माफियाओं को बेच दी गई। डिफेंस कॉरिडोर आने पर यूपीडा से भारी भरकम मुआवजा भी भूमाफियाओं ने ले लिया। यह मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में दो वर्ष से है तथा शासन को भी समय समय पर जानकारी होती रही लेकिन अभी तक सिर्फ मामले को रफा दफा करने की तैयारी ही चल रही है क्या सरकार को किसी निष्पक्ष एजेंसी से अब तक इस मामले में जांच नही करानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ ।प्रदेश प्रवक्ता वेद प्रकाश शास्त्री ने बताया कि इस मामले में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह द्वारा संज्ञान लिया गया है जल्द ही एक प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे प्रकरण पर निष्पक्ष व समयबद्ध ढंग से जांच एवं कार्यवाही की मांग करेगा। कार्यवाही न होने की दशा में रालोद लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा।



थाना अमीनाबाद में मौलवी गंज चिकमंडी अमीनाबाद बाजार में भारी पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था के मद्देनजर हुआ रूट मार्च

# प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार ने शुरू किया कार्य

▸ निर्वाचित प्रतिनिधि नगर विकास विभाग परिवार के बने अंग
▸ नगर विकास के कार्यों, योजनाओं व क्रियाकलापों के प्रति अभिरुचि पैदा करने के लिए कार्यशाला आज
▸ कार्यशाला में 762 निकायों के चुने हुए प्रतिनिधि एवं अधिकारी करेंगे प्रतिभाग
▸ नगरो को वैश्विक नगर बनाने की परिकल्पना की ओर आगे बढ़ेंगे: शर्मा

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** । प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है और कार्य भी शुरू कर दिया है। नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने शपथ लेकर नगर विकास विभाग परिवार के अंग बन चुके हैं। इन प्रतिनिधियों में नगर विकास के कार्यों, योजनाओं व क्रियाकलापों के प्रति ललक, अभिरुचि पैदा करने के लिए, उन्हें योजनाओ की जानकारी देने साथ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संकल्पों, अपेक्षाओं व विजन को पूरा करने के लिए 01 जून को ऐतिहासिक कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया है। यह पूरे देश एवं प्रदेश की ऐसी पहली कार्यशाला होगी, जिसमें किसी प्रदेश के 762 निकायों के चुनें हुए प्रतिनिधि एवं अधिकारी भाग लेंगे। इसमें नगर निगमों के मेयर, नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों के चेयरमैन शामिल होंगे। निकायों के अन्य प्रतिनिधि भी कार्यशाला से वर्चुअल जुड़ेंगे। इस प्रकार पूरे प्रदेश से इस ऐतिहासिक कार्यशाला में 02 हजार से अधिक लोगो की उपस्थित रहेंगी।श्री शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में नगर विकास के कार्यों व कार्यप्रणाली के जानकार विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री के आशीर्वाद के साथ ही दोनों उप मुख्यमंत्रियों का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मुझे विश्वास है कि नव निर्वाचित प्रतिनिधियों के नेतृत्व में प्रदेश का नगरीय क्षेत्र बहुत ही ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। साथ ही नगरों की साफसफाई, सुंदरीकरण सहित ही बेहतर व्यवस्थापन को सुदृढ़ करते हुए, नगरो को वैश्विक नगर बनाने की परिकल्पना की ओर आगे बढ़ेंगे।नगर विकास मंत्री ने कहा कि नगर किसी देश व प्रदेश का आईना होते है, जिसको देखकर ही लोग वहॉ की वास्तविकता के बारे में अंदाजा लगाते हैं। नगर अर्थव्यवस्था के चालक होते हैं। हमारे प्रदेश के लगभग 65 प्रतिशत जीडीपी में नगरों का योगदान है। नगर तकनीकी विशेषज्ञों, वोकेशनल्स व वैज्ञानिकों को आश्रय देते हैं और इसके लिए वातावरण भी पैदा करते हैं। नगरों में मजदूरों व कामगारों को रोजगार मिलता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए हर प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराते हैं। इसमें शिक्षा, सुरक्षा, अरोग्य की सुविधा मिलती है। इन सभी व्यवस्थाओं के संचालन में नगरों की बहुत बड़ी भूमिका है। इसको और सुदृढ़ व व्यवस्थित करने के लिए हम सभी को वैज्ञानिक रूप से नई तकनीकी का प्रयोग करते हुए नगरों को और उपयोगी बनाना होगा। नगर इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि ये हमारी सुरक्षा, समृद्धि के द्योतक हैं। इसलिए हमें नगरों का व्यवस्थापन बहुत अच्छे से करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूँ कि जो भी प्रतिनिधि निकाय चुनाव में अभी चुने गये हैं, वे चाहें मेयर हों, चेयरमैन हो, सभासद या पार्षदगण हों। सभी लोग नगरों के व्यवस्थापन में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। आने वाले समय में बरसात के मौसम में नागरिकों को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए समय से नाले नालियों की सफाई, सभी वार्डों की नियमित साफसफाई कराने एवं इन सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग महत्वपूर्ण कार्यों में है।

# शायर मुनव्वर राणा फिर से वेंटिलेटर पर किए गए शिफ्ट

**लखनऊ ।** लखनऊ के अपोलो मेडिक्स अस्पताल के भर्ती मुनव्वर राणा को एक बार फिर वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। बुधवार को उनकी हालत बिगड़ गई। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम आईसीयू में ही उनका इलाज कर रही है। डॉक्टरों की माने मुनव्वर अभी स्टेबल हैं। उनकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। लगातार उनकी निगरानी की जा रही है। बेस्ट पॉसिबल इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इससे पहले 22 मई की शाम करीब 6 बजे उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया था। 23 मई को उन्हें वेंटिलेटर से हटाया गया था। 22 मई को मुनव्वर राणा को बेहद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। जांच के दौरान उनके गाल ब्लैडर में पस मिला, जिसका इंफेक्शन शरीर के अन्य भागों समेत ब्लड में भी पहुंच गया था। अगले ही उनकी सर्जरी की गई। करीब 5 से 6 घंटे चली सर्जरी के बाद से उन्हें आईसीयू वार्ड में वेंटिलेटर पर रखा गया। सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने अगले 48 से 72 घंटे उनके लिए बेहद अहम बताए थे। इस बीच डॉक्टरों के मुताबिक उनकी तबियत लगातार नाजुक बनी हुई है। अभी स्थिर है। मुन्नवर राणा पहले से ही गंभीर किडनी रोग की चपेट में हैं। लंबे समय से उनका डायलिसिस किया जाता रहा हैं। इसके अलावा डायबिटीज और हाई बीपी की भी समस्या हैं। डॉक्टरों के मुताबिक पहले से इन समस्याओं के अलावा उम्र ज्यादा होने के कारण भी शरीर इलाज पर देर से रिस्पांस दे रहा हैं पर उन्हें बेस्ट पॉसिबल मेडिकल सुविधा मुहैया कराई जा रही हैं। पिता की तबियत बिगड़ने के बाद मुन्नवर राणा की बेटी और सपा नेता सुमैया राणा ने ट्वीट कर पापा के लिए दुआ करने की अपील की थी। सुमैया राणा ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा, कृपया मेरे पापा के लिए प्रार्थना करें। मुनव्वर राणा जो आईसीयू में हैं, घातक बीमारियों से लड़ रहे हैं। पापा के लिए दुआ करें...।

# बिजली चोरी रोको अभियान को और प्रभावी बनायें: एम. देवराज

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उ0प्र0 पावर कारपोरेषन अध्यक्ष एम0 देवराज ने आज मिर्जापुर में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेष की विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिये चलाये जा रहे विद्युत चोरी रोको अभियान को और प्रभावी बनायें।

उन्होंने कहा कि जितनी बिजली दे उतना राजस्व वसूलने एवं बिजली चोरी रोक कर ही प्रदेष की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है। मिर्जापुर क्षेत्र के विद्युत अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि विद्युत निगमों का घाटा लगातार बढ़ रहा है। वह एक लाख करोड़ से ज्यादा है। भारत सरकार ने नियम कड़े कर दिये है। बिजली आपत भी खरीद सकते हैं जब आप समय से मूल्य अदा करेंगे। 10 लाख उपभोक्ता ने वरपेड हैं प्रदेष में उसे कम करना है। मिर्जापुर में 10 लाख उपभोक्ता हैं। माईक्रो लेविल पर मानीटरिंग करिये तभी राजस्व बढ़ेगा। बिल सही हो। समय पर वितरण करिये। बिल गलत है तो जमा नहीं करेंगे। रीडिंग का सही बिल सबको मिले। यह अवर अभियन्ता, उपकेन्द्र अधिकारी और अधिषाषी अभियन्ता की जिम्मेदारीहै।फर्जीबिलिंग न हो। बिल रिवीजन जहॉ ज्यादा हो उसको भी चेक करिये। ट्रांसफार्मर का रखरखाव ठीक से करिये। तेल की कमी न हो। ओवर लोडिंग न हो। नया कनेक्षन देने के पूर्व ओंवर लोडिंग न बढ़े यह सुनिष्चित करिये। पिछले महीने 1400 ट्रांसफार्मर प्रतिदिन फुक रहा था अब आधे पर आ गया है। जो भी बड़े बकायेदार हैं उनकी बिजली काटिये। यदि बिजली का मूल्य नहीं वसूला जायेगा। तो बिजली व्यवस्था कैसे चलेगी। सभी लोग विद्युत निगमों को प्राफिट में लाने हेतु ईमानदारी एवं मेहनत से कार्य करें। यदि किसी की लापरवाही से ट्रांसफार्मर जलेगा तो उसी से वसूली होगी।

ट्रांसफार्मर न जलें इसके लिये सावधानी बरतिये। बकायेदारों के कनेक्षन काटने पर बिना बकाया राषि जमा किये ही पुनः कनेक्षन जोड़ने के प्रकरण पर कड़ा रूख अख्तियार करते हुये ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज करने के निर्देष दिये। अध्यक्ष ने कहाकि एम0ओ0यू0 के अनुरूप कार्य करिये। उसी आधार पर अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन होगा। अध्यक्ष तीन दिवसीय दौरे पर पहले दिन मिर्जापुर में पहुॅचे थे। गेस्ट हाउस में वे अधिकारियों की मीटिंग ले रहे थे। उनके साथ पूर्वांचल डिस्काम के प्रबन्ध निदेषक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

## बुजुर्ग से दुर्व्यवहार एवं थप्पड़ मारने के आरोपी बाबू पर एक्शन

लखनऊ । सम्भागीय परिवहन कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ सहायक पवन कुमार त्रिपाठी को 62 वर्षीय बुजुर्ग से अभद्र व्यवहार करने एवं थप्पड़ मारने के आरोप में कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से परिवहन आयुक्त कार्यालय, मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। परिवहन मंत्री को सोशल मीडिया के माध्यम से इस घटना के सम्बंध में जानकारी मिली। उन्होंने इस प्रकरण को गम्भीरता से लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे घटनाक्रम से विभाग की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य अत्यन्त गम्भीर प्रकृति का है। ऐसे घटनाओं एवं क्रियाकलापों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और सम्बंधित के खिलाफसख्त कार्रवाई की जायेगी। वरिष्ठ सहायक के खिलाफ जांच करने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिये।परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में अपर परिवहन आयुक्त प्रशासन ने इस प्रकरण की प्रारम्भिक जांच हेतु श्वेता वर्मा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया है ।

# खनन विभाग का एम सैण्ड पालिसी लाने पर विचार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▸ एम सैंड पॉलिसी के लिए तैयार मसौदे पर गहन विचार विमर्श



उत्तर प्रदेश में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा एम एम सैण्ड पॉलिसी लाने पर विचार हो रहा है। खनन निदेशालय में निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में एम सैण्ड पॉलिसी के बारे में तैयार किए गए मसौदे पर व्यापक रूप से चर्चा की गई।डा रोशन जैकब ने बताया कि सभी पहलुओं पर विस्तृत अध्ययन और व्यावहारिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित एम सैंड पॉलिसी लागू की जायेगी।इसके लागू करने में सभी के हितों को ध्यान में रखा जायेगा। कहा कि प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में खनन विभाग द्वारा विशेष योगदान देने व अधिक से अधिक निवेश लाने के लिए भी एम सैण्ड पॉलिसी लाने पर विचार किया जा रहा है। यह पालिसी लाने पर एम-सैंड प्लान्ट लगाने वाले उद्यमियों को अपेक्षित सुविधाएं दी जायेगी। एम सैण्ड पालिसी के मार्फत राजस्व बढ़ाने की भी तैयारी है,औरउप खनिजों की कीमतों को भी सन्तुलित रखना है। एम सैंड पालिसी से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नये और बड़े अवसर सृजित होंगे। बैठक में तमाम प्रदेश के स्टाक होल्डर,अन्य प्रदेशों में खनिज से जुड़े प्रतिनिधियों व क्रेशर मालिकों के साथ बिस्तृत विचार विमर्श किया गया और उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिये गये। डॉ0रोशन जैकब ने पालिसी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसकी विशेषताओं, विशिष्टताओं, तथा महत्व व महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। एम सैण्ड प्लान्ट मालिकों को खनन विभाग के अलावा एमएसएमई के तहत दी जाने वाली सुविधाएं और पावर सप्लाई जैसी डेडीकेटेड सुविधाएं दिये जाने पर भी विचार किया जाएगा। बुंदेलखंड क्षेत्र या जहां पर पत्थर ज्यादा है, वहां पर अधिक से अधिक प्लांट लगाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नदी की बालू निकासी पर जोर कम होगा तथा एम सैण्ड की सप्लाई बढ़ेगी ।पर्यावरण संरक्षण भी होगा। रॉयल्टी काम करने व अन्य सुविधाओं देने आदि के बारे मे मार्केट सर्वे भी किया जा रहा है तथा इसमें अन्य प्रदेशों की पालिसी भी देखी जा रही है ।डॉ जैकब ने कहा कि क्रेशर लगाने वाले लोगों को हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा और सभी व्यावहारिक, पहलुओं को ध्यान में रखकर ही इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा। इसकी मार्केट में सप्लाई बढ़ाने और एम सैण्ड की विशिष्टताओं के बारे में भी लोगों को अच्छी तरह से जानकारी देने और तथा साथ ही साथ के साथ क्रशर मालिकों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। एम सैंड प्लान्ट लगाने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल, नोडल डिपार्मेंट ,एम सैंड सेल आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। एम सैंड प्लांट लगाने वालों को कई तरह के इन्सेंटिव दिए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में क्रसर मालिकों, इस क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों से महत्वपूर्ण सुझाव लिये गये। अपर निदेशक, खनन विपिन कुमार जैन ने पालिसी के मसौदे पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

### डीएम ने की बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक

# सभी ग्राम पंचायतों में खरीद ली जाए एक-एक नाव : डीएम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई । इसमें डीएम ने जनपद में बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में संभावित बाढ़ से पूर्व की गयी तैयारियों की समीक्षा की, साथ ही बंधों, बाढ़ चौकियों, आश्रय स्थलों, बाढ़ के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारियों आदि के बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, जल निगम, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, सूचना विभाग, सिंचाई विभाग व कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा अभी तक




की गई तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकी व शेल्टर होम, नालों की सफाई, पशुओं के टीकाकरण, उनके लिए भूसे की उपलब्धता, आवश्यक दवाओं की व्यवस्था के संदर्भ में भी जरूरी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ आते ही राहत सामग्री वितरित होना शुरू हो जाए इसमें कोई भी विलंब नहीं होना चाहिए। डीएम ने सभी एसडीएम को कहा कि बाढ़ के दौरान राहत सामग्री आदि को क्रय करने हेतु अभी से टेंडर करा लें। बाढ़ प्रभावित गांव में खाना पहुंचाने के लिए कम्युनिटी किचन बना ली जाए जिससे कि सभी को खाना पहुंचाया जा सके। कम्युनिटी किचन के माध्यम से ही बाढ़ प्रभावितों को खाना पानी पहुंचाया जाए। स्कूलों में जाकर बच्चों को बाढ़, भूकंप, आग आदि आपदाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें के बारे में विस्तार से बताया जाए जिससे कि बच्चे किसी भी आपदा के दौरान भयभीत ना हो और आसानी से अपना बचाव कर सकें। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों के निर्देश दिए कि बरसात और बाढ़ से पहले सभी नाले व नालियों की साफ सफाई करा दी जाए उसमें ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी हो जाये। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को गांवों की नालियों को साफ करने हैंडपंपों के ऊंचीकरण के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में एक नाव अवश्य खरीद ली जाए।

## समाजसेवी सुशील मिश्रा ने बड़े मंगल के अवसर पर किया विशाल भंडारे का आयोजन



**गोंडा (समृद्धि न्यूज़)।** समाजसेवी सुशील मिश्रा व रंगुलाल कैरियर इंक के एमडी अमेरिकी बिजनेसमैन नें जेष्ठ माह के आखरी बड़े मंगल के शुभ अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अपने आवास पर डासेमऊ पोस्ट लोलाई निकट न्यू एमटी यूनिवर्सिटी चिनहट गोमती नगर में समाजसेवी व अमेरिकी बिजनेसमैन सुशील मिश्रा की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने पहुंचकर भंडारे का उद्घाटन किया और मौजूद लोगो को प्रसाद वितरित किया।वही समाजसेवी सुशील मिश्रा क्षेत्र में सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले अमेरिका में रहने वाले अमेरिकी बिजनेसमैन के सहयोग से उनके समर्थकों नें आखिरी बड़े मंगल पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि सामाजिक कार्य से बढ़कर कोई कार्य नहीं होता है,सामाजिक कार्यो में लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए सामाजिक कार्यों के लिए लोगों को सुशील मिश्रा से प्रेरणा लेनी चाहिए जो क्षेत्र के साथ-साथ लखनऊ में भी अपने आवास पर आखरी बड़े मंगल पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में नवीन ब्लॉक के गृह प्रवेश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गोंडा।** बुधवार को श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में नवीन ब्लॉक जानकी भवन के गृह प्रवेश एवं भूतल का लोकार्पण समारोह पर प्रातः ९ः०० पूजन पाठ प्रारंभ हुआ। जिसमें अयोध्या धाम से आए यज्ञाचार्य पंडित राम प्रकाश शास्त्री ने विधि विधान से पूजन पाठ कराया। पूजन में मुख्य यजमान प्रेमलता- विमलेश सिंघल रहे। पूजन के बाद हवन पाठ हुआ।जिसमें समाज के सभी मौजूद लोगो ने हवन पूजन किया उसके बाद आरती हुई ।फिर प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन श्री राम जानकी महिला मंडल एवं राम जानकी धर्मदा समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अनिल मित्तल, महामंत्री संजय अग्रवाल , कार्यक्रम संयोजक श्याम केडिया, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट,हरी राम मोदी,चांद मल मित्तल, मुकेश अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, रमन महेश्वरी, सुनील नेवटिया,उमेश शाह,अनिल मित्तल, रवि मोदी, सीए पवन अग्रवाल,ओंकार पाठक,सीमा अग्रवाल,नीलम जैन, वृंदा अग्रवाल ,सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल ,गुंजन शाह, ज्योति मित्तल ,शारदा गर्ग , वर्षा अग्रवाल,पूजा केडिया, अनामिका बंसल, कविता काबरा, कविता बंसल, सरिता नेवटिया , मीनू पचेरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।
नगर मजिस्ट्रेट ने मेवतीपुरा का किया औचक निरीक्षण

## साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायज़ा

**बहराइच।** नगर बहराइच की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने वार्ड नंबर 25 मेवतीपुरा का आकस्मिक निरीक्षण कर साफ सफाई, डॉर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सर्विस, स्ट्रीट लाइट, एंटीलार्वल एक्टिविटी इत्यादि कार्यो का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद सभासद अकील खरादी, सफाई निरीक्षक अवनीश दुबे व सुपरवाइजर फहीम खान को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने मोहल्ला वासियों से अपील की कि वार्ड को स्वच्छ व सुन्दर बनाएं रखने में नगर पालिका प्रशासन को सहयोग प्रदान करें तथा कूड़ा उठ जाने के बाद कूड़ा न फेंकने की अपील की।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज**

के ग्राम लक्खाराम पुर निवासिनी एक विवाहिता की मंगलवार रात नौ बजे शव फंदे से लटकता मिला।मायके के लोगों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाकर मृतका के पिता द्वारा स्थानीय थाने पर पति समेत छह लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया गया है। जिले के थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र ग्राम लक्खारामपुर गांव निवासी उपमा पांडेय का शव मंगलवार रात को फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची विशेश्वरगंज पुलिस ने सूचना जिले पर दी तो देर रात ही फॉरेंसिक टीम पहुंची और वहां पर जांच करके सैंपल लिया। वहीं पर सीओ सिटी राजीव सिसोदिया भी मौके पर पहुंचे और





थानाध्यक्ष से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद पुलिस ने मायके के लोगों को सूचना दी। जिस पर मृतका के पिता विनोद कुमार निवासी ग्राम मौसन्डी थाना मोहमदापुर बाराबंकी ने पुलिस को शिकायती पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उन्होंने पांच वर्ष पूर्व अपनी पुत्री का विवाह थाना विशेश्वरगंज के ग्राम लक्खारामपुर निवासी सौरभ पाण्डेय के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ किया था । जहां दहेज के लिए उनकी लड़की को उसके ससुराल के लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था । मंगलवार को ससुराल के सौरभ पाण्डेय (पति) ,सीता शरण (ससुर) ,सास नाम अज्ञात,हरिओम (जेठ),सुमन देवी (जेठानी) ,लल्लन मिश्र (मामा) ने एक राय होकर उनकी लड़की को मार कर लटका दिया। पुलिस ने दहेज़ का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू, ग्रामीणों का विरोध

**नवाबगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

क्षेत्र के सरायखत्री गांव मे प्रस्तावित पानी टंकी गांव के दूसरे राजस्व गांव मोहनापुर मे जमीन का चिन्हांकन कर नींव जेसीबी से खुदवाकर कार्य शुरू किया गया। जिसका ग्रामीण विरोध जता रहे हैं। जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना है।

मिली जानकारी के मुताबिक अनुसार क्षेत्र के सरायखत्री गांव मे पानी टंकी बनने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसी गांव मे जमीन का चिन्हांकन भी किया जा चुका है,लेकिन किन्हीं कारणों से अचानक इसी ग्राम पंचायत के दुसरे राजस्व गांव मे हल्का लेखपाल रविंद्र प्रजापति ने जमीन का चिन्हांकन कर नमामि गंगे प्रोजेक्ट के



तहत पानी टंकी निर्माण करने की जानकारी जब गांव मे दी तो मोहनापुर गांव मे रहने वाले दलित परिवार सोम्मारी देवी पर आफत आन पड़ी। इस नये जगह पर पानी टंकी निर्माण की सूचना बाद से ही दलित परिवार लगातार विरोध कर रहा है। इसके विरोध को लेकर जिले स्तर पर व मौके पर दलित परिवार प्रदर्शन कर चुका है और आज भी दलित परिवार के महिला और बच्चे निर्माण रोकने का प्रयास किये पर नायब तहसीलदार तरबगंज रंजन वर्मा व वजीरगंज पुलिस की मौजूदगी में मोहनापुर गांव मे जमीन का चिंहांकन जेसीबी लगाकर कर लिया गया है। इस मामले में गोंडा के एलएनटी के नागवंशी चंद्रशेखर ने बताया कि यहां पर 300 केसीएल की पानी टंकी बनेगी जिसमें मिनरल वाटर तरह शुद्ध पेयजल गांव वालों को मिलेगा। यह काम केन्द्र सरकार के नमामि गंगे प्रोजेक्ट तहत हो रहा है। वहीं पीड़ित सोम्मारी देवी ने बताया कि वह जिलाधिकारी गोंडा से मिलने गई थी उन्होने अगले दिन बुलाया है। जब तक न्याय की उम्मीद रहेगी वह अपने हक के लिये कानूनी लड़ाई लड़ती रहेंगी।

## दुकान में नकब लगाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**इटियाथोक/गोंडा।** एक तरफ सरकार अपराध वअपराधियों से क्षेत्र की जनता को मुक्त करा कर राहत की सांस दिलाने के प्रयास में रहती है वहीं पर चोर अपने मिशन को कामयाब बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं ऐसी एक घटना आज थाना क्षेत्र इटियाथोक ग्राम सभा भटपुरवा बिशुनपुर संगम के रहने वाले राजेश सिंह के यहां अज्ञात चोरों ने किराने की दुकान में अपना हाथ साफ कर लिया राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शिव पुरिया चौराहे पर मेरी एक किराने की दुकान है मैं अपनी दुकान को रात में 9.00 बजे बंद करके घर चला आया जब सुबह हुआ तो मेरा छोटा भाई दुकान खोलने के लिए दुकान पर गया तो उसने देखा के पीछे की दीवाल में सेंध लगा हुआ है उसने फोन करके मुझको बताया और मैं दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का कुछ सामान इधर-उधर पड़ा हुआ है राजेश सिंह का कहना है कि नगद व सामान मिलाकर लगभग ?1 लाख की चोरी हुई है मैंने 112 को फोन किया मौके पर 112 पुलिस पहुंचकर दुकान का जायजा लिया और इसी संबंध में स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र भी दिया है। इस घटना की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## ओ बालाजी मुझे तेरी जरूरत है



**गोंडा।** जेष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर रानी बाजार में श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा श्री बालाजी का रात्रि जागरण कराया गया जिसमें स्थानीय कलाकार भजन गायक शिवा पंडित ने भजनों की शुरुआत गणेश वंदना से की भजनों से किया।और भजन गाया,%%जो खेल गये प्राणों पर प्रभु राम के लिए जरा दोनों हाथ उठाओ वीर हनुमान के लिए ..... उसके बाद भजन गायक गीतेश प्रकाश ने। वो बालाजी मुझे तेरी ज़रूरत है,..कर दो बेड़ा पार डंका बाजे मेंहदीपुर में...के साथ कई भजनों की हाजिरी लगाई। इसके अलावा गगनदीप सिंह और दीपिका मिश्रा ने भी भजनों की हाजिरी लगाई । एवम् बरेली की आर्यन ग्रुप द्वारा झांकी की प्रस्तुति दी गई जिसमें गणेश जी हनुमान जी राम दरबार शिव पार्वती आज कई तरह की झांकियां दिखाई गई। कार्यक्रम में गोंडा नगर पालिका परिषद के चेयरमैन की प्रतिनिधि डॉ राशिद इकबाल का स्वागत और अभिनंदन कमेटी द्वारा किया गया।इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, विजय सोनी, संजय साहू,राजा गुप्ता, साजन मिश्रा, शुभम गुप्ता, बद्री प्रसाद साहू, श्यामू जायसवाल, अन्नू मोदनवाल, हिमांशु कसौधन सहित कई लोग मौजूद रहें।

# सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ का एआरटीओ कार्यालय में छापा

### दीवार कूद कर भागे संदिग्ध, हिरासत में तीन, निर्धारित शुल्क से ज्यादा लिए जा रहे थे पैसे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

जिले में बुधवार दोपहर अचानक सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी एआरटीओ कार्यालय पहुंचे और छापेमारी शुरू की। जिला प्रशासन के अमले को देखकर वहां अफरा तफरी मच गई। लोग दीवार कूदकर भागते नजर आए। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। सिटी मजिस्ट्रेट ने एआरटीओ कार्यालय के बाहर सजी दुकानों से कुछ डायरियां कब्जे में लिया। जिसमें काफी अधिक रेट लिखे मिले। उसकी भी जांच शुरू की गई है।डीएम मोनिका रानी को एआरटीओ कार्यालय में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायत की हकीकत को परखने के लिए जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व क्षेत्राधिकारी





नगर राजीव सिसोदिया को मौके पर भेजा। टीम ने छापेमारी की। मौके पर कई लोग दुकान छोड़ भागते हुए नजर आए। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि उन्हें लगातार एआरटीओ कार्यालय में निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे लिए जाने की शिकायत मिल रही थी। बुधवार को सीओ नगर के साथ उनकी टीम ने छापेमारी की। इस दौरान कार्यालय के सामने बने कॉम्प्लेक्स स्थित कई दुकानों में छापेमारी की गई।जहां पर बड़ी संख्या में दस्तावेज समेत रजिस्टर को जब्त किया गया है। साथ ही 3 लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि रजिस्टर में जो नाम दर्ज है, उनकी भी जांच कराई जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जो निर्धारित शुल्क है, उससे ज्यादा पैसे लिए जा रहे थे, जिस पर छापेमारी हुई है। वहीं छापेमारी के दौरान एआरटीओ ऑफिस समेत सामने बने कॉम्प्लेक्स में सन्नाटा पसर गया।

# धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

बुधवार को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान दर्जीकुआ गोण्डा में धूम्रपान निषेध दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत धूम्रपान निषेध जागरूकता विषय पर रैली निकाली गई ततपश्चात् सभी प्रशिक्षुओ के बिच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ततपश्चात् डी0एल0एड0 प्रशिक्षु साक्षी त्रिपाठी और टीम के द्वारा धूम्रपान विषय पर नुककड़ नाटक प्रस्तुत किया गया ततपश्चात् प्रशिक्षु उमाशंकर मिश्र, ईश्वर्य कृष्ण शुक्ला, कविता तिवारी व अन्य प्रशिक्षुओ ने धूम्रपान व नशा उन्मूलन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये



इस कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता ओमकारनाथ गुप्ता ने मंच का संचालन किया डायट प्रवक्ता हरेंद्र कुमार व अमित कुमार मिश्र ने संयोजक की भूमिका का निर्वहन किया इस कार्यक्रम में डायट के प्रवक्ता डॉ रामतेज वर्मा, संदीप कुमार, डॉ संतोष यादव, डॉ सौमित्र सिंह, रेनू राव, गणेश कुमार मोहम्मद शरीफ, ओंकार चौधरी, ज्ञान बहादुर व समस्त डी0एल0एड0प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित एमएलसी का हुआ भव्य स्वागत

**बहराइच।** विधान परिषद की दो सीटों पर सोमवार को हुए उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी ने 279 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की है। वर्तमान निर्वाचित एमएलसी बहराइच संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद रहे। बुधवार को नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी के जनपद प्रथम आगमन पर घाघरा घाट पर पूर्व प्रमुख जरवल मनीष सिंह के नेतृत्व में लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जरवल कस्बा इसी क्रम में कैसरगंज के जीबी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ मिलकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन, राम बहादुर यादव, उदय प्रताप सिंह, सुशील सिंह, सल्लर वर्मा, देशराज वर्मा पहलवान, जियाउल हक एडवोकेट,सहित तमाम लोगों ने मिलकर स्वागत किया।

**घाघराघाट से आवास तक हुआ स्वागत**

घाघराघाट से लेकर मुख्यालय तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह पर फूल माला पहनाकर नवनिर्वाचित एमएलसी पदमसेन चौधरी का स्वागत किया। नवनिर्वाचित होने पर जनपद में पहली बार आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल था।जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकडीवाल के नेतृत्व में जिले के कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित एमएलसी का भव्य तरीके से स्वागत किया। तथा नवनिर्वाचित एमएलसी के अपने घर पहुंचने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता रवि प्रकाश पाण्डेय का आकस्मिक निधन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता रवि प्रकाश पाण्डेय का बुधवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से अधिवक्ता समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई।


फाइल फोटो

विदित हो कि रवि प्रकाश पाण्डेय कई फौजदारी संघ के अध्यक्ष व श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के अध्यक्ष रहे हैं। बताया जा रहा है कि कल हार्टअटैक पड़ने के बाद उन्हें लखनऊ स्थित अपोलो हॉस्पिटल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज शुरू किया गया,लेकिन डाक्टर के तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया न जा सका। उनके निधन की खबर से अधिवक्ता समाज काफी आहत है और जिले में शोक की लहर व्याप्त है। राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय के अनुसार रविप्रकाश पांडेय एडवोकेट को आप्टेड सदस्य बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश व अध्यक्ष फौजदारी बार एसोसिएशन गोण्डा का हृदयाघात से देहांत दिनांक 31.05.2023 को प्रातःकाल हो गया था।

# वी नीड फूड नॉट टोबैको की थीम पर मना तम्बाकू निषेध दिवस

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

बुधवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर तम्बाकू उत्पादों से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु कार्यशाला/ गोष्ठी के साथ साथ हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनपद मुख्यालय पर कार्यक्रम की शुरुआत सीएमओ कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान और गोष्ठी कार्यक्रम से हुई। गोष्ठी का संचालन डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने किया। इस मौके पर सीएमओ ने तम्बाकू उत्पाद का सेवन



न करने और तम्बाकू सेवन छोड़ने की शपथ भी दिलाई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ सतीश कुमार सिंह ने तम्बाकू से हो रहे रोगों, रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर आदि के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप और मुखी कैंसर की समस्या अधिक उत्पन्न हो रही है। मुख रोग ज्यादा हो रहे है। उन्होंने तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि तम्बाकू उत्पाद छोड़ने हेतु टोल फ्रीनंबर 1800112356 पर बात कर सकते है। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ अनुराग वर्मा ने कहा कि तम्बाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं का आगे आना होगा।

उन्होने कहा कि तम्बाकू का लत व्यक्ति के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है, जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है। डीपीएम सरजू खान ने कहा कि समाज में विशेषकर युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है।

## तेज रफ्तार वाहन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, चार घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** शहर में स्थित सीतापुर आंख अस्पताल के सामने ई-रिक्शा में पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें कार चालक समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें महिला समेत तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला मंसूरगंज निवासी अरमान ई रिक्शा का संचालन करता है। बुधवार सुबह 10 बजे अरमान ई रिक्शा से मोहल्ला चांदपुरा निवासी रूबी और पति इरशाद तथा मां के साथ दरगाह मेला जा रहे थे। शहर में सीतापुर आंख अस्पताल के सामने सुबह 10 बजे ई रिक्शा पहुंचा। तभी पीछे से तेज रफ्तार में कार ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा पलट गई। ई रिक्शा चालक के साथ तीन यात्रियों समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दंपती समेत तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# दर्दनाक: सेहरा बांधते समय आया हार्ट अटैक, दूल्हे की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़**

जिले के अटवा गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी से कुछ समय पहले ही बारात की जगह अर्थी निकली। बारात के लिए तैयार हो रहे दूल्हे को अचानक हार्ट अटैक आ गया। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ऐसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मामला जरवल रोड थाना क्षेत्र का है।गांव अटवा में 21 साल का राजकमल रहता था। उसकी शादी जरवल के कोयलीपुरवा अट्ठैसा की रहने वाले जगरूप की बेटी लक्ष्मी से तय हुई थी। 29 मई को शादी थी और अटवा से कोयलीपुर के लिए बारात जानी थी। परिवार और





फाइल फोटो

**● बारात में जाने के लिए आए लोग अंतिम संस्कार में हुए शामिल, शादी की खुशियां मातम में बदलीं**

रिश्तेदार के लोग बारात ले जाने की तैयारी में जुटे थे।बारात की तैयारियों के बीच दूल्हे राजकमल पुत्र रामपाल की तबीयत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसको लेकर मुस्तफाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मगर, वहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। बारात ले जाने की तैयारियों में लगे परिवार और रिश्तेदारों की खुशियां मातम में बदल गई। उधर, वधू पक्ष के लोगों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। मौत की खबर सुनकर दूल्हे की मां बार-बार बेहोश हो जा रही है।बता दें कि मृतक का परिवार मजदूरी पर निर्भर है। बाप और बेटे दोनों ईट-भट्ठे पर मजदूरी करते थे। मृतक के दो भाई और तीन बहनें हैं। मृतक मार्च में मुंबई से कमा कर घर आया था। तभी उसकी शादी तय हुई थी। तब से वह ईट-भट्ठे पर मजदूरी करने लगा था।

**बारात जाने से पहले खराब हुई सेहत**

अटवा गांव के रहने वाले रामपाल ने रोते हुए बताया, %%बेटे की बारात जानी थी। सब मेहमान घर आ चुके आ थे। लोग बारात जाने की तैयारी कर रहे थे। बारात जाने से पहले सारी रस्में हो रही थी। इसके बाद बेटे को स्नान कराया गया। वहीं मंडप के नीचे बेटे को नए कपड़े पहनाए जा रहे थे। इसी दौरान ही उसकी तबीयत खराब हो गई। वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। हम लोग आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। बताया कि हार्ट अटैक से मौत हुई है। वही मेरा बेटा एकदम स्वस्थ था। उसका कोई बीमारी नहीं थी।

**बहू को लाना था, अब बेटे की अर्थी उठा रहे हैं- दूल्हे के पिता**

पिता को बेटे को याद करके रोते हुए कहते हैं, %%ये दिन देखना था क्या मुझे। आज बेटा जीवित होता तो घर में खुशियां ही खुशियां होतीं। मंगलवार को बहू को लेकर आना था। अब बेटे की अर्थी उठा रहे हैं। इससे बड़ा दुख एक बाप के लिए क्या हो सकता है। उसकी मां की हालत बहुत खराब है। वो बार-बार बेहोश हो जा रही है।

**डॉक्टर ने बताया- राजकमल की हार्ट अटैक से हुई मौत**

डॉक्टरों ने बताया कि राजकमल की हार्ट अटैक से मौत हुई है। इस घटना के बाद शादी वाले घर में मातम पसर गया। घटना की सूचना पर वधू पक्ष के लोग भी राजकमल के घर पहुंच गए हैं। वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बारात में शामिल होने के लिए पहुंचे लोग दूल्हे की अर्थी लेकर श्मशान पहुंचे। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## दिल्ली से भारत और नेपाल के प्रधानमंत्री लैंडपोर्ट का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर रूपईडीहा कस्बे में 200 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बनकर तैयार हो गया है। बृहस्पतिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के पीएम पुष्प दहल कमल द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया जायेगा। इसके लिए गृह मंत्रालय के अधिकारी रूपईडीहा पहुंच गए हैं। कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट के संचालन में दोनों देश के व्यापारियों को व्यापार में सुगमता मिलेगी। भारत-नेपाल सीमा पर रूपईडीहा में 47 हेक्टेयर जमीन में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निर्माण गृह मंत्रालय की ओर से कराया गया है। इस चेक पोस्ट के निर्माण का मुख्य उद्देश्य भारत और नेपाल के व्यापार को बढ़ावा देना है। लगभग दो वर्ष से बन रहे लैंड पोर्ट का काम पूरा हो गया है। लैंड पोर्ट ऑफ अथारिटी की ओर से निर्माण कार्य पूरा होने की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजी गई थी। जिसके बाद अब उसके उद्घाटन की तैयारी हो गई है। एक जून को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल संयुक्त रूप से दिल्ली से वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इसके लिए गृह मंत्रालय की टीम रूपईडीहा पहुंच गई है।

# उद्यान मंत्री विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज। रायबरेली**

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने आज जनपद रायबरेली के ब्लाक राही व दीनशाहगौरा में विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। मा0 मंत्री जी ने न्याय पंचायत गढ़ी मुतवल्ली में कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रायबरेली क्षेत्रान्तर्गत सम्पर्क मार्ग पासापुर पक्की सड़क नथईपुर एवं न्याय पंचायत बेला भेला में कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रायबरेली क्षेत्रान्तर्गत हाट पैठ का निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

इसी प्रकार मंत्री जी ने न्याय पंचायत रसूलपुर धरावा में रसूलपुर धरावां परिवार में सार्वजनिक स्थल पर ओपेन जिम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया एवं गोविन्दपुर माधव में शेर बहादुर के घर से कब्रिस्तान के जंगल तक नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। मंत्री जी ने न्याय पंचायत गौरा हरदो में पूरे नट मजरे सुल्तानपुर जनौली से पूरे कलंदर तक खड़जा निर्माण कार्य का लोकार्पण किया एवं अम्बारा मथई में खजुरी गौरा मार्ग से बांसी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।शिलान्यास एवं लोकापर्ण कार्यक्रम के दौरान उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लोगो से कहा कि प्रदेश सरकार जरुतमन्दों के साथ खड़ी है उनके लिए हर सम्भव सहायता की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जरूरतमंदों के लिए विभिन्न प्रकार की लाभ परक योजना के माध्यम से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर वर्ग की चिंता करती है और उनके हितों का ध्यान रख रही है। उन्होंने किसानों को उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औद्योनिक खेती करके किसान अपनी आय में बड़ोतरी कर सकते है। उद्यान विभाग द्वारा कृषि व लघु उद्योग की स्थापना हेतु विभिन्न प्रकार की सब्सिडी दी जा रही है, जिसका लाभ किसान ले सकते हैं



# प्रसिद्ध झारखंडेश्वर महादेव मंदिर से 25 किलो घंटे चोरी

**समृद्धि न्यूज। बछरावां रायबरेली**

बछरावां -मौरावां मार्ग पर समोधा गांव में स्थित प्रसिद्ध झारखंडेश्वर महादेव मंदिर पर चोरों ने धावा बोलकर लगभग 25 किलो घंटे पार कर दिए। इस वारदात से गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई हैबछरावां -मौरांवा मार्ग पर प्रसिद्ध झारखंडेश्वर महादेव मंदिर है यहां पर प्रत्येक वर्ष लाखों श्रद्धालु शिवलिंग पर माथा टेकने आते हैं। यहां की मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से भोले बाबा से अपनी मुराद मांगता है वह अवश्य पूरी होती है। आस्था के इस केंद्र बिंदु पर चोरों का समय-समय पर प्रहार होता रहता है। बीती रात चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर जंजीरों से बंधे लगभग 25 किलो घंटे चुरा ले गए। सुबह जब यहां पर लोग पूजा अर्चना के लिए गए तो मंदिर में घंटा लटकते देख वह सब सन्न रह गए। ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश है कि लगभग इस मंदिर पर दर्जनों बार चोरों ने घंटे चुराए हैं परंतु कभी भी कोई चोर या सामान तथा घंटे बरामद नहीं हुए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## नगर पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन आज

लालगंज। रायबरेली शासन के निर्देश पर नगर पंचायत कार्यालय में 1 जून को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रेहडी, पटरी दुकानदारो का स्वास्थ्य परीक्षण कुशल चिकित्सको से कराने के साथ उन्हे ऋण संबधी जानकारी दी जायेगी। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए नगर पचांयत कार्यालय ने बताया कि प्रातः 10 बजे से शिविर का शुभारम्भ किया जायेगा। जिसमें डूडा के अधिकारियों की उपस्थिति में नगर पंचायत की सीमा के अंदर दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदारो का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ उन्हे ऋण संबधी जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि शिविर में रेहडी व पटरी दुकानदारो से ऋण संबधी आवेदन लिये जायेगे। जिनमें पात्रो का चयन करते हुए उन्हे जल्द ही लोन प्रदान कराया जायेगा।




# जय भोले कलेक्शन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी घसमंडी चौराहे पर जय भोले कलेक्शन द्वारा 6 वाँ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्त गणों ने प्रसाद ग्रहण किया बताते चलें कि जय भोले कलेक्शन द्वारा महाराजगंज कस्बे के घसमंडी चौराहे पर विगत कई वर्षों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा था उसी क्रम में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हनुमान आरती के साथ भक्त गणों ने हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया वहीं जय बजरंगबली जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया इस मौके पर मनीष जयसवाल, आकाश गुप्ता, अमन वैश्य, शिवा वैश्य, शशांक मोदनवाल,रंजीत यादव, विनय सिंह, रमेश रस्तोगी, अंकित गुप्ता,आदि सहित सैकड़ों की संख्या में आयोजक गण उपस्थित रहे ।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने सीताराम बाबा मंदिर व निर्माणाधीन पुलिस चौकी का किया औचक निरीक्षण



**रायबरेली ।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने तहसील महराजगंज के श्री सीताराम बाबा मंदिर जनई में बन रहे मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के अंतर्गत विकास कार्यों के रूप में कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जो भी निर्माण कार्य कराये रहे, मानक के अनुसार गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

वहीं थाना महराजगंज के निर्माणाधीन पुलिस चौकी चन्दापुर का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के संबंधित अभियंता से कहा कि जितने भी श्रमिक पुलिस चौकी के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। उनका यदि ई श्रम कार्ड नहीं बना है तो प्राथमिकता पर बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पुलिस चौकी चन्दापुर का पुनः निरीक्षण करेंगे।

### रोजगार मेले में 59 प्रतिभागी चयनित

उन्नाव। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फ्तेहपुर-84 के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 द्वारा मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी लि0 द्वारा सेल्स मार्केटिंग तथा पीपल ट्री प्रा0लि0 द्वारा लाइन आपरेटर पदों हेतु आगन्तुक कुल 186 प्रतिभागियों का साक्षात्कार कर कुल 59 प्रतिभागियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि संस्थान के प्रधानाचार्य भीखमलाल द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आफर लेटर दिया गया तथा उनका मार्गदर्शन भी किया गया।

### सड़क किनारे बेहोश मिला युवक

उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के बारा-भगवंतनगर रोड पर बीरपुर के पास नशे में धुत रोड के किनारे पड़े बाइक सवार को पुलिस ने एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष बारासगवर राजपाल ने बताया कि बारा-भगवंतनगर रोड पर बीरपुर के पास रोड के किनारे नशे में धुत युवक पड़ा था तथा पास में ही अपाचे गाड़ी खड़ी थी। एंबुलेंस की सहायता से उसे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र बीघापुर भिजवाया गया है। बाइक चकेरी के पते पर है। मामला संदिग्ध होने पर प्रकरण की जांच की जा रही है। युवक सूरज यादव घाटमपुर खुर्द थाना बीघापुर का है।

### जमीनी विवाद में दबंगो ने दो महिलाओं को जमकर पीटा

उन्नाव। बांगरमऊ कस्बे के मोहल्ला नटपुरवा में जमीनी विवाद के चलते बीते मंगलवार को देरशाम एक पक्ष के लोगों ने शौचक्रिया से वापस आ रही दूसरे पक्ष की 2 महिलाओं की लात-घूसों और डंडों से जमकर पिटाई की। महिलाओं के शोर मचाने पर परिजन दौड़े। तब हमलावर हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। बांगरमऊ सीएचसी द्वारा घायल दोनों महिलाओं को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।मोहल्ला नटपुरवा निवासी महेश और बबलू पुत्रगण देवीगुलाम दोनों भाइयों के बीच मार्ग पर स्थित एक आवासीय भूमि पर कब्जे को लेकर अरसे से झगड़ा चला रहा है। बीते 27 मई को हल्का लेखपाल ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। समझौते के मुताबिक महेश द्वारा अपने भाई बबलू को एक लाख 75 हजार रुपए देना था किंतु बबलू इस समझौते से संतुष्ट नहीं था। इसी रंजिश के चलते बीते मंगलवार की शाम महेश की पत्नी मुन्नी और बेटे गोविंदा की पत्नी हेमलता दोनों सास-बहू ग्राम फ्तेहपुर खालसा मार्ग की ओर शौचक्रिया के लिए गई थी। वापस घर आते समय रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे बबलू और उसके बेटे दीपक व शंकर तथा रिश्तेदार शिवमंगल ने सास-बहू दोनों की लात-घूसों और डंडों से जमकर पिटाई की। पिटाई से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। महिलाओं के गुहार मचाने पर परिजन दौड़े। तब हमलावर हवाई फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने देररात घायल महिलाओं को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों महिलाओं की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तहरीर प्राप्त न हो पाने से अभी तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### बैंक से रूपये निकाल घर जा रही महिला से एक लाख लूटे

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सेंट्रल बैंक से बुधवार को पैसा निकाल कर जा रही महिला से बदमाशों ने एक लाख रुपया लूट लिया। पीड़ित महिला सुशीला पांडे निवासी नेहरू नगर सेंट्रल बैंक से एक लाख रूपये निकालकर जा रही थी तभी राजधानी मार्ग अंबिकापुरम के पास दो लुटेरों ने झपट्टा मार महिला से रुपए लूट लिए, लूट के दौरान महिला स्कूटी से गिरी गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज तलाश रही गंगाघाट कोतवाली पुलिस, दिनदहाड़े लूट से हड़कंप मच गया। गंगाघाट कोतवाल अवनीस सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, पीड़ित महिला ने कोई तहरीर नही दी है।

# ट्रक-ई रिक्शा में जोरदार टक्कर,चार घायल,दो रेफर

**लालगंज रायबरेली।** तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है आए दिन तेज रफ्तार से क्षेत्र में घटनाएं हो रही हैं घटना का सबसे बड़ा कारण रोड़ पर ट्रकों का फर्राटा भरना बताया जा रहा है एक ताजा मामला बुधवार की दोपहर लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एनएच232 दोसड़का के पास देखने को मिला जहां पर तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी और ई रिक्शा पलट गया जिससे ई रिक्शा में बैठे चालक और सवारिया गंभीर रूप से घायल हो गई ई रिक्शा में सवार रिया 13 वर्ष जिया 12 वर्ष पुत्री संत सेवक निवासी चांदा टीकर,मल्लू बाई 55 वर्ष पुत्र रामपाल यादव निवासी टेडेक पुरवा, सूर्य बक्स 65 वर्ष पुत्र रामनाथ सिंह निवासी गौरा रूपई , और चालक सोनू 35 वर्ष पुत्र कृष्णपाल पूरे बाबू निवासी गौरा रूपई जोकि गंभीर रूप से घायल हो गए वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज सीएससी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद रिया और मलाऊ की गंभीर हालत देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा लालगंज से दोसड़का की ओर जा रहा था तभी यह बड़ा हादसा हो गया पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# देहात की मिठास देसी आम हो रहा है गायब

**समृद्धि न्यूज। महराजगंज रायबरेली**

एक समय होता था जब क्षेत्र में देसी आम की भरमार हुआ करती थी और लोग इन्हीं आम को खाकर सेहतमंद रहा करते थे लेकिन मनुष्य की भूख ने प्रकृति को ऐसा खोखला किया है और लगातार खोखला करता चला जा रहा है कि हमारे बीच से आज वह सब गायब हो रहा है जो हमने अपने बचपन में देखा था ।क्षेत्र में कभी देसी आम के पेड़ों की भरमार हुआ करती थी और लोग इन्हीं आमों को जमकर खाते थे वही किसान जिनके पेड़ हुआ करते थे बाजार में आम बेचकर कुछ मुनाफा भी कमाते थे । वहीं आम के ऊपर दवा का छिड़काव नहीं होता था



जिससे यह शुद्ध और खाने के बाद स्वास्थ्य पर भी कोई प्रभाव नहीं डालते थे और स्वास्थ्य बेहतर हुआ करता था। पुराने समय में जब गांव के बुजुर्ग और बच्चे सुबह बाग से आम लाते थे तो इसका कई तरह से प्रयोग किया जाता था जैसे कि आम का अमावट बनाया जाता था आम से ही पना बनाया जाता था गर्मी के दिनों में कच्चे आम का शरबत पेट के मरीजों के लिए

**नहीं रहे अब देसी आम दशहरी और हाइब्रिड के आम कि बाजार में भरमार**

रामबाण हुआ करता था ।लेकिन धीरे-धीरे लकड़ी माफियाओं ने इन पेड़ों पर अपना आरा चलाना शुरू किया और चंद पैसों के लिए लोगों ने इन पेड़ों को बेचना शुरू कर दिया आज आपको देसी आम के बड़े पेड़ शायद ही कहीं दिखाई पड़ जाए वहीं इनकी जगह दशहरी कलमी चौसा फजली सफेदा आदि कई किस्म के आमों ने ले रखा है इन पेड़ों की लंबाई चौड़ाई भी ज्यादा नहीं होती और यह पांच 7 साल में ही फल देने लगते हैं इसलिए किसानों के लिए ज्यादा फायदेमंद और मुनाफा वाले वृक्ष हैं पहरेमऊ क्षेत्र को मिनी मलिहाबाद कहा जाता है आज यहां से भी देसी आम गायब हो चुके हैं और हाइब्रिड के आमों ने अपना कब्जा जमा लिया है। जब कुछ किसानों से बात किए तो उन्होंने बताया शोभनाथ सिंह राजेश सिंह राम सजीवन यादव गुड्डू मौर्य रामआसरे पासवान अनिल सिंह अंकेश सिंह मनोज यादव श्रीराम मौर्य रामाधार मौर्य विनय यादव राम सजीवन आदि किसानों ने बताया कि पहले देसी आम बहुत हुआ करता था लेकिन लगातार पेड़ों की कटाई से देसी आम विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुका है और अब लोग देसी आम लगाते भी कम है ज्यादातर हाइब्रिड आम लगाना पसंद करते हैं ।

# महिला स्वच्छता के लिए रोटरी क्लब द्वारा बालिकाओं को सेनेटरी किट वितरित

**समृद्धि न्यूज। रायबरेली**

रोटरी क्लब, रायबरेली के द्वारा महिला स्वच्छता पर एक जागरूकता कार्यक्रम शहर के रोटरी सेवा सदन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने विमेन हाइजीन जागरूकता कार्यक्रम में आए हुए सदस्यों एवं बालिकाओं का स्वागत करते हुए कहा कि पूरे विश्व में जिस प्रकार पोलियो की बीमारी को जड़ से समाप्त कराने में रोटरी क्लब का प्रमुख योगदान रहा है, उसी तरह से महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम को भी रोटरी क्लब द्वारा पूरे विश्व में प्रमुखता से लिया गया है।



रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अधिकारी राजीव भार्गव ने आई हुई बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि जानकारी के अभाव में ऐसी बहुत सी बालिकाएं हैं, जिनमें इन्फेक्शन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। धीरे-धीरे यह दूसरे रोगों को जन्म देता है, उन्होंने यह भी बताया कि एम्स के आंकड़ों के अनुसार मासिक धर्म स्वच्छता को न अपनाने वाले कमजोर इम्युनिटी की दस प्रतिशत महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना रहती है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष विकास दीक्षित एवं विवेक सिंह का योगदान सराहनीय रहा। जागरूकता कार्यक्रम के समापन के अवसर पर बीनू मिश्रा, सुनीता द्विवेदी, शकीला बानो, माधवी मिश्रा द्वारा 70 बालिकाओं को सेनेटरी एवं स्वच्छता किट प्रदान की गई।

# आरेडिका में मई माह में सर्वाधिक कोच का हुआ उत्पादन

**समृद्धि न्यूज। रायबरेली**

आरेडिका का मई माह में सर्वाधिक कोच उत्पादन आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के मई माह में 157 कोचों का निर्माण किया जो अभी तक के आरेडिका में किए गये मई माह के कोच का अधिकतम उत्पादन है, इससे पूर्व 2019 में मई माह का सर्वाधिक कोच का उत्पादन 134 कोच हुआ था।इन 157 कोचों में रेलवे के विभिन्न प्रकार कोच जैसे एसी इकोनॉमी के 63 कोच, दीनदयालु के 22 कोच, स्लीपर क्लास के 21 कोच, तेजस के 16 कोच, पेण्ट्रीकार 10, एसी3टीयर के 8 कोच, एसी2टीयर के 8 कोच, पार्सलबैन 6, एसी फस्ट के 3 कोच,शामिल हैं। इन कोचों में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का पालन किया गया। जिससे यात्रियों की आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा हो सके।आरेडिका को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1813



कोच उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसे टीम आरेडिका पूरा करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। एक माह में 157 कोच बनाना यह दर्शाता है कि आरेडिका अपनी कार्य क्षमता को उच्च स्तर पर ले जाने को तत्पर है।

# भागवत कथा के अन्तिम दिन सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष का बखान

**समृद्धि न्यूज। उन्नाव**

विकास खंड बीघापुर के गांव रायपुर में मां शीतला देवी मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र का सुंदर विवेचन व परीक्षित मोक्ष की कथा का सुंदर विवेचन भागवताचार्य वृंदावन से पधारे कृष्णदीप महाराज ने किया।भागवताचार्य कृष्णदीप महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन कथा का रसपान कराते हुए कहा कि नरकासुर की कैद में बंद 16 हजार कन्याओं को मुक्त कराने के बाद परिजनों द्वारा अस्वीकार कर दिए जाने के बाद उन सभी को अपने साथ रखकर समाज को नई दिशा देने का काम किया भारतीय संस्कृति ने हमेशा से स्त्रियों को संरक्षण देने का काम किया है। कल सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कृष्णदीप महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में मित्र शब्द की परिभाषा को ही बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही है जो आपस में एक दूसरे के प्रति शंका न करें और अपने बल के अनुरूप सदैव अपने मित्र की रक्षा करें। वर्तमान समय में सामने मीठी-मीठी और मधुर वाणी में बोलने वाले लोग पीठ पीछे सदैव अनहित करने का काम करते हैं ऐसे लोग मित्र नहीं हो सकते। सुदामा के द्वारिका में आने की बात सुनकर सिंहासन से नंगे पैर ही भगवान कृष्ण सुदामा को लेने दौड़ पड़े और उन्होंने सुदामा को गले लगाया और अपने आंसुओं से ही उनके चरणों को धोया और उन्होंने सुदामा से पूंछा कि मित्र इतने दिनों तक कहां रहे। सुदामा की पत्नी सुशीला द्वारा दिए गए कृष्ण ने चावल खाए और सुदामा को तीनों लोको का ऐश्वर्य प्रदान किया। भागवताचार्य ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण और उसके अनुपालन से मानव अपने जीवनकाल में समस्त आलौकिक सुखों को प्राप्त करता है भागवत में आए कथानकों से हमें जीवन में शिक्षा लेनी चाहिए। ध्रुव का उपाख्यान हमें सफ्लताओं की ओर ले जाने में मार्ग दिखाने का काम करता है। कृष्ण सुदामा का चरित्र एक अच्छे मित्र का निर्वाह कैसे किया जाता है बताता है। भाई-भाई का प्रेम राम और भरत का आख्यान हम सभी को सिखाता है। समाज में बेहतर तरीके से जीवन यापन कर हम अपने जीवन को समाज के लिए भी कुछ करना चाहिए। भागवत में आए कथानकों का अनुसरण कर अपने जीवन को सफ्ल बनाने के साथ-साथ समाज को भी सही दिशा में ले जाने का प्रयास करें तभी कथा श्रवण का फ्ल है। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से प्रशांत मिश्रा, शोभा मिश्रा, निशांत मिश्रा, प्रभात मिश्रा, राजू यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, शिवकरण यादव, रामचंद्र गुप्ता, सज्जन सिंह, अतुल सिंह, भीम सिंह, सत्यम शुक्ला, सतीश चौरसिया, प्रीति बाजपेई, अजय पांडेय, सजल अवस्थी, सुरेश अवस्थी, दीपांशु, गणेश कुमार आदि रहे।

## बनी-कंजौरा मार्ग गड्ढो में तब्दील

उन्नाव। ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनी से होते हुए कंजौरा तक जाने वाली सड़क टूटकर पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काफी दिनों से क्षतिग्रस्त हुई इस सड़क का विगत कुछ वर्षों पहले



ही कराया गया था। उस दौरान मानक व गुणवत्ता का ध्यान न दिए जाने से सड़क एक वर्ष में ही टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। इस मार्ग से ही इलाके के लोग तहसील मुख्यालय या जिला मुख्यालय आदि जगहों तक आवागमन करते हैं। सड़क के टूटने से लोगों को बाइक या चारपहिया से आवागमन करना काफी कष्टकारी हो गया है। इसको लेकर लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत के चलते इलाके में सड़क मरम्मत के नाम पर जमकर धन का बंदरबांट किया गया है। इसके चलते सड़क निर्माण के साथ ही टूटना शुरू हो गई थी। वही जब उक्त सम्बन्ध में पीडब्ल्यूडी जेई अखिल गंगवार ने बताया कि जांच कराई जाएगी।

# विवाहिता रहस्यमय ढंग से लापता, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवलापुर निवासी एक 25 वर्षीय विवाहिता पांच दिन पूर्व अपनी बुआ के यहां जाने को कहकर घर से निकली थी किंतु बुआ के घर न पहुंचकर विवाहिता रास्ते से ही रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। पति ने कोतवाली में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।ग्राम नेवलापुर निवासी गोविंद कुमार पुत्र धनीराम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार वह अपनी पत्नी मिथलेश कुमार के साथ फरीदाबाद में रहकर पेंटिंग का काम करता है। मां जसोदा की बीमारी की खबर पाकर वह पत्नी के साथ बीते 24 मई को अपने गांव आया था और मां की देख-रेख के लिए अपनी पत्नी मिथलेश कुमारी को घर पर छोड़कर 2 दिन बाद वापस फरीदाबाद काम पर चला गया था। अगले दिन 27 मई को उसकी पत्नी मिथलेश कुमारी अपनी सास से बुआ के घर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मेला रामकुंवर जाने के लिए कहकर निकली थी तभी रास्ते में मिथिलेश कुमारी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। पत्नी के लापता होने की सूचना मिलते ही पति गोविंद कुमार बीते सोमवार को अपने गांव आया और नाते-रिश्तेदारों में अपनी पत्नी की खोज की किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। तब पति ने कोतवाली में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस लापता विवाहिता की तलाश के लिए विधिक कार्यवाही करने में जुटी है।

# शिविर लगा सुनी गई किसान सम्मान निधि की समस्याएं



उन्नाव। संतृप्तिकरण अभियान के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि संतृप्तिकरण की समस्याओं हेतु शिविर आयोजित कर किसानों की समस्याएं सुनी गई। विकास खंड सफीपुर क्षेत्र के ओसिया गांव के मजरा नैनीखेड़ा गांव में राजकीय कृषि वीज गोदाम प्रभारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में तकनीकी सहायक प्रबंधक शोभित द्विवेदी ने संतृप्तिकरण अभियान के तहत शिविर लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी। जिसमें मुख्य रूप से एनपीसीआई, भूमि अंकन, इकेवाईसी आदि के कारणों से रुकी किसान सम्मान निधि के किसानों की समस्याएं सुनकर उसके निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय पोर्टल पर समस्या अपलोड की। इस मौके पर करीब 35 किसानों ने शिविर में अपनी समस्या रखी। इस मौके पर नारायन सिंह, अजीत सोनवानी, रामनाथ, रोहित, सुंदरलाल, रामप्रताप, राधेलाल आदि समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बेशकीमती चंदन का पेड़ काट ले गये चोर

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में बेशकीमती चंदन का चालीस साल पुराना पेड़ चोरी से काट लिया गया। बुधवार की सुबह चोरी से पेड़ काटने की जानकारी हुई तो पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेथीटीकुर गांव निवासी कृष्णपाल सिंह के खेत में करीब बीस साल पुराना चंदन का पेड़ लगा था। मंगलवार की रात को चोरों ने काट लिया। सुबह जब सचिन सिंह खेत पहुंचे तो चंदन के पेड़ का ठूंठ देखा तो पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि दस लाख रुपये कीमत का चंदन का पेड़ खेत में खड़ा था जिसे चोरों ने रात में चोरी से काट कर गायब कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पेड़ चोरी से काटने की जानकारी मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# फिजिकली मेंटली अगर फिट रहना है तो करें केवल योग

आजकल लोग सुबह से लेकर शाम तक अपने काम में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि अपनी सेहत का खयाल नहीं रख पा रहे हैं. इसके कारण आए दिन अस्पतालों का चक्कर भी लगाना पड़ रहा है. इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को कई जिम्मेदारियों का बोझ, बढ़ती दूरियां और अकेलेपन की वजह से अधिकतर लोगों की जिंदगी की हंसी गायब ही हो गई है. शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का जिक्र आने का मतलब शारीरिक-मानसिक दोनों ही तरह की सेहत पर ध्यान रखने से होता है। इनमें से एक में भी होने वाली समस्या का असर दूसरे स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। हम अक्सर अपने मन और शरीर को अलग-अलग समझते हैं, लेकिन असल में हमारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इन दोनों को ठीक रखने पर जोर देते हैं। नियमित रूप से योगासनों के अभ्यास की आदत आपके लिए काफी मददगार हो सकती है। योगासन, शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के सोथ मन को शांत रखने और चिंता-तनाव जैसी समस्याओं के जोखिम को कम करने में सहायक माने जाते हैं।योग विशेषज्ञों के मुताबिक दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके शरीरिक और मानसिक दोनों तरह की समस्याओं के जोखिम को कम किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से परेशान लोगों में हृदय रोग और डायबिटीज जैसी शारीरिक स्वास्थ्य दिक्कतों का खतरा अधिक होता है। आइए जानते हैं कि रोजाना किन अभ्यास को करके इन दोनों स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद मिल सकती है?योग करना हमारी सेहत के लिए लाभदायक है. योगा हमें फिजिकली एवं मेंटली स्वास्थ्य तो रखता है. साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाता है. आजकल लोगों में मेंटली डिप्रेशन बढ़ गया है, जिसकी वजह से लोग हंसना भूल गए हैं. जिसके कारण हमें बहुत सारी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है. जैसे दिल की बीमारी बीपी, शुगर अन्य बीमारिया बढ़ती जा रही हैं. योगा करने से इन सभी बीमारियों से निजात पाया जा सकता है.नियमित रूप से प्राणायाम के अभ्यास की आदत आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकती है। साल 2013 के एक अध्ययन से पता चलता है कि प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने वाले लोगों में तनाव का स्तर कम पाया गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक प्राणायाम, तंत्रिका तंत्र को शांत करता है जिससे आपकी तनाव प्रतिक्रिया में सुधार होता है। तनाव का स्तर कम रहने से हृदय रोगों के विकास का खतरा भी कम हो जाता है। वृक्षासन योग या ट्री पोज कई तरह की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से राहत दिलाने में काफी कारगर अभ्यास हो सकता है। ट्री पोज आपके पैरों के जोड़ और टेंडन को मजबूत करने के साथ शारीरिक संतुलन में सुधार करता है। कमर, जांघों, कूल्हों के अतिरिक्त तनाव को कम करने के साथ मन को शांत रखने और एकाग्रता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ इस योग के रोजाना अभ्यास की सलाह देते हैं।शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को दूर करने में भुजंगासन योग के अभ्यास को भी विशेष लाभकारी माना जाता है। भुजंगासन योग या कोबरा पोज रीढ़ को मजबूत करने के साथ छाती और फेफड़ों को फैलाता है। इसके अलावा जिन लोगों को अक्सर तनाव और थकान की समस्या बनी रहती है उनके लिए भी इसके रोजाना अभ्यास को काफी फायदेमंद माना जाता है। साइटिका और अस्थमा की समस्याओं को ठीक करने के लिए भी नियमित रूप से इस योग का अभ्यास करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।'अंततः निष्कर्ष यह निकलता है कि' यदि फिजिकली और मेंटली अपने को स्वस्थ रखना है तो योग से बेहतर उपाय और कुछ नहीं इसीलिए रोज करें योग स्वस्थ रहें मस्त रहें खुश रहें।

# गर्व से कहो हम हिन्दू हैं

संजीव ठाकुर

**यानी नारे के मुताबिक तो हिन्दू होना गर्व का विषय था लेकिन मोदी जी के अनुसार हिन्दुस्तानी होना शर्म का। यह प्रसंग बताता है कि फिरकापरस्ती की कोई एक जबान नहीं होती। प्रधानमंत्री के इस कथन का तब भारी विरोध हुआ था और आज भी जब तब इसका जिक्र होता रहता है। हालांकि अब हिन्दुस्तानी होने पर शर्मिन्दा होने की बात छोड़कर लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष-दोनों तरह से ये समझाया जा रहा है कि कब और किस बात पर गर्व करना है। मसलन-भारतीय मूल का कोई व्यक्ति किसी देश का प्रधान बन गया तो गर्व करो। किसी विदेशी ने भगवा वेश धारण कर लिया, हिन्दी या संस्कृत में कुछ कह दिया तो गर्व करो। किसी देश के प्रमुख ने हमारे प्रधानमंत्री के पैर छू लिए या उनकी तारीफमें कसीदे पढ़ दिए तो गर्व करो। कोरोना के चलते पश्चिमी देशों के लोग हाथ मिलाने के बजाय नमस्ते करने लगे तो कहा गया कि गर्व करो। प्राचीन मंदिरों के वास्तुशिल्प और मूर्ति शिल्प के वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में तैर रहे हैं और उनमें भी यही कहा जा रहा है कि हमें पुरातन काल की तकनीक और कारीगरी पर गर्व करना चाहिए। बनाने बैठें तो गर्व करने लायक विषयों की ऐसी सूची बन सकती है, जिसका कोई अंत नहीं होगा। लेकिन उससे पहले यह समझना होगा कि भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और पुरातन ज्ञान को लेकर हर इस-उस बात पर गर्व करने के लिए कहने के पीछे आग्रह वही है- श्गर्व से कहो हम हिन्दू हैं।श् सवाल ये है कि क्या भारत का एक ही धर्म और एक ही संस्कृति है। और पुरातन ज्ञान भी क्या केवल हिन्दुओं के पास ही है।**

कोई तीन-चार दशक पहले एक नारा बड़े जोरशोर से उछाला गया था- गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। इस नारे के जरिये जनता के एक बड़े हिस्से का भावनात्मक दोहन करते हुए हिंदूवादी ताकतों ने एक बार अटल जी और दूसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बना ली। लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी जब दक्षिण कोरिया गए तो वहां उन्होंने एक विवादास्पद बात कह डाली। उन्होंने कहा था कि श्एक समय था जब लोग...(कहते थे)...पता नहीं पिछले जन्म में क्या पाप किया था, हिन्दुस्तान में पैदा हुए। ये कोई देश है, ये कोई सरकार है। ये कोई लोग हैं...चलो छोड़ो चले जाएं कहीं और...और लोग निकल पड़ते थे...उद्योग जगत के लोग कहते थे कि भई अब यहां व्यापार नहीं करना है। यानी नारे के मुताबिक तो हिन्दू होना गर्व का विषय था लेकिन मोदी जी के अनुसार हिन्दुस्तानी होना शर्म का। यह प्रसंग बताता है कि फिरकापरस्ती की कोई एक जबान नहीं होती।

प्रधानमंत्री के इस कथन का तब भारी विरोध हुआ था और आज भी जब तब इसका जिक्र होता रहता है। हालांकि अब हिन्दुस्तानी होने पर शर्मिन्दा होने की बात छोड़कर लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष-दोनों तरह से ये समझाया जा रहा है कि कब और किस बात पर गर्व करना है। मसलन-भारतीय मूल का कोई व्यक्ति किसी देश का प्रधान बन गया तो गर्व करो। किसी विदेशी ने भगवा वेश धारण कर लिया, हिन्दी या संस्कृत में कुछ कह दिया तो गर्व करो। किसी देश के प्रमुख ने हमारे प्रधानमंत्री के पैर छू लिए या उनकी तारीफमें कसीदे पढ़ दिए तो गर्व करो। कोरोना के चलते पश्चिमी देशों के लोग हाथ मिलाने के बजाय नमस्ते करने लगे तो कहा गया कि गर्व करो। प्राचीन मंदिरों के वास्तुशिल्प और मूर्ति शिल्प के वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में तैर रहे हैं और उनमें भी यही कहा जा रहा है कि हमें पुरातन काल की तकनीक और कारीगरी पर गर्व करना चाहिए।बनाने बैठें तो गर्व करने लायक विषयों की ऐसी सूची बन सकती है, जिसका कोई अंत नहीं होगा। लेकिन उससे पहले यह समझना होगा कि भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और पुरातन ज्ञान को लेकर हर इस-उस बात पर गर्व करने के लिए कहने के पीछे आग्रह वही है- श्गर्व से कहो हम हिन्दू हैं।श् सवाल ये है कि क्या भारत का एक ही धर्म और एक ही संस्कृति है। और पुरातन ज्ञान भी क्या केवल हिन्दुओं के पास ही है। अगर ऐसा है भी तो क्या पिछले कुछ बरसों में ही इसका पता चला है। क्या लोगों के पास अपना विवेक नहीं है जो उन्हें बताना पड़ रहा है कि आज इस पर गर्व करो, कल उस पर। क्या इससे पहले हम भारतीय अपनी संस्कृति, अपनी



धरोहर, अपनी परंपराओं पर गर्व नहीं करते थे। और क्या हिन्दू होना, भारतीय होने से ज्यादा मायने रखता है, जबकि हिंदुत्व या किसी और वाद की तुलना में भारतीयता एक व्यापक विचार है और मानवता उससे भी बड़ा।ऐसा लगता है कि तमाम कोशिशों के बावजूद हिन्दुओं को जगाने में कहीं कोई कमी रह गई है या फिर इस बात का डर होगा कि कथित तौर पर जागा हुआ हिन्दू फिर कहीं सो न जाए, इसलिए उसे सुबह-शाम अलग-अलग तरीकों से गर्व की खुराक दी जा रही है। हिंदुत्व के झंडाबरदारों को यह भी आशंका होगी कि हिन्दू जनता का ध्यान महिला पहलवानों के यौन शोषण या दलितों और अल्पसंख्यकों की मॉब लिंचिंग जैसी बातों पर न चला जाए जिनसे उसका सर शर्म से झुक जाता हो, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर वह कहीं सवाल न पूछने लग जाए। वह यह न सोच पाए कि धार्मिक स्वतंत्रता या भुखमरी के वैश्विक सूचकांक में हम इतने नीचे क्यों हैं, इसलिए उसे लगातार यह बताया जाता रहे कि हमारी संस्कृति कितनी महान है, हमारे वेद-पुराणों में ज्ञान का कितना बड़ा भण्डार है या कि सनातन धर्म जैसा दूसरा कोई धर्म ही नहीं है।धर्म, संस्कृति और पुरातन ज्ञान की महानता अपनी जगह है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि अति हर चीज की बुरी होती है, जरुरत से ज्यादा गर्व करने-करवाने की भी होगी। थोथे गर्व से भरे आदमी से ये नारा लगवा लेना बहुत आसान है कि दो रोटी कम खाएंगे, फलाने जी को लाएंगे, लेकिन सच्चाई यही है कि गर्व करने से पेट नहीं भरता, न ही जरूरी सवाल दफन हो जाते हैं। किसी दिन यही हिन्दू पूछने लगेंगे कि चलिए, आपके कहने से हमने फलां-फलां बात पर गर्व कर लिया, अब बताइए कि हमारे रोजगार का क्या हुआ, महंगाई कब कम होगी, कॉर्पोरेट की लूट कब बंद होगी, कब हमें अपने अल्पसंख्यक पड़ोसी से सतर्क रहने के लिए नहीं कहा जाएगा, वो दिन कब आएगा जब बलात्कारियों के समर्थन में जुलूस नहीं निकाले जाएंगे या कब ऐसा होगा कि सरकार के खिलाफबोलने पर हमें देशद्रोही नहीं ठहराया जाएगा।क्या गर्व करो का राग अलापने वालों के पास इन सवालों का कोई जवाब है?

विचार

# खनन पर लगाम

*आदित्य नारायण*



पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के लिये चुनौती बने अवैध खनन को लेकर देश की शीर्ष अदालत और एनजीटी अक्सर सख्त टिप्पणियां करते रहे हैं। इस दिशा में प्रयास भी होते रहे हैं लेकिन समेकित पहल के अभाव में प्रयास सिरे नहीं चढ़ पाते। अब इस दिशा में हरियाणा के वन विभाग द्वारा एक व्यावहारिक पहल की गई है। अवैध खनन करके निकाले गये पत्थरों, रेत-बजरी आदि को ले जाने वाले वाहनों के रास्ते और वन मार्ग सील करने की पहल की गई है। निस्संदेह, यदि इस कोशिश को तार्किक परिणति दी गई तो अवैध खनन की कोशिशों पर किसी हद तक रोक लगायी जा सकती है। निश्चित रूप से नूंह में वन विभाग द्वारा सभी रास्तों व वन मार्गों को सील करने के लिये शुरू किया गया अभियान सही दिशा में उठाया गया कदम है। कह सकते हैं कि लंबी चलने वाली इस प्रक्रिया की व्यावहारिक शुरुआत हुई है। लेकिन एक बात तय है कि अरावली पर्वत श्रृंखला में अवैध खनन रोकने के प्रयासों में सफलता तभी मिलेगी, जब सभी स्तरों पर एकीकृत प्रयास किये जायेंगे। जो कि कार्रवाई के पैमाने और नीतियों में निरंतरता से संभव होंगे। लेकिन इस दिशा में सफलता के लिये राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी सख्त जरूरत होगी। यदि सरकारी तंत्र को अवैध खनन बंद करने के सख्त आदेश दिये जाएंगे तो नीतियों का क्रियान्वयन आसान हो सकेगा। वहीं यदि इस अभियान में कुछ लोगों को छूट दी गई तो मुहिम के सार्थक परिणाम पाना मुश्किल हो सकता है। कुछ लोगों को छूट और कुछ पर सख्ती से अवैध खनन पर रोक के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते हैं। कहा जा सकता है कि सभी विभागों की ओर से साझे प्रयास और खनन से जुड़ी बड़ी मछलियों पर नकेल डालने से ही अवैध खनन की समस्या का कारगर समाधान निकलने की संभावना बढ़ जायेगी। यह भी तय है कि राज्य में अवैध खनन बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। दरअसल, चुनाव में आर्थिक मदद करने वाले खनन माफिया कालांतर निरंकुश खनन के लिये संरक्षण की सुविधा जुटाने का प्रयास करते हैं। कुछ पर शिकंजा और कुछ को छूट की नीति से प्राकृतिक संपदा की लूट का खेल बदस्तूर जारी रहता है। जो किसी भी सार्थक मुहिम को निष्प्रभावी बना देता है। विगत में देखा गया है कि अवैध खनन हेतु डम्पर- कैंटर व मशीनों को लाने तथा उत्खनित पत्थरों को ले जाने वाले वाहनों के लिये रास्ते रातों-रात चौड़े कर दिये जाते हैं। अधिकारियों द्वारा पहचाने गये ऐसे करीब सौ रास्तों में से अधिकांश राजस्थान में भरतपुर की सीमा के निकट स्थित हैं। इनमें से बीस को अधिकारियों ने सील कर दिया है। अधिकारी कह रहे हैं कि अवैध खनन की कोशिश करने वालों से सख्ती से निबटा जा रहा है। साथ ही अवैध खनन करके पत्थर व रेत-बजरी ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिये और मार्गों की तलाश की जा रही है। इन इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे प्रयासों में निरंतरता बनी रहे। विगत में देखा गया है कि ऐसे अभियान शुरुआत में तो बड़े जोर-शोर से शुरू किये जाते हैं लेकिन इस प्रयासों को तार्किक परिणति तक पहुंचाने से पहले ही मुहिम में शिथिलता आ जाती है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि अरावली की तलहटी में ऐसे अभियानों को सफल बनाने में सामुदायिक भागीदारी की पर्याप्त संभावनाओं को तलाशा जाये। इसके लिये जरूरी है कि अवैध खनन के खतरों और इसके दीर्घकालीन विनाशकारी परिणामों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाये। इससे विभिन्न विभागों को इस इलाके में होने वाली अवैध गतिविधियों की सूचना भी समय रहते हासिल की जा सकती है। यदि इन सूचनाओं पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई हो तो सार्थक परिणाम जरूर मिल सकते हैं। खनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थानीय समर्पित युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर अपेक्षित लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। ऐसे लोगों को प्रशिक्षित करने और रोजगार देने से स्थानीय लोगों की भूमिका अवैध खनन रोकने में कारगर सिद्ध हो सकती है।

साहित्य



## एक दिन जो रात में बदली मैं तो बस उसके...

**के. एम. रेनू**

एक दिन जो रात में बदली
मैं तो बस उसके रंग को समझी
उस काले सफेद रंगों के बीच
की
हर कड़ी
मेरे वक्त और जिंदगी
कों यूँ ही बदल दी
राहों में जिस मोड़ पर
घूमती रही
वक्त के पहिये
से चलती रही
बदलते चक्र में कामयाबी की
हर मंजिल को पाने की कोशिश
करती रही
उसे यूँ ही स्पर्श कर पाने की

## झरोखा



चाहत ने
वो सुगंध
मेरे भीतर फूलों की महक
बनकर समा गयी
कदम कदम बढ़ती
मेरी जिंदगी
अपनी मंजिल पार कर गयी
वक्त की घड़ी
घूमते घूमते
फिर से वहीं आ गयी
चक्र की तिलियाँ
घड़ी की सूईयाँ
मिलकर
पहिये की
दरिया पार कर गयी



# राशिफल

**मेष:-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की व्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृष:-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुन:-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कार्य की व्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क:-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**सिंह:-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**कन्या:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुला:-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदुपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनु:-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे। अच्छे व्यवहारकुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।

**मकर:-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी। पूर्वाग्रह वश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कुंभ:-** खाली मन शैतान का घर अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

**मीन:-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# राज्यों के चुनाव और सियासत



आगामी नवंबर-दिसंबर महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से सियासत शुरू हो गई है। इन महीनों में मध्य प्रदेश,राजस्थान,छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। हाल ही में कर्नाटक विधानसभा के चुनाव भी हुए और इनमें नतीजे जिस प्रकार से आए उससे देश की राजनीति में एक बार खलबली मच गई। कर्नाटक में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिला और भाजपा की सरकार पराजित हुई परंतु इसका अर्थ हमें यह नहीं निकाल लेना चाहिए कि उपरोक्त चारों राज्यों में भी चुनाव परिणाम इसी तर्ज पर आएंगे। भारत राज्यों का एक संघ है और प्रत्येक राज्य की राजनीति अलग होती है। यहां तक कि इन राज्यों में जो प्रभावकारी राजनीतिक दल होते हैं वह भी अलग होते हैं। मध्य प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ इन तीन राज्यों में जहां विधानसभा चुनाव में असली मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है वहीं तेलंगाना में यह मुकाबला मुख्य रूप से कांग्रेस और सत्ताधारी भारत राष्ट्रीय समिति के बीच होना है। राज्य में इस समय राष्ट्रीय समिति की सरकार है और इसके नेता श्री चंद्रशेखर राव हैं। वह केंद्र की राजनीति को देखते हुए कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के साथ खड़े नजर आते हैं मगर अपने राज्य में उन्हें असली मुकाबला कांग्रेस से ही करना है। इसी प्रकार राजस्थान में कांग्रेस सत्ता में है और इसका मुकाबला भाजपा से होगा जबकि छत्तीसगढ़ में भी ऐसा है लेकिन मध्य प्रदेश में स्थिति उलट है और वहां भाजपा शासन में है। यह सच है पिछले 2018 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के हाथ में ही यहां के मतदाताओं ने सत्ता की चाबी सौंपी थी। 230 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस को 114 और भाजपा को 109 सीटें दी थी। इसके बाद वहां कांग्रेस श्री कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाने में सफल रही थी परंतु सवा साल बाद ही सत्ता लोलुपता की वजह से कांग्रेस पार्टी के ही नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 20 कांग्रेसी विधायकों से इस्तीफा दिलाकर कांग्रेस को अल्पमत में खड़ा कर दिया जिसकी वजह से वहां पुनः भाजपा सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित हो गई। सरकार गिराने के इस तरीके को इस्तीफा संस्कृति कहा गया और भारत की राजनीति में नैतिकता के पतन की पहचान भी माना गया परंतु असली सवाल यह है जनता द्वारा दिए गए जनादेश में यदि बीच में तोड़फोड़ होती है तो उसका असर उन मतदाताओं पर क्या पड़ता है।मध्य प्रदेश में नवंबर महीने में जो चुनाव होंगे उनमें इस सवाल का जवाब भी मतदाताओं की तरफसे मिल जाएगा। हालांकि जिन 20 विधायकों ने कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा के टिकट पर पुनः उपचुनाव लड़े थे उनमें से अधिसंख्य जीत गए थे परंतु इसे तब पिछले दरवाजे से सत्ता कब्जाना कहा गया था। इसी कारण से फिलहाल कांग्रेस के नेताओं के हौसले बुलंद नहीं माने जा रहे हैं बल्कि कर्नाटक चुनाव परिणाम भी इसकी वजह माने जा रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी ने जिस प्रकार चुनाव प्रचार किया और उनके साथ कांग्रेस के अन्य नेताओं ने कंधे से कंधा मिलाकर परिश्रम किया उससे उत्साहित और उत्प्रेरित होना स्वाभाविक प्रक्रिया है जिसका असर फिलहाल कांग्रेस पार्टी पर देखा जा रहा है। यही वजह है कि कल श्री राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के बारे में अपना आकलन रखते हुए कहा कि उनकी पार्टी कम से कम डेढ़ सौ सीटों से ज्यादा जीतेगी। कर्नाटक की 225 सदस्यों की विधानसभा में कांग्रेस ने 135 सीटें जीतीं। सहयोग से कर्नाटक में भी पिछले 2018 के चुनावों के बाद कांग्रेस और जनता दल की मिलीजुली सरकार गठित हुई थी जो लगभग डेढ़ साल तक चली मगर बाद में इसमें भी इस्तीफा संस्कृति को लागू करते तोड़फोड़ हुई और सत्ता पलट हुआ। इसके बाद ही वहां भाजपा सरकार गठित हुई थी।कर्नाटक का अनुसरण दूसरे राज्यों के चुनाव में भी हो ऐसा जरूरी नहीं है। कर्नाटक की जनता ने अपने अनुभव के आधार पर कांग्रेस को बहुमत दिया। मध्य प्रदेश में भी ऐसा ही हो ऐसा अभी नहीं कहा जा सकता है परंतु कांग्रेस नेताओं को भी गलत नहीं ठहराया जा सकता है। लोकतंत्र में मतदाता ही इसका मालिक होता है और वह अपने एक वोट का उपयोग करके जिस राजनीतिक दल को भी सत्ता पर बैठाता है उसका सम्मान सभी राजनीतिक दलों को करना पड़ता है। किसी एक राज्य की राजनीति से दूसरे राज्य की राजनीति प्रभावित हो ऐसा तब तक संभव नहीं होता जब तक कि उन दोनों राज्यों की राजनीतिक और आर्थिक समस्याएं लगभग एक जैसी ही ना हो। अतः हमें यह देखना पड़ेगा 30 वर्ष के अंत तक जिन चार राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं उनकी आपस में राजनैतिक व आर्थिक समानताएं क्या-क्या है। 3 राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान में हम ऐसा मान सकते हैं क्योंकि 2000 तक छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश का भाग था परंतु राजस्थान और इन दोनों राज्यों की भौगोलिक व सांस्कृतिक एकता समानता भी बहुत मायने रखती है अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है इन तीनों राज्यों में नवंबर-दिसंबर महीने में जो चुनाव परिणाम आएंगे वह किसी एक राजनीतिक दल के पक्ष में होंगे। इनमें से राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की सरकार है और मध्य प्रदेश में जो भाजपा की सरकार बनी है वह राजनीति के बदलते स्वरूप का परिणाम कही जा सकती है अतः जो भी परिणाम आएगा उसके बारे में अभी कोई आंकलन करना बहुत जल्दबाजी होगी। जहां तक तेलंगाना का सवाल है तो यहां अजीब पेच फंसा हुआ है क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति में विपक्ष में रहने वाली दोनों पार्टियां आपस में ही जल रही है परंतु भारत की बहुदलीय राजनैतिक प्रशासन प्रणाली में ऐसा अक्सर होता रहा है और आगे भी होता रह सकता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# अनुबंध में अकारण देरी पर तय होगी जवाबदेही, मॉनिटर करें डीएम : जितिन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज**

**बुधवार को** उप्र सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंचे, कलेक्ट्रेट स्थित निरीक्षण भवन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया।

इसके बाद कबीना मंत्री जितिन प्रसाद ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र ÷टेनी÷ के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीडब्लूडी अफसरों संग बैठक की। बैठक में बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, मंजू त्यागी, विनोद अवस्थी, अमन गिरी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह मौजूद रहे। कबीना मंत्री जितिन प्रसाद ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं मार्ग सुरक्षा से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाए। सभी कामों का नियमित फॉलो अप हो।

### खीरी पहुंचे पीडब्लूडी मंत्री जितिन, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ली विभागीय समीक्षा बैठक

किसी भी कार्य में दो माह के भीतर अनुबंध गठन नहीं हुआ, तो इसकी जवाबदेही तय होगी। अनुबंध गठन में देरी को डीएम स्वयं मॉनिटर करते हुए जवाबदेही तय करें। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने अवगत कराया कि नीमगांव-सेहरुआ मार्ग पर ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर चला गया। जिसपर एक्सईएन ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध की कार्यवाही बताई। मंत्री ने ठेकेदार के विरुद्ध आर्थिक दंड के लिए भी निर्देशित किया। विधायक गोला अमन गिरी ने गोला रिंग रोड बनाए जाने की मुद्दा उठाया। जिस पर मंत्रीगणों के समक्ष अफसरों ने रिंग रोड निर्माण के संबंध में तकनीकी पक्ष रखा। इसके निर्माण के संबंध में गहन मंथन भी हुआ। मंत्री ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय मार्ग खंड के माध्यम से रिंग रोड का प्रस्ताव भारत सरकार को




प्रस्ताव भेजा जाए। मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के जरिए जो भी प्रस्ताव मिल रहें है, उन्हें एजेंडे में शामिल किया जाए। निर्माण कार्य मानक के हिसाब से कराए जाएं और किसी तरह की कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी चीफ को निर्देशित किया कि हर माह जिले के सभी ब्लैक स्पॉट की मंथली प्रोग्रेस रिपोर्ट उनकी टेबल पर हो। यह जन सुरक्षा से जुड़ा मामला है। इसका गहन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो। मंत्री ने जिले के एनएच के क्रियान्वित प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। नियत समयावधि के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराएं। रोड मार्किंग प्रॉपर हो ताकि कोहरे के समय किसी को असुविधा ना हो। इससे संबंधित खंड के अफसर सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री समेत सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में जो दिशा निर्देश दिए उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। वही कबीना मंत्री जितिन प्रसाद ने विशेष रूप से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बैठक में शामिल होने पर आभार ज्ञापित किया।

### जल्द होगा लखीमपुर-देवकली-अलीगंज मार्ग का होगा सुदृढ़ीकरण चौड़ीकरण: जितिन

**कबीना** मंत्री जितिन प्रसाद ने मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ जिले की अहम रोड लखीमपुर-देवकली-अलीगंज मार्ग के जल्द सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण होने का संकेत दिया। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड एवं निर्माण खंड 3 के अधीन 25.6 किलोमीटर के मार्ग जल्द बनेगा इसके लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अफसरों को निर्देश दिए। इस मार्ग के बनने में लगभग 93 करोड़ की धनराशि खर्च होगी।

### वर्ल्ड क्लास बनेगी सड़कें, गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा होगा कामः जितिन

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। समय सीमा के भीतर सभी काम पूरे हो। आने वाले वर्षो के लिए बनने वाली कार्ययोजना के लिए जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए। अफसरों के साथ विचार-विमर्श हुआ। जिले में आने वाले वर्षो के लिए कार्ययोजना बनी, ताकि जिले में विकास प्रभावी तरीके से हो और सरकार की मंशानुरूप वर्ल्ड क्लास सड़कें बन सके।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में अंतिम गांव तक विकास कराने का खाका तैयार किया

### ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में विकास कार्यों की बनायी कार्ययोजना

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

बुधवार को विकासखंड कुठौंद के मीटिंग हॉल में क्षेत्र पंचायत की मीटिंग ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की मौजूदगी में हुई। विकास खण्ड कुठौंद में गौशाला, पानी, साफ सफाई, सड़कों आदि पर बनी करोड़ों की विकास कार्ययोजना में विकास खण्ड कुठौंद के अंतिम गांव तक विकास कार्य किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

विकास खण्ड कुठौंद परिसर में क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक की गई बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता की मौजूदगी में खुली बैठक में विकास खण्ड कार्यालय द्वारा




क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो को बुकलेट से क्रमवार ब्लॉक के कर्मचारियों द्वारा सबको बताया गया कर्मचारियों द्वारा बताया गया की आवास योजना, पेयजल योजना, सड़क योजना, पेंशन योजना, पर बताया गया आगामी कार्ययोजना भी पढ़कर सुनाई गई जिसमें आने वाले समय में विकास खण्ड के क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता द्विवेदी ने कहा विकास खण्ड के अंतिम गांव तक विकास किया जाएगा। हर गरीब वर्ग के लोगों के लिए काम किया जाएगा। हर पात्र व्यक्ति को उसके अधिकार के तहत आवास पेंशन अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी द्वारा पत्रकारों को लेकर संबोधन नहीं किया गया और कवरेज कर रहे पत्रकारों को हटाने की बात को लेकर पत्रकार मीटिंग छोड़कर बाहर निकल आए जिस पर बैठक में गर्माहट का माहौल बन गया और बैठक में चर्चा का विषय बना रहा।

# डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज**

**कारागार प्रशासन** द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया। डीएम ने जेल प्रशासन को अनुमन्य सभी सुविधाएं मुहैय्या कराएं। डीएम-एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफ-सफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम-एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना, खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की, जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों



अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। डीएम एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेलर पंकज सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, केके पांडेय, केपी सिंह, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमारी, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत मौजूद रहे।

## बेहतर कार्य करने पर पुरस्कृत होगीं ग्राम पंचायतें

**कदौरा (जालौन)।** कदौरा ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत शासन की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार पाने वाली ग्राम पंचायतों को शासन की ओर से गांव में विकास कार्य के लिए अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी। नौ बिंदुओं पर कराए गए विकास कार्यो में सर्वाधिक नंबर प्राप्त करने वाली पांच ग्राम पंचायतों का चयन योजना के लिए किया जाएगा। गरीबी उन्मूलन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, बाल मैत्री, पर्याप्त जल संसाधन, स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक सुरक्षा, महिला सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले गांव ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि एक जून से 10 अगस्त तक आवेदन करना होगा। हमारी पंचायत पोर्टल पर ग्राम पंचायतों को 100 अंकों वाली प्रश्नावली के प्रश्नों का उत्तर साक्ष्यों के आधार पर करना होगा।

# समाजसेवा जैसे पुनीत कार्य में समाज के लोग आगे आयें: डा. अनुरागी

### भाविप के वाटर कूलर का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**भारत** विकास परिषद हमेशा ही समाजसेवा के कार्यो के चलते जानी जाती रही है। उससे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी आगे आते हैं। परिषद द्वारा नगर में लगवाए जा रहे वाटर कूलर का लाभ लोग ले रहे हैं। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष ने राधा कृष्ण मंदिर के पास लगाए गए वाटर कूलर के लोकार्पण के दौरान कही।

समाजसेविका सुधा रानी अग्रवाल द्वारा अपने स्वर्गीय पति छदामी लाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में नगर के बैठगंज स्तिथ राधा कृष्ण मंदिर के पास गर्मी के




राधा कृष्ण मंदिर के पास वाटर कूलर का लोकार्पण करते जिला पंचायत अध्यक्ष समृद्धि न्यूज

मौसम में दर्शनार्थियों व राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगवाया गया। जिसका लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी द्वारा किया गया। लोकार्पण के दौरान उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की अधिक आवश्यकता पड़ती है। यदि ठंडा पेयजल मिलता है तो शरीर को राहत पहुंचती है। गर्मी के मौसम में नगर के लोगों को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के तत्वावधान में समाजसेवका द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर निश्चित ही लोगों को लाभ पहुंचाएगा। उन्हें विश्वास है कि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा लेगे। बता दें, बीते एक माह में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में नगर में यह चौथा वाटर कूलर लगवाया गया है। पूर्व नगर के तीन विद्यालयों में वाटर कूलर स्थापित कराएं जा चुके हैं। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल, क्षेत्रीय सचिव अजय इटौरिया, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सीपी गुप्ता, शाखा अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, सचिव अनुराग बहरे, राजू पोरवाल, डॉ. रंजना दुबे, निशा माहेश्वरी, अतुल खन्ना, नैना साहनी, मधु पांडेय, इंदु माहेश्वरी, हर्षिता राठी, नीता साहनी, अर्चना खन्ना आदि मौजूद रहे।

# बैठगंज में डाली गयी लाखों की बंच केबिल चंद महीनों में हुई जर्जर

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**नगर के** बाजार बैठगंज में डाली गई बंद केबिल जर्जर हो चुकी है। आए दिन केबिल में फॉल्ट होकर आग लग जाती है। जिससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। जर्जर केबिल के न बदले जाने से व्यापारी चिंतित हैं। व्यापारियों व नगरवासियों ने केबिल को बदलवाने की मांग ऊर्जा मंत्री समेत डीएम से की है। हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा एवं बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा बाजार बैठगंज समेत अन्य स्थानों पर बंद केबिल डलवाई गई थी। इन केबिल में खंभे से कनेक्शन दिए गए हैं। बाजार बैठगंज में पड़ी यह बंद केबिल पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। हालत यह है कि प्रतिदिन इस केबिल में फाल्ट होते रहते हैं। फाल्ट होने पर चिंगारी दूर दूर तक गिरती हैं। केबिल बंद होने के चलते रबर में भी आग लग जाती है। बाजार बैठगंज व्यपार का प्रमुख केंद्र हैं। केबिल में लगने वाली आग कभी भी घातक सिद्ध हो सकती है। वह तो गनीमत है कि केबिल में फाल्ट होने पर आवाज सुनकर लोग इधर-उधर हो जाते हैं। अन्यथा की स्थिति में कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। व्यापारी विशाल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कपिल गुप्ता, निखिल, ललउवा, अजीत श्रीवास्तव, अशफाक राईन आदि ने बताया कि झंडा चौराहा से फाटक वाले हनुमान तक हाईटेंशन लाइन की बंद केबिल जर्जर हो चुकी है, लगातार फाल्ट हो रहे हैं। इसके बाद भी विभाग फाल्ट में जोड़ लगाकर काम चला रहा है। जर्जर लाइन के कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। आसपास के दुकानदार जर्जर केविल को बदलवाने की मांग कई महीनों से कर रहे हैं। इसके बाद भी बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। दुकानदारों ने जिलाधिकारी व ऊर्जा मंत्री से बाजार की जर्जर केविल बदलवाने की मांग की है।

# केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा ने किया केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी का उद्घाटन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज**

**नेहरु युवा** केंद्र द्वारा आयोजित युवा उत्सव -इंडिया ञ्च2047 कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ द्वारा ''नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण'' विषय पर प. दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कालेज, गोला रोड, लखीमपुर खीरी में चित्र प्रदर्शन का आयोजन हुआ।प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने किया। सदर विधायक योगेश वर्मा और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रदर्शनी को देखने के लिये स्कूली विद्यार्थियों समेत सैकड़ो लोगो का हुजुम उमड़ा। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुये केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि मोदी जी ने गरीब से गरीब व्यक्ति को घर, बिजली, गैस व स्वास्थ्य बीमा जैसी कई बुनियादी सुविधाएँ देकर उनके जीवनस्तर को उठाया है। यह वर्ग पहली बार अपने आप को



देश की विकास यात्रा से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। देश ने पहली बार ग्रामीण व शहरी भारत का समानांतर विकास देखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के 9 वर्ष रहे हैं। आज एक ओर मोदी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और विश्व में गौरव के नए आयाम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने विकास व गरीब कल्याण के नए मापदंड स्थापित किये हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के नौ वर्ष सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के नौ वर्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और विश्व में गौरव के नए आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने विकास व गरीब कल्याण के नए मापदंड स्थापित किये हैं। प्रदर्शनी में केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा ''नौ साल-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण' विषय पर प्रचार साहित्य व पुस्तक का वितरण भी किया गया। प्रदर्शनी में युवाओं और विद्यार्थियों का हुजुम उमड़ पड़ा। विद्यार्थियों में केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जानने का रुझान देखा गया। कई विद्यार्थियों ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, स्टैंड अप योजना के बारे में जाना तथा सम्बन्धित अधिकारियों से भविष्य में इससे मिलने वाले लाभ के बारे में भी जाना। महिला विद्यार्थियों ने नारी शक्ति से जुड़ी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के बारे में जाना।प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विकास और गरीब कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों, योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों से जुड़े पैनल भी लगाए गए थे। इस आयोजन में सांस्कृतिक, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ ने अधीक्षण अभियंता विद्युत पर लगाया अनियमितता बरतने का आरोप

**उरई (जालौन)।** जनपद के विद्युत महकमे में लंबे समय से चले आ रहे गड़बड़झाले को लेकर अनेकों बार मामले गर्माये लेकिन विभाग द्वारा उन पर लीपापोती करने में सफल होते रहे। इतना ही नहीं ऊर्जा मंत्री से की गयी शिकायत में प्रदेश सरकार के राजस्व को क्षति पहुंचाने वालों के कारनामों का भी सिलसिलेवार तरीके से खुलासा गया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि पूर्व सैनिक कल्याण निगम आश्रितों को अधीक्षण अभियन्ता उरई (जालौन) ने अपने पत्रांक संख्या 332 दिनांक 09.05.2023 को मेल द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर उप्र पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड को कार्यालय सहायकों की नियुक्ति के लिए 17 लोगों के नाम प्रेषित किए जिसमें कीरत सिंह यादव पुत्र विजय सिंह विद्युत परीक्षण खण्ड उरई का नाम भी तैनाती के लिए अनुमोदित किया गया जिनकी माता-पिता किसी भी सैन्य सेवा से संबंधित नहीं है फिर भी उनकी नियुक्ति कर दी गयी। इसी क्रम में प्रदीप कुमार पुत्र बृजपाल सिंह की भी नियुक्ति की गयी जिनके माता पिता सैन्य सेवा से संबंधित नहीं है अपने परिवार जनो में से किसी का फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर नियुक्ति करा दी गयी है। इसीक्रम में शशिकांत यादव पुत्र दशरथ सिंह व मिथुन कुमार पुत्र श्याम किशोर की भी नियुक्ति कर दी गयी जो कि घपले के मामले में जांच में आरोपित है उसकी जांच अभी तक लंबित है इससे यही दर्शाता है कि अधीक्षण अभियंता आरके यादव ने कार्यालय सहायक की नियुक्ति के दौरान भारी अनिमितताओं को अंजाम दिया गया है। कार्यालय सहायकों की नियुक्ति में आश्रितों की उम्र 25 वर्ष तक होनी चहिए बल्कि वर्तमान में जिन लोगों की नियुक्तियां की गयी उनकी उम्र 40 वर्ष तक है जो पूर्व सैनिक है उनको लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधीक्षण अभियंता राम कैलाश यादव व अधिशासी अभियन्ता महेन्द्र भारती के संरक्षण में विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय में तैनात बाबू प्रमोद परिहार जो विगत 10 साल से एक ही जगह जमे हुए है।

# सड़क सुरक्षा नियम जीवन में संस्कार की तरह आत्मसात करें: एल वेंकटेश्वर

**उरई (जालौन)।** प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग एवं महानिदेशक, उपाम, उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, सड़क सुरक्षा व दुर्घटनाओं में मानवीय आर्थिक एवं सामाजिक क्षति की रोकथाम हेतु राजकीय मेडिकल कालेज में लोक संवाद का आयोजन किया गया।

शासन की मंशानुरूप प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग एवं महानिदेशक, उपाम, उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू ने संबोधित करते हुये कहा कि अधिकारी, छात्र-छात्राओं, जनमानस सड़क सुरक्षा नियम जीवन में संस्कार की तरह आत्मसात करने की आवश्यकता हैं। उन्होंने संविधान व गीता आदि का संदर्भ देते हुये कर्मयोगी बनने के लिये चार मूलमंत्र जैसे गीताज्ञान, सड़क सुरक्षा मानव रक्षा, विश्व रक्षा का सन्देश देते हुये प्रदेश में दुर्घटनाओं की संख्या



को कम करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मन और विवेक को काबू में रखकर वाहन चलाना चाहिये तथा क्रोध व नींद की दशा में वाहन का संचालन न करें। उन्होनें कहा कि अपने स्वप्रेरणा से नियमों का पालन करना चाहिये न कि चालन के भय से, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये गंभीर है समय-समय पर परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा अभियान चलाकर प्रेरित किया जाता हैं। उन्होंने कर्मयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटना में कमी लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज समृद्ध बनता हैं साथ ही समाज में फैली नकारात्मकता कम होगी क्योंकि जब इस तरह के कार्यक्रमों में युवा पीढ़ी भाग लेती है तो उनके अंदर नयी सोच व भावना उत्पन्न होती है। उसी के आधार पर वह एक नये समाज की संरचना तैयार करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के मुख्य उद्देश्य बताते हुये कहा कि इस योजना से छात्रों कसे आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, एनडीए, सीडीएस, नीट जैसी प्रतियोगिताओं के लिये मुफ्त कोचिंग प्रदान करना हैं। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के होनहार छात्रों को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा और वह अच्छी कोचिंग प्राप्त करके सफल हो सकेगे। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के उपनिदेशक एसएन त्रिपाठी, सड़क सुरक्षा के डिप्टी कमिश्नर मयंक ज्योति, मिशन कर्मयोगी वक्ता आचार्य रामकृष्ण गोस्वामी, कपिल आनन्द चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में मानवीय, आर्थिक एव सामाजिक क्षति की रोकथाम के लिये लोक संवाद आदि विषयों पर प्रकाश डाला।

## मशहूर शायर व पत्रकार नय्यर शकेब को किया गया सम्मानित

**बिसवां (सीतापुर)।** मशहूर शायर व पत्रकार नय्यर शकेब को किया गया सम्मानित,लांगों ने दी मुबारकबाद। पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जब बोलेगा हिंदुस्तान समाचार पत्र के प्रधान कार्यालय सूर्या काम्प्लेक्स सीतापुर में मशहूर शायर व पत्रकार नय्यर शकेब बिस्वानी को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर व अदीब वसी सीतापुरी एवार्ड से मुख्य सम्पादक राजा करन सिंह आदि द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व में भी नय्यर बिस्वानी को कई पुरस्कारो से सम्मानित किया जा चुका है। इन्होंने बहुत ही कम वक्त में उर्दू साहित्य क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बनाया है उनका परिवार उर्दू साहित्य से जुड़ा रहा है।उनके पिता समर विश्वानी स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर के शायर व अदीव रहे हैं और कई किताबों के लेखक भी रहे। नय्यर बिस्वानी मंच संचालक की हैसियत से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अपना अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं शायरो व पत्रकारो ने उन्हे उस सम्मान पर बधाई दी है।

# आईपीएस विजय कुमार के प्रदेश का डीजीपी बनने ही सतोह में दिखा जश्न जैसा माहौल

**उरई (जालौन)।** जनपद में उस दौरान खुशी की लहर दौड़ गयी जब प्रदेश सरकार द्वारा जनपद जालौन के एट थाना क्षेत्र के ग्राम सतोह के मूल निवासी आईपीएस अधिकारी विजय कुमार को प्रदेश का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। बताया जाता है कि 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी विजय कुमार 2024 में रिटायर्ड हो रहें हैं। जनपद के लोगों के लिये गौरव की बात यह है कि डीजीपी विजय कुमार मूल रूप से जनपद जालौन के ग्राम सतोह के स्व. रामप्रसाद चौधरी के पुत्र है। इनके अन्य भाई में सरकारी सेवा में होने की वजह से गांव में निवास नहीं करते हैं।

बताते चलें कि एट थाना क्षेत्र के ग्राम सतोह के मूल निवासी एवं 1988 कैडर के आपीएस अधिकारी विजय कुमार को प्रदेश का पुलिस का कार्यवाहक डीजीपी बनाये जाने की घोषणा होते ही गांव में खुशी का माहौल हो गया। गांववासी एक दूसरे को बधाइयां देते नजर आये। आईपीएस विजय कुमार जालौन के पैतृक गांव सतोह के मूल निवासी है उनकी शुरूआती शिक्षा गांव के ही प्राइमरी विद्यालय में हुई। लेकिन उनके पिता कानपुर में पुलिस विभाग में होने की वजह से पूरा परिवार कानपुर चला गया था जहां पर उन्होंने अपनी अन्य भाइयों के साथ शिक्षा पूरी की और वह आगे बढ़ते चले गये।

विजय कुमार के पिता इंस्पेक्टर रामप्रसाद चौधरी कानपुर थाना में थे इनके चार पुत्र थे। बड़े भाई अजीत कुमार सिंह रीटर्स इनकम टैक्स में थे दूसरे नंबर के विजय कुमार जो आज डीजीपी बनाये गये जबकि तीसरे भाई हेमंत कुमार अभी इंस्पेक्टर है, चौथे भाई बबलू जो वर्तमान में झांसी में रहतने हैं। विजय कुमार का पूरा परिवार प्रदेश की राजधानी में निवास करता है। विजय कुमार पढ़ाई में आगे रहे।

**सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र सुभाष व उसकी पत्नी रेनू देवी जो मेरा कहा नहीं मानते और मुझे आये दिन तंग करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे। राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 छोटे लाल व प्रेमा देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद निवासी निघासन रोड अपोलो हॉस्पिटल के निकट थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी।

### नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ का हुआ समापन

# जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से दी गई आहुति

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि शक्ति सदा शिव मंदिर धर्म स्थल तपोभूमि परिसर में मंगलवार को चल रहे नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ का समापन हो गया। प्रतिदिन की भांति वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर विराट रुद्र महायज्ञ शुरू हुई। जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से आहुति दी गई। उसके बाद आरती के साथ ही यज्ञ नारायण भगवान का विसर्जन किया गया। अहिलाओ ने झूमकर बधाई गीत गया और भिखारी बाबा ने खजाना लुटाया। विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में रामकथा के साथ ही देवी जागरण हुआ, जिसमे भक्ति गीतों पर सारी रात लोग झूमते रहे।



कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि चुर्क स्थित वन रेंज कार्यालय के सामने नवनिर्मित आदि शक्ति सदा शिव मंदिर उपासना स्थल परिसर में आचार्य राधेकृष्ण तिवारी, आचार्य रेवती तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य कौशल तिवारी एवं आचार्य रामचंद्र तिवारी के जरिए वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ संपन्न कराया गया। संत शिरोमणि रामनिवास शुक्ल जी महाराज का आगमन समापन के अवसर पर हुआ। जिनका अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया और उनका आशीर्वचन मिला। प्रतिदिन की भांति जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से आहुति दी गई, जिससे समूचा वातावरण शुद्ध हो गया। आरती के बाद यज्ञ नारायण भगवान का विसर्जन किया गया। विसर्जन के अवसर पर जहां महिलाओं ने बढ़ाई गीत गाए वहीं भिखारी बाबा ने खजाना लुटाया। दिल्ली से आए आचार्य कृष्ण बिहारी जी महाराज द्वारा रामकथा सुनाई गई। श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। कलश विसर्जन भी किया गया। रात्रि में देवी जागरण हुआ जिसमें सारी रात भक्ति गीतों पर लोग झूमते रहे। साध्वी कृष्णावती, एडवोकेट सुरेंद्र त्यागी, रामचंद्र, रामवृक्ष, रामसूरत,मनोज केशरी, जनरैल सिंह, बच्चालाल जायसवाल, मीरा यादव, अमित कनौजिया, विशाल, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, जितेंद्र गुप्ता, आलोक रावत, बुद्धिराम यादव, गोपाल केशरी, सुभाष मोदनवाल,मीरा भट्टाचार्य,मुन्नी, सरोज सिंह, कृष्णा, राधा,संगीता, राजकुमारी, लीलावती, हीरावती, निशा, अजय कुमार यादव, रमाशंकर, नसीम कुरैशी, प्रियांशु, आकाश सिंह, अनिल, सौरभ आदित्य सिंह, नरेश कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में लोगों को किया गया जागरूक

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



ईश्वर ने हमारे शरीर की रचना कुछ ऐसी की है कि रोग के आसार बनते ही हमारा मस्तिष्क इस की सूचना दे देता है। जो व्यक्ति अपनी व्यस्तता का बहाना बना कर इस संदेश की परवाह नहीं करता, वह रोग से बच नहीं सकता।

उक्त बातें बुधवार को निशात मेडिकल कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र छात्राओ द्वारा ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन मे आयोजित राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के स्वाथ्य शिक्षा अधिकारी एस एस चौधरी एव आशाराम चौधरी ने कही उन्होंने कहा कि तम्बाकू का सेवन करने वाले के मस्तिष्क पर तम्बाकू का प्रभाव तेजी के साथ हावी हो जाता है इसीलिए तम्बाकू सेवनकर्ता जल्द ही इसका आदी हो जाता है। तम्बाकू मन-मस्तिष्क को कमजोर कर देता है। इसके विष के प्रभाव से क्रोध की प्रवृत्ति प्रबल हो जाती है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू में चार प्रकार के ऐसे पदार्थ होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए विष का काम काम करते हैं। यह मुंह, दांत एवं पाचन को प्रभावित करता है तथा रक्तचाप एवं धड़कन को बढ़ा देता है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद की अध्यक्षता मे आयोजित तम्बाकू नियंत्रण दिवस मे लोगो ने तम्बाकू, गुटखा एव सिगरेट का न सेवन की शपथ ली तथा नर्सिंग कालेज के छात्र छात्राओ ने गाव मे जागरूकता रैली व नुक्कड़ सभा कर लोगो से धम्रपान त्यागने की अपील की।

# बस स्टेशन प्रभारी की हृदय गति रुकने से हुई मौत, दौड़ी शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लगभग 6 माह से हैदरगढ़ बस स्टेशन पर स्टेशन प्रभारी के रूप में तैनात शकील अहमद 59 वर्ष का आज सुबह अपने घर पर हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। स्टेशन प्रभारी की मौत की सूचना हैदरगढ़ पहुंचते कि लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। विभागीय कर्मचारियों एवं उनके परिचितों ने गांव पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को ढाँढस बंधाया। गांव जाकर शोक व्यक्त करने वालों में प्रवीण तिवारी, कौशल किशोर श्याममूर्ति बाजपेई सफाई कर्मी कमला, मन्नो के अलावा नितिन मौर्य दयाशंकर मिश्रा नीलू मिश्रा नन्हू शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद के थाना असंद्रा अंतर्गत पूरे डल्ला गांव निवासी श्री सिद्दीकी कम समय में ही अपने अच्छे व्यवहार के चलते लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए थे जिसकी वजह से उनके निधन की सूचना पाते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

# राजनीतिक भेड़िए हैं उन्हें सिर्फ सत्ता से मतलब : आचार्य परमहंस

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** पारिजात वृक्ष के दर्शन पूजन करने पहुचे अयोध्या के सन्त परमहंस आचार्य।पारिजात धाम समिति व स्थानीय लोगों सन्त को माला पहनाकर किया स्वागत।आचार्य ने मीडिया से बात करते हुए बृजभूषण के मामले में अयोध्या के तपस्वी छावनी के महंत परमहंस आचार्य ने बड़ा बयान दिया।बृजभूषण के मामले में सिर्फ राजनीति की जा रही है।2024 के चुनाव को प्रभावित करने में खाप पंचायतें व टिकैत जुट रहे है जितने लोग वहां इकठ्ठा हो रहे हैं क्या इन लोगों को दलित बेटी साक्षी की निर्मम हत्या की गई इन किसी की संवेदनाएं नहीं आई क्योंकि वह विशेष समुदाय से है।अपराध करने वाला कोई भी हो किसी भी धर्म से हो अपराधी अपराधी है लेकिन जो राजनीतिक भेड़िए हैं उन्हें सिर्फ सत्ता से मतलब है।चाहे जिसकी बलि चढ़ जाए। बृजभूषण शरण सिंह पर जो आरोप लगे हैं मैं उसमें यही कह सकता हूं कि जांच चल रही है जांच में जो आएगा और उन्होंने स्वयं बयान दिया है जांच में आएगा अगर दोषी पाया जाऊंगा तो मुझे सजा मिलेगी परमहंस ने कहा जो दोषी है उन्हें सजा मिलनी चाहिए।बुधवार को पारिजात धाम पहुंचे थे अयोध्या के तपस्वी छावनी के महंत जगद्गुरु परमहंस आचार्य।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष के साथ दो दर्जन पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

# अनावश्यक दबाव व उपेक्षा के कारण दिया सामूहिक इस्तीफा : कौशल शर्मा

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा के आवास पर हुई, जिसमें नगर के पदाधिकारियों द्वारा व्यापारी हित में कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई। नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि 2018 से नगर की टीम पूरे समर्पण भाव से व्यापारियों के हित में धरना और ज्ञापन के माध्यम से निरंतर कार्य किया है और इससे प्रदेश नेतृत्व को भी समय-समय पर अवगत कराया गया है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि विगत कई वर्षों से नगर के पदाधिकारी गण निस्वार्थ भाव से संगठन की रीति नीति को आत्मसात कर निरंतर व्यापारियों के हित में कार्य कर रहे हैं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में तन मन से समर्पित है एवं संगठन की नीतियों एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।



नगर अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि नगर के पदाधिकारियों की उपेक्षा एवं अनावश्यक दबाव के चलते संगठन के नगर अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे है और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त कर रहा हूं कि प्रदेश अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष के पद पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जिसके लिए हम सभी पदाधिकारी गण आपका आभार व्यक्त करते हैं।

गौरतलब हो नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा ने 25 पदाधिकारियों के साथ सामूहिक त्यागपत्र उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की हुई बैठक में व्यापारी हित में कराए गए कार्यों की समीक्षा के बाद दिया है। उन्होंने बताया कि 2018 से नगर की टीम पूरे समर्पण भाव से व्यापारी हित में विभिन्न धरना और ज्ञापन के माध्यम से निरंतर कार्य किया है और इससे प्रदेश नेतृत्व को भी समय-समय पर अवगत कराया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि विगत कई वर्षो से नगर के पदाधिकारी निस्वार्थ रूप से संगठन की रीति नीति को आत्मसात कर निरंतर व्यापार हित में कार्य कर रहे हैं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में तन मन से समर्पित है एवं संगठन की नीतियों एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया श्री शर्मा ने आगे कहा कि नगर के पदाधिकारियों की उपेक्षा एवं अनावश्यक दबाव के चलते संगठन के नगर अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे है उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेशनगर अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल जैन को सौंप दिया है।

# एनडीपीएस एक्ट : दो दोषियों को 20-20 वर्ष की कैद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

सात वर्ष पूर्व एक कुंतल 10 किग्रा अवैध गांजा के साथ पकड़े गए दो दोषियों को दोषसिद्ध पाकर बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने 20- 20 वर्ष की कैद व 2-2 लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक -एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 4 फरवरी 2016 को पिपरी एसओ भारत भूषण तिवारी पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में थे कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक पिकअप गाड़ी से मुर्धवा-रनटोला मार्ग पर जंगल में नाजायज गांजा की खेप उतरी गई है। जिसे दो व्यक्ति कहीं ले जाने की फिराक में हैं। अगर मौके पर चला जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस बल के साथ पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से एक कुंतल 10 किग्रा नाजायज गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम पता विपिन जायसवाल उर्फ गोलू पुत्र सभाजीत जायसवाल निवासी टिकरी, थाना मांडा, जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश व पप्पू उर्फ छोटे पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ निवासी तियरा, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश बताया। इनके कब्जे से क्रमशः 60 किग्रा व 50 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दो दोषियों क्रमशः विपिन जायसवाल व पप्पू उर्फ छोटू को 20- 20 वर्ष की कैद व प्रत्येक पर 2 लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक - एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# स्कार्पियो बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

थाना सुबेहा अंतर्गत समनामऊ गांव के निकट आज बुधवार सुबह स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर मे बाइक सवार की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी जनपद के थाना शुकुल बाजार अंतर्गत महमदपुर कुटी निवासी संदीप पुत्र रामरूप 21 वर्ष मोटरसाइकिल से अपनी मौसी को लेकर अमेठी जनपद के शिवरतन गंज थाना क्षेत्र के महावल का पुरवा गांव उनके घर छोड़ने गया था वापसी के दौरान वह जैसे ही समनामऊ गांव के निकट पहुंचा ही था तभी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से आ रही एक स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची पुलिस उस घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदर गढ़ लेकर आई ,जहां गंभीर हालत में डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया।



# जीआईसी स्काउट गाइड के छात्रों ने चलाया प्याऊ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में राहत के लिए राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी के स्काउट छात्रों द्वारा प्याऊ का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम द्वारा किया गया। प्याऊ का यह कार्यक्रम विद्यालय के मुख्य द्वार पर आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के 25 छात्रों द्वारा पूरे मनोयोग से यात्रियों को रोक रोक कर धूप व गर्मी से राहत देने वाले रसना और रूह अफजा का शरबत पिलाया गया।

# जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सड़क पर बह रहा गन्दा पानी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसरांय कस्बे के मुख्य चौराहे पर लोक निर्माण विभाग की पुलिया पटने से व नाला चोक होने से घरों से निकलने वाला नापदान का गंदा पानी नाले से बहने के बजाय चौराहे पर भरा हुआ है। गन्दे पानी की दुर्गंध से चौराहे पर आने वाले यात्रियों एवं दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं जिम्मेदार विभाग द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोगों मे आक्रोश पनप रहा है। बताते चलें बदोसरांय कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्व0 रामसेवक यादव की प्रतिमा के सामने बदोसरांय सफदरगंज मार्ग पर बनी पुलिया पटने व नाला पूरी तरह चोक होने से लोगों के घरों से निकलने वाला गन्दा पानी पुलिया से निकल कर नाले में जाने के बजाय रामनगर मार्ग की तरफ सडक पर बह रहा है।

# अज्ञात बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, एक घायल

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अज्ञात बस की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गये।इलाज के लिये उन्हे स्थानीय सी एच सी लाया गया।एक व्यक्ति की हालत नाजुक देख कर चिकित्सको ने जिला अस्पताल भेज दिया।डॉक्टरों ने उसे वहा मृत घोषित कर दिया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुनील कुमार पुत्र खेम अपने साथी प्रदीप कुमार पुत्र प्रहलाद निवासी बिंदिया वजीरगंज गोंडा बाइक से रामनगर की ओर आ रहे थे।वह जब गोण्डा बाराबंकी हाईवे स्थित ग्राम नचना के निकट पहुँचे उसी वक्त पीछे आ रही तेज रफ्तार अज्ञात रोडवेज बस ने जोरदार ठोकर मार दी जिसके चलते दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लाया गया जहां पर सुनील की हालत गंभीर होने के चलते डॉ स्वप्निल ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अटेवा निकालेगा पुरानी पेंशन बहाल और एन.पी.एस. निजीकरण भारत छोड़ो रथ यात्रा

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

नई पेंशन स्कीम को बंद करने वह पुरानी पेंशन स्कीम को शुरू करने और निजीकरण के विरोध में गुरुवार से बिहार के चंपारण से एनपीएस भारत छोड़ो यात्रा प्रारंभ होगी। उक्त बातें अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु ने सहजनवा स्थित कालेसर जीरो पॉइंट पर स्वागत समारोह के दौरान कहा। बताते चले की एन.पी.एस./ निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा चम्पारण (बिहार) 1 जून से रथयात्रा की शुरुआत की जायेगी, जहां से महात्मा गांधी ने आन्दोलन की शुरुआत की थी। यात्रा का समापन 26 जून को मुंबई में होगा । उत्तर प्रदेश में इस यात्रा का प्रवेश 5 जून को गाजीपुर से होगा, और इस सफल बनाने के लिए यहां इस यात्रा के स्वागत की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है।



अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एन.एम.ओ.पी.एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु का अटेवा ज़िला महामंत्री गोरखपुर ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सहजनवा, कालेसर जीरो पॉइंट पर जोरदार स्वागत किया गया।

वहीं ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया की यूपी में यात्रा गाजीपुर, मुगलसराय, वाराणसी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, गौरीगंज, रायबरेली होती हुई 7 जून को लखनऊ पहुंचेगी। इसके पश्चात 8 जून से सीतापुर, मैगलगंज, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, नूरपुर, बिजनौर तथा रुड़की होते हुए 10 जून को हरिद्वार में प्रवेश करते हुए आगे बढ़ जायेगी। इस रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारी अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे।

इस मौके पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र रॉय, अटेवा जिलाध्यक्ष गोरखपुर सुनील कुमार दूबे, अटेवा ज़िला उपाध्यक्ष राजकुमार, अटेवा ज़िलाध्यक्ष महाराजगंज टी पी सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षकगण व सरकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस : विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अंबेडकरनगर, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ सेक्शन 2023-24 के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पदम नारायण मिश्र के निर्देशानुसार बुधवार को बाल संप्रेक्षण गृह अयोध्या में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए जारी दिशा निर्देशों के अंतर्गत किया गया।



शिविर में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कमलेश कुमार मौर्य, सहायक अधीक्षक नमन गुप्ता, केयरटेकर विजय प्रताप सिंह,हंस लाल वर्मा व संजय कुमार आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव श्री मौर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिए तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिए तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाली सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से तथा लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिए विश्व भर में एक मान्यता प्राप्त कार्यक्रम के रूप में मनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पहली बार सात अप्रैल वर्ष 1988 को डब्लूएचओ.की वर्षगांठ के अवसर पर मनाया गया किंतु बाद में हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई।

उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख लोग तंबाकू के प्रयोग के कारण मर जाते हैं।इसलिए इस दिन को मनाने के पीछे यही ध्येय है कि आम जनता तंबाकू से होने वाले नुकसान को जाने और तंबाकू से बने पदार्थों से दूर रहे। तंबाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे धीरे मौत के मुंह में धकेलता रहता है।लोग जाने अनजाने में तंबाकू उत्पादों का सेवन करते रहते हैं। धीरे धीरे शौक लत में परिवर्तित हो जाती है और तब नशा आनंद प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि न चाहते हुए भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू में मादकता या उत्तेजना देने वाला मुख्य घटक निकोटिन है और यही तत्व सबसे ज्यादा घातक भी है।

# अध्यक्ष पद पर श्रवण कुमार ने भारी मतों से जीत दर्ज किया

**बाराबंकी।** यूपी वाणिज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन जिला बाराबंकी षाखा के द्विवार्शिक अधिवेषन चुनाव परिणामों में अध्यक्ष पद पर प्रधान सहायक श्रवण कुमार भारी मतों से जीत दर्ज किया। राज्यकर अधिकारी प्रखर प्रताप सिंह एवं संयोजक प्रधान सहायक रिजवान अहमद किदवई, जोनल अध्यक्ष अयोध्या नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार सिंह की निगरानी में चुनाव षान्तिपूर्ण संपन्न हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रधान सहायक श्रवण कुमार एवं प्रधान सहायक योगेष कुमार कुरील के मध्य चुनाव कराया गया। मतदान में कुल 20 मत पड़े, जिसमें 15 मत श्रवण कुमार को व 4 मत योगेष कुरील को प्राप्त हुए। 1 मत अवैष घोशित किया गया। इस प्रकार जिला षाखा के अध्यक्ष पर पर श्रवण कुमार को निर्वाचित घोशित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य वाणिज्य कर कर्मियों में वरिश्ठ उपाध्यक्ष इन्द्रेष कुमार, उपाध्यक्ष काली षंकर, मंत्री अभय कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री ललित मोहन सिंह, संगठन मंत्री प्रदीप कुमार व आडिटर रामकुमार मौर्या चुने गए।

# नगर पंचायत स्तर पर हुई अध्यक्षों की नियुक्ति

**अयोध्या।** नगर निगम व नगर पंचायत चुनाव के पश्चात कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिला कमेटी को और मजबूत बनाने के लिए नगर पंचायत स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति की है। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि जिलाध्यक्ष श्री यादव ने अयोध्या जिले में चार नगर पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति की है,जिसके अंतर्गत कुमारगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष विकास सिंह विक्की,मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष तिवारी, सुचितागंज नगर पंचायत अध्यक्ष आजाद रावत तथा बीकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष एजाज अहमद नियुक्त किए गए हैं।जिला प्रवक्ता श्री गौतम ने बताया कि उक्त सभी नियुक्तियां पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी के अनुमोदन से हुई है।

# आरोप सही साबित होने पर फांसी लगा लूंगा : बृजभूषण

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

संतो के आह्वान पर आगामी पाच जून को अयोध्या में आयोजित होने वाली जनचेतना महारैली को सफल सफल बनाने के उद्देश्य से लोधेश्वर महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में महन्त बलराम दास जी महराज की अध्यक्षता और शीतला बक्श सिह के संचालन मे आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुये भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि पहलवानों के द्वारा लगाए जा रहे आरोपों मे से यदि एक भी आरोप सही साबित हो जाए तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा।उन्होंने कहा कि साजिश के तहत चार महीने से धरना देकर मेडल अब गंगा में बहा रहे हैं। साक्ष्य हैं तो न्यायालय में पेश करो न्यायालय मुझे फांसी देगी। तो सहर्ष स्वीकार है भाजपा सांसद ने कहा हम लोग प्रभु श्री राम के वंशज हैं उन्हीं को अपना आदर्श मानते हैं रघुकुल रीत सदा चलि आई प्राण जाहि पर वचन न जाई मैं धरने पर बैठे लोगों से पूछना चाहता हूँ कब और कहां किसके साथ घटना घटी।अपने विरुद्ध रची गई साजिश की तरफ इशारा करते हैं भाजपा सांसद ने कहा कि खिलाड़ी बच्चों की तरह इनकी कामयाबी में मेरा खून पसीना लगा हुआ है 10 दिन पहले तक मुझे कुश्ती का भगवान कहते थे।आज दुनिया के अच्छे देशों में भारत का नाम है मेरे कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने से पहले 18वे नंबर पर था आज तक साथ ओलंपिक मेडल देश में जिनमें से पांच मेरे कार्यकाल के है।भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने रामायण की चौपाइयों एवं शेर के माध्यम से भी अपनी बात रखी बाराबंकी जनपद के लोगों से व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक रिश्तो का हवाला दिया।उन्होंने कहा कि आज मुझे पूरा देश जान चुका है।भारत में इतना समर्थन कभी किसी को नहीं मिला। इसके साथ ही भाजपा सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह आरोप मेरे ऊपर शोभा नहीं देता लेकिन कलयुग है कुछ भी हो सकता है परंतु मैं विचलित होने वाला नहीं हूं शायद ईश्वर मुझसे कोई बड़ा काम लेना चाहते हैं।



# राजेश हत्याकांड : चार दोषियों को उम्रकैद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

- 42- 42 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 8-8 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- 14 वर्ष पूर्व बोलेरो चालक की हत्या करने का है आरोप

14 वर्ष पूर्व बोलेरो चालक राजेश हत्याकांड के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर चार दोषियों को उम्रकैद व 42- 42 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 8-8 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला अंतर्गत बारगवा थाना क्षेत्र के उसका गांव निवासी रामचंद्र पुत्र राजपाल ने अनपरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका बेटा राजेश कुमार एनसीआर कालोनी मोरवा निवासी रामबरन पुत्र रघुराई की बोलेरो चलाता है। 4 जुलाई 2009 को रात्रि 10 बजे चार लोगों ने बोलेरो को 2200 रूपये में तय कर रेणुकूट के लिए चले थे कि रास्ते में ही उसके बेटे राजेश को मारकर फेक दिया और बोलेरो लेकर भाग गए। अखबार पढ़ने पर शव की जानकारी हुई तो मौके पर जाकर देखा तो उसके बेटे का शव था। इस तहरीर पर बोलेरो तय करके के जाने वाले अकरम खां उर्फ सद्दाम पुत्र नसीर आलम निवासी ग्राम रेहला, थाना बीजपुर , जिला सोनभद्र स्थायी पता ग्राम पिपरा, थाना गढ़वा, झारखंड, सुभाशीष सरकार पुत्र निहाल रंजन सरकार निवासी वैरनिया, थाना बरगवा, जिला सिंगरौली, विजय कुमार पटवा पुत्र रमाशंकर पटवा निवासी बरगवा व राजेश वर्मा पुत्र प्रभु वर्मा निवासी बैरनिया, थाना बरगवा, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की गई। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में पांच लोगों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था।

# साकेत में हुआ नए अध्ययन केंद्र का स्थलीय निरीक्षण

**अयोध्या।** मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद,जो एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है की पूरे देश में 35 अलग अलग परिसर हैं।लखनऊ परिसर के दूरस्थ शिक्षा केंद्र के समन्वयक विभागाध्यक्ष डॉ.अफरोज हैदर रिज़वी व लखनऊ परिसर के फारसी विभाग के सहचार्य डॉ.जीशान हैदर की निरीक्षण समिति ने दूरस्थ शिक्षा केंद्र के तहत कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय को अध्ययन केंद्र बनाए जाने हेतु बुधवार को महाविद्यालय का दौरा किया।निरीक्षण समिति ने प्राचार्य प्रो.अभय सिंह के साथ महाविद्यालय के विभिन्न विभागों पुस्तकालय,विज्ञान (प्रयोगशाला) अन्य प्रयोगशालाओं, खेल के मैदान समेत महाविद्यालय में सीसीटीवी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# पर्यटन से ही खुलेंगे युवाओं के लिए रोजगार के द्वार: एमएलसी जितेंद्र सिंह सैंगर

महोबा। समृद्धि न्यूज



भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि बुंदेलखंड में पर्यटन की अपार संभावना है जिससे युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में भी और काम करने की जरूरत है जिससे कि गरीब परिवारों को अपने मुख्यालय पर ही समुचित इलाज की व्यवस्था हो सके एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई मुलाकात के दौरान अपने क्षेत्र के विकास के लिए जो प्रस्ताव रखा उसके बारे में जानकारी दी श्री सेंगर ने बताया कि महोबा , चरखारी, बेलाताल,श्रीनगर जैसी खुबसूरत जगहों पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं सभी जगह प्राचीन महल ,सरोवर, मंदिरों के साथ प्राचीन ऐतिहासिक महत्व की धरोहरें उपलब्ध हैं जिनको अगर सुचारू रूप से विकसित किया जाए तो पूरे क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं बनती हैं जिससे युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध होगा उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पर्यटन एवं चिकित्सा के विकास के लिए आश्वासन दिया है अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले एमएलसी की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

## लखना व बकेवर के चेयरमैन का व्यापार मंडल ने किया स्वागत

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की लखना इकाई नें लखना और बकेबर टाऊन एरिया के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्षों गणेश शंकर पोरवाल एंव विवेक यादव का राधा मोहन कबाड़िया मन्दिर परिसर में माला, पगड़ी, शाल आदि पहना कर स्वागत किया। लखना नगर अध्यक्ष विपिन कुशवाहा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में जिला संरक्षक राम प्रकाश गुप्ता एंव जिला उपाध्यक्ष नितिश पुरवार की उपस्थिति रही, जिला उपाध्यक्ष नितिश पुरवार नें कहा कि नगर की सरकार और व्यापारियों का चोली दामन का साथ होता है, व्यापारी वर्ग निश्चितं होकर अपना व्यापार कर सके इसके लिए नगरपंचायत महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।इस अवसर पर लखना महामंत्री प्रशांत पाठक, कोषाध्यक्ष राजकिशोर, उपाध्यक्ष सत्यम दीक्षित, मु.आशिफ,नगर मंत्री मुकेश प्रजापति,संदीप त्रिपाठी, आर्यन सोनी, आशीष जैन, युवा नगर अध्यक्ष प्रशांत पोरवाल, युवा महामंत्री विशाल सोनी, कोषाध्यक्ष गौरव पोरवाल, नगर युवा मंत्री आशू, मनोज पाल, मनोज कुमार, राहुल पोरवाल, शेर सिंह, ओमजी पोरवाल, सागर आदि व्यापारी गण मौजूद रहे।

# बेरहम पत्नी ने बच्चों के सामने ही कुल्हाड़ी से पत्नी का गला काटा



महोबा। समृद्धि न्यूज

महोबा में मंगलवार देर रात युवक ने कुल्हाड़ी से हमलाकर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मामला श्रीनगर थाना क्षेत्र के ज्योरइया गांव निवासी 35 वर्षीय कमलेश कुशवाहा खेती और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पड़ोसी उपेंद्र ने बताया कि मंगलवार रात को कमलेश अपनी पत्नी अनीता व सात साल के बच्चे के साथ किसी शादी समारोह में गए थे। वहां से यह लोग देर रात वापस आए थे।

रात करीब 12 बजे के बाद उनके मकान से दंपती के बीच झगड़ा होने की आवाज आ रही थी। उसे दौरान कमलेश ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से चार-पांच वार सिर व सीने पर कर दिए । महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित रात को ही घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया।

पड़ोसियों की सूचना पर बुधवार सुबह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसआई देवेंद्र पांडेय ने बताया कि महिला का शव आंगन में पड़ा मिला था, उसके सिर और सीने में कई धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान हैं। पड़ोसियों ने बताया कि कमलेश मानसिक तौर पर बीमार भी रहता है, पत्नी उसे कई जगह इलाज कराने भी ले जा चुकी थी।

## पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**इटावा।** अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण में थाना बढ़पुरा पुलिस ने महिला से दुष्कर्म कर उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़िता द्वारा उसके साथ दुष्कर्म करने एवं उसकी आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के सम्बन्ध में थाना बढ़पुरा पर तहरीरी सूचना दी गयी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी छविराम तोमर पुत्र जनवेद सिंह निवासी कल्याणपुरा थाना कोतवाली इटावा को उदी चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

# नाबालिक की 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई मौत



पनवाडी/महोबा। समृद्धि न्यूज

**थाना** पनवाड़ी अंतर्गत कस्बा पनवाड़ी हरिजन बस्ती मुस्कान वाटिका के पास निवासी साहिल पुत्र शहीद मंसूरी ई रिक्शा एजेंसी में काम करता था।यह घटना बुढेरा रोड़ की है सुबह 11ः00 बजे के लगभग ई-रिक्शा से लोड ट्रैक पर नवयुवक ट्रक पर जैसे ही चढ़ा ऊपर से निकली 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गिर गया एजेंसी मालिक के द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया गया जहां पर डॉक्टर धर्मेंद्र गुर्जर के द्वारा मृत घोषित किया और पुलिस को सूचना देकर पनवाड़ी पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महोबा रिफर कर दिया गया यह घटना सुनकर परिवारजनों में कोहराम मच गया।

# राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

महोबा। समृद्धि न्यूज



**राज्य** मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला द्वारा विकास भवन सभागार जनपद महोबा में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गयी हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी केसरी नन्दन तिवारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त मुख्य सेविकायें एवं महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र को समय से खोलने, राजस्व ग्रामों को कुपोषण मुक्त करने, नियमानुसार अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण लाभार्थियों को समय से करने, जनपद में स्थापित 02 टी0एच0आर0 प्लान्टों को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये है। महिला कल्याण विभाग की संचालति योजनाओं में प्रगति बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देश दिये गये है।

## खबरें एक नजर में

### ग्रापए ने प्रतीक चिंह देकर सूचना अधिकारी का किया स्वागत

इटावा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की इटावा इकाई ने जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव को उनके कार्यालय में जाकर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। इस अवसर पर नीलम यादव को जिलाध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव उपाध्यक्ष डॉक्टर मौसम अली संगठन मंत्री राजेश मिश्रा तहसील अध्यक्ष संतोष गोस्वामी भरथना प्रदीप तिवारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह सेंगर रजत जैन तेज प्रताप सिंह ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके अलावा राकेश राठैड़ जिला महामंत्री देशराज यादव जिला महामंत्री बृजेश शुक्ला जिला महामंत्री सुशील तिवारी उर्फ रिंकू तिवारी जिला महामंत्री द्वारा उन्हें बुके भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। प्रमोद कुमार गौरव पांडे दिलीप सिंह यादव तथा हरीश चंद्र तिवारी ब्यूरो चीफ लोकभारती इटावा द्वारा शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया अरविंद भदौरिया संजय कुमार मूलचंद तथा अनुराग राजपूत जिला मंत्री द्वारा उनको भगवान कृष्ण और राधा की मूर्ति प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट की गई अंत में जिलाध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव एवं हरीश चंद्र तिवारी द्वारा उन्हें सम्मान पत्र देकर उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया गया इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है जिसने निश्चित रूप से केवल और केवल समाजसेवी पत्रकार ही सम्मिलित किए जाते हैं आज उन्हें इस बात की महान प्रसन्नता है कि उनका संगठन जनपद की लोकप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ जिला सूचना अधिकारी श्रीमती नीलम यादव का स्वागत और अभिनंदन कर अपने को गौरवान्वित अनुभव करता है साथ ही जिला सूचना अधिकारी की मुक्त कंठ से इस बात की सराहना भी करता है कि उनके कार्यकाल में अब तक किसी पत्रकार को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा श्री श्रीवास्तव ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि जिला सूचना अधिकारी के रूप में जब तक श नीलम यादव इस पद पर आसीन हैं जिले के किसी भी पत्रकार को उनसे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी ताकि भविष्य में जब भी उन्हें इस जनपद से जाना पड़े तो इस जनपद के पत्रकार उन्हें सदैव याद रखें अपने इस गर्मजोशी स्वागत सम्मान के लिए नीलम यादव जिला सूचना अधिकारी इटावा द्वारा सभी पत्रकारों के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि उनके इस पद पर रहते हुए किसी भी पत्रकार को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी इस स्वागत समारोह में तीन दर्जन से ऊपर पत्रकारों ने शिरकत की।

### पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान में वसूले 62 हजार रुपये

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अपराध रोको अभियान के तहत थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा पैदल गश्त के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 62 हजार रुपये से अधिक समन शुल्क के रूप में राजस्व वसूल किया गया। थाना बढ़पुरा प्रभारी अमित कुमार मिश्रा द्वारा एस आई संजय कुमार, विपिन कुमार आदि के साथ क्षेत्र के यमुना पुल तिराहे के समीप एवं कस्वा उदी मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गयी।चेकिंग में बगैर सीटबेल्ट,बगैर हेलमेट, मात्रा से अधिक सवारियों के अलावा परिवहन विभाग नियमों का पालन नहीं करने व वैध नंबर प्लेट नहीं लगाने पर आधा सैकड़ा छोटे,बड़े वाहनों के ई चालान किये गए तथा 62 हजार 5 सौ रुपये राजस्व वसूल किया गया। पुलिस टीम द्वारा देर शाम को क्षेत्र के कई संदिग्ध स्थानों के अलावा उदी मोड़ कस्वा में पैदल गस्त की गयी।गस्त के दौरान स्थानीय लोगो से संवाद करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिया गया।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं हेतु आनलाइन आवेदन शुरू

हमीरपुर। मत्स्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं हेतु आनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 30 मई से 15 जून 2023 तक आवदेन स्वीकार किया जाना प्रारम्भ है। जिसका आवेदन विभागीय वेबसाइट fisheries.up.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। योजनाओं में निजी भूमि पर तालाब निर्माण एंव निवेश के साथ-साथ 25 से अधिक परियोजनाओं हेतु पोर्टल खोला गया है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण ईकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एंव विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य कमरा न0 304 एंव 306 विकास भवन कुछ्छा, हमीरपुर में किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.05.2023 को आवेदन से पूर्व इसी संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किया गया था।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुति की गई

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुति की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु आम जनमानस से अपील की। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि विपरीत दिशा में वाहन चालक पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत करने की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सड़क दुर्घटना पर होने वाली घटनाओं पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में घटित हो रही दुर्घटनाओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्तव्यो का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया करें जिससे कि होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अनाधिकृत वाहन संचालन के विरूद्ध पूरे जनपद में संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया जाये। उन्होंने एन0एच0ए0आई0 को निर्देश दिये कि जनपद में चिन्हित किये गये नवीन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों/ब्लैकस्पॉट्स के दोनों तरफ नियमानुसार निर्धारित दूरी से पहले ब्लैकस्पॉट चेतावनी बोर्ड लगाये जायें।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ के जिला इकाई की बैठक हुई संपन्न




हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

**भारतीय** मजदूर संघ के संरक्षक विनय सिंह चंदेल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ के जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा द्वारा आगामी सप्ताह में जिला इकाई की जिला सम्मेलन के लिए चर्चा की गई तथा लखनऊ में प्रस्तावित विशाल धरना प्रदर्शन में जनपद से अधिक से अधिक संख्या पहुंचाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही संगठन का विस्तार जनपद में कैसे हो इस बारे में ध्यानाकर्षण कर चर्चा की गई। उक्त बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी दिलीप सिंह गौतम,विजय प्रताप सिंह,राजन द्विवेदी, शिवशरण सिंह, तारिक हुसैन,पीवी सचान, मूलचंद्र, रमाकांत, शिवम, देवेंद्र सिंह, सूरजभान, अमित सिंह, धर्मराज, जितेंद्र, महेश, मनोज, लल्लूराम भारती एवं नीरज सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# जल भराव से नई मंडी के व्यापारियों का जीना हुआ दुश्वार

इटावा। समृद्धि न्यूज



**समय** से पूर्व आई मानसून ने नवीन मंडी परिषद के व्यापारियों का जीना दुश्वार कर दिया मंडी प्रशासन की लापरवाही का दंश व्यापारियों और किसानों को झेलना पड़ रहा है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बैठक कर जिला प्रशासन से समस्या हल की मांग की समस्या हल ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की सब्जी मंडी इकाई की एक अति आवश्यक बैठक नवीन मंडी परिसर में आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता सब्जी मंडी के अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा ने की मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा मौजूद रहे बैठक का संचालन शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सरकार ने व्यवस्था कर रखी है पानी निकालने के लिए पंप लगाए गए हैं पानी स्टोर करने के लिए भी तालाब बनाया गया है किंतु मंडी सचिव की लापरवाही का दंश व्यापारी और किसान झेल रहे हैं व्यापार चौपट होता नजर आ रहा है उन्होंने आगे कहा कि व्यापारियों ने बताया है कि मंडी सचिव सिर्फ गेट पर वसूली करने में अपना पूरा नेटवर्क लगाए हुए हैं उन्हें व्यापारियों की कोई समस्या दिखाई नहीं पड़ती है पूरी मंडी में मंडी कार्यालय से लेकर के प्रत्येक गली में भारी जलभराव होने से बदबूदार पानी बकूड़ा सढ रहा है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पूरे मंडी परिसर का मुआयना किया जिसमें यह मामला सामने आया कि प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति हेतु पानी की टंकीया बनवाई किंतु मंडी प्रशासन की लापरवाही के चलते आज मंडी में भारी पेयजल की समस्या खड़ी है बैठक में जिला प्रभारी रवि पोरवाल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीके वर्मा जिला उपाध्यक्ष गोरखनाथ बर्मा उमेश वर्मा संरक्षक इदरीस अंसारी नगर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप नगर महामंत्री रमेश यादव नगर उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे शैलेंद्र सिंह राजावत नगर मंत्री सीबू तौकीर सब्जी मंडी अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा महामंत्री इलियास राइन कोषाध्यक्ष दलवीर सिंह राठौर सब्जी मंडी उपाध्यक्ष सुरेश कुशवाहा संरक्षक शाकिर मियां गल्ला मंडी अध्यक्ष विनोद यादव महामंत्री सतीश यादव युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता नगर मंत्री विजय यादव गुलाम शाकिर कल्लू कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

इटावा। समृद्धि न्यूज




**जिलाधिकारी** अवनीश राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने बैंकर्स को अनुपस्थित पाए जाने पर जिला अग्रणी प्रबंधक को इन पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्सो में कमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को निर्देशित किया कि जिन बैंकों का कम प्रतिशत है उनसे लिखित में जवाब लिया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पीएमजीपी में विगत वर्ष स्टेट बैंक में कोई कार्य नहीं किया गया था इस वर्ष ऐसा नहीं होना चाहिए। सभी कार्य दिसम्बर तक पूर्ण करा लिये जायें। उन्होंने माटीकला की योजना में खराब प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण लम्बित न रहने पाये। उन्होंने हथकरघा बुनकर योजना के बारे में विस्तार से समीक्षा की जिसमें पाया गया कि सेन्ट्रल बैंक में सर्वाधिक प्रकरण लम्बित है जिसे जल्द से जल्द निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को बैंकर्सो के आरएम को पत्र लिखकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में समस्त डाटा के साथ उपस्थित हो अन्यथा कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रणिता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी दीनदयाल, डीसी मनरेगा शौकत अली, उपायुक्त सुधीर कुमार सहित बैंकर्स आदि उपस्थित रहे।

# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन,कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलान्स टीम व थाना सैफई पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। जनपद में लूट, चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में एसओजी, सर्विलान्स टीम व थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी करहल जिला मैनपुरी की तरफ से 3 व्यक्ति चोरी की 2 मोटर साइकिल व एक कार को लेकर रोडवेज वर्कशॉप बाईपास सैफई की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा करहल हैवरा बाईपास रोडवेज वर्कशॉप के पास नाला पुलिया पर सघनता से संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग के दौरान तीन व्यक्तियों को करहल हैवरा बाईपास रोडवेज वर्कशॉप के पास नाला पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया। पकडे गये आरोपी अमन कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी उर्दू मोहल्ला नोरंगाबाद चौराहा थाना कोतवाली इटावा, पंकज कुमार पुत्र मोहन सिंह कुशवाहा निवासी मत्तीरामपुर थाना बकेवर इटावा, विवेक कुमार पुत्र राजकुमार निवासी करमगंज थाना कोतवाली इटावा से पुलिस टीम द्वारा बरामद मोटर साइकिल एवं ईको कार के संबंध में पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि हम लोग अन्य राज्यों से मंहगी गाड़ियों को चोरी करके उन्हें सस्ते दामों में बेचकर लाभ कमाते हैं तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगों द्वारा अन्य राज्यों से चोरी की गयी अन्य मोटर साइकिलों को बाईपास से सैफई को जाने वाली सड़क से नीचे झाडियों में छिपा रखा है। आरोपियों की निशानदेही के आधार पर पुलिस टीम द्वारा बाईपास से सैफई को जाने वाली सड़क से नीचे झाडियों से अन्य 9 चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गयी। आरोपियों के पास से मोटर साइकिल एफ जेड रंग काला नीला, मोटर साइकिल अपाचे रंग काला सफेद, मोटर साइकिल अपाचे रंग सफेद, मोटर साइकिल हीरो स्पेलडर प्लस रंग काला, मोटर साइकिल रंग सफेद नारंगी, मोटर साइकिल पेसन रंग नीला काला, मोटर साइकिल प्लेटिना रंग सलेटी, मोटर साइकिल आई-स्मार्ट रंग लाल, मोटर साइकिल अपाचे रंग लाल, मोटर साइकिल रायल इनफिल्ड फर्जी नम्बर प्लेट डीएल 3 एसएआर 0088, मोटर साइकिल नीला रंग फर्जी नम्बर प्लेट डीएल 8 एस सी क्यू 2570, इको कार फर्जी नंबर प्लेट यूपी 75 ए एम 3192 बरामद की गई। इस सफलता में अनिल कुमार विश्वकर्मा प्रभारी एसओजी, समित चौधरी प्रभारी सर्विलान्स टीम व यशवन्त सिंह प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, उ.नि. सोमेशचन्द्र, उ.नि. बृजेश कुमार सिंह, का. अंकित चौहान, का. सुमित कुमार, का. गौरव देशबाल, का. योगेश्वर सिंह, का. योगेश कुमार, का. चालक हिमांशू का सराहनीय योगदान रहा।



# डम्पर का टायर फटा, डिवाइडर पार कर आटो को रौंदा, दो की मौत

- आटो में सवार थे 11 यात्री, 9 लोगों को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया
- तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर हुआ हादसा, सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज


दुर्घटना स्थल पर लगी स्थानीय लोगों की भीड़ — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा-कन्नौज** मार्ग पर डम्पर का टायर धमाके के साथ फट गया, जिससे डम्पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए सड़क की दूसरी साइड से आ रहे ऑटो से टकरा गया। हादसे में आटो में सवार 11 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने एक महिला समेत 2 लोगों को मृत घोषित कर दिया, वहीं 9 लोगों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने दोनो मृतकों के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और परिजनों को हादसे की सूचना दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार को तिर्वा की ओर से कन्नौज सवारियां लेकर आ रहा ऑटो जैसे ही ग्राम नजरापुर के निकट पहुंचा। इसी दौरान कन्नौज की ओर से तिर्वा की ओर जा रहे तेज रफ्तार डम्पर का टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे डम्पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी साइड पहुंच गया और सामने से आ रहे सवारी भरे ऑटो को रौंद दिया। हादसा होते ही आटो में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसा होते ही स्थानीय ग्रामीण और दुकानदार घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने आनन-फानन ऑटो में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। इसी बीच किसी ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। हादसे में कन्नौज कोतवाली के मोहल्ला सफ्दरगंज निवासी तौहीर, हाजीगंज निवासी मोहसिन, कन्नौज निवासी रोशनी बानो, बजरिया निवासी सबीना व जनपद औरैया क्षेत्र के ग्राम भोलपुर निवासी सतीश, औरैया जिले के ग्राम गुलरिया बेला निवासी अर्शी व जालौन निवासी छोटू व ग्राम सिकरोरी निवासी सूरज व जनपद इटावा के सैफई निवासी रिपुंजा और रामपुर मझिला निवासी आनंद गंभीर रुप से घायल हो गए। मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने रोशनी बानो और सतीश को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य लोगों का उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेते हुए मोर्चरी में रखवा दिया और मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

# व्यापारिक हिसाब किताब के बहाने बुलाकर बनाया बंधक, पुलिस के आने पर छोड़ा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** व्यापारिक हिसाब किताब के बहाने बुलाकर एक शख्स को लगभग 22घंटे बंधक बनाया। पीड़ित की पत्नी ने फोन कर पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद पीड़ित को छोड़ा गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजयपाल निवासी पीड़ित अंकित मिश्रा पुत्र विवेक नरायन मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि, हाजीगंज मोहल्ला स्थित एक इत्र कारखाने के पार्टनर हरीम अहमद के साथ पिछले तीन वर्षो से उनका व्यापार सुचारू रूपसे चल रहा था। पिछले कई दिनों से पीड़ित हरीम अहमद से हिसाब किताब करने के लिये उनकी फैक्टरी व घर जा रहा था, उसी क्रम में हरीम अहमद द्वारा बीती 29 मई को वह हरीम अहमद से हिसाब किताब करने के लिये उनकी फैक्टरी पहुँचा, काफी समय तक प्रार्थी और प्रतिवादी के बीच कोई सार्थक हिसाब न होने के कारण प्रार्थी फैक्टरी से बाहर जाने के लिये निकला। तभी हरीम अहमद ने कहा आप फैक्टरी के बाहर अब तभी जायेंगे जब आप हिसाब पूरा करके पैसा देकर जायेगे और ऐसा ना करने पर तुम्हारे और तुम्हारे परिवार के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। आरोप है कि उस दौरान हरीम के किसी कर्मचारी या रिश्तेदार ने पीछे से मेरे उपर हाथ चला दिया और धमकी देने लगा और मुझसे जबरदस्ती उस शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी करवाये गये जिसमें यह लिखा गया कि मेरे उपर बारह करोड इक्यावन लाख तेईस हजार नौ सौ उन्यासी की देनदारी है, जिसमें वह बिल भी जोड़ दिये गये जिनकी सप्लाई के सापेक्ष पीड़ित ने तीन करोड़ की चेक दी थी जिसमें 29 मई 2023 की तारीख डाली गयी थी ( माल अभी तक उपलब्ध नहीं) के साथ ही एक और चेक नौ करोड सैंतालिस लाख निन्यानवे हजार चार सौ उन्यासी की देनी पडी। जिसके बाद मुझे व मेरे परिवार को जान माल की हानि पहुँचाने की धमकी दी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान उसे लगभग 22 घंटे बंधक के रूप में फैक्टरी में रहा। पीड़ित अंकित ने बताया कि उसकी पत्नी ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस हरीम अहमद के कारखाने पहुँची और मुझे बचाया। पीड़ित ने कहा कि इससे पहले हरीम अहमद ने मुझे मेरे एवं मेरे परिवार के लिये इतना डराया धमकाया था जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस द्वारा पूछे गये सवाल पर मैने गलत बयान दिया कि मुझे बंधक नही बनाया।

# डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- कारागार की देखी सुरक्षा व्यवस्था, जेल अधीक्षक को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज


जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम और एसपी व अन्य अधिकारीगण

**बुधवार** को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने कारागार की सभी बैरकों व पाकशाला, जेल अस्पताल, सीसीटीवी कैमरों समेत सभी सुरक्षा उपकरणों का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होने जेल की सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जेल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं आलाधिकारियों ने कारागार में निरुद्ध बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना।

निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने बैरकों की तलाशी करायी। तलाशी के दौरान कोई निषिद्ध वस्तु तथा किसी भी बैरक में कोई गैर कानूनी वस्तु नहीं पायी गयी। पाकशाला के निरीक्षण में बनाये गये भोजन को चेक किया गया। भोजन गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी। डीएम और एसपी ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, एफ्जी-1 पोल मेटल डिटेक्शन, सीसीटीवी कैमरे आदि की क्रियाशीलता को देखा गया तथा अक्रियाशील उपकरणों को तत्काल ही कियाशील कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कारागार में प्रवेश करने वाले सभी आगन्तुकों की सघनतापूर्वक विशेष सतर्कता से तलाशी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रवि कुमार सिंह, महिला उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय चिकित्साधिकारी डा. जितेन्द्र कुमार गौतम एवं प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार आदि प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक को दी गई विदाई


अपर पलिस अधीक्षक के साथ सेवानिवृत हुए उप निरीक्षक व अन्य अधिकारीगण

- एएसपी ने शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक शिवशंकर लाल को अपर पुलिस अधीक्षक ने शॉल भेंट कर विदाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आयोजित हुए विदाई समारोह में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक शिवशंकर लाल को सहकर्मियों ने भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## कई किसानों ने ग्रहण की भाकियू टिकैत की सदस्यता

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भाकियू टिकैत के निर्देशन व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष ने नगर सहित क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाने के बाद विद्युत, पुलिस व अन्य विभागों की लापरवाही व मनमानी को लेकर रणनीति तय की गई। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली ने ग्राम खाड़ेदेवर स्थित आवास पर बैठक का आयोजन किया और सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ने नूर खान, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, प्रशांत कुमार, ननकू, मेवाराम, सियाराम, इरशाद इदरीसी, अजीत, राजू, राकेश कठेरिया, सुरेश चंद्र, शंकर, ओमकार, आसाराम को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ग्रहण कराई। कहा कि किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। पदाधिकारी जनपद से लेकर प्रदेश स्तर तक समस्याओं को उठा रहे है। जंतर-मंतर पर महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को किसान यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगा। किसानों के हक व सम्मान के लिए संगठन संघर्ष जारी रखेगा।

## रोजगार मेले में 49 अभ्यर्थी चयनित हुए

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार सहायता अधिकारी अपूर्वा दुबे ने रोजगार मेले में उपस्थित बेरोजगारों की कैरियर काउन्सिलिंग कराई। रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही 02 कंपनियों में साक्षात्कार हेतु 156 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 49 अभ्यर्थी चयनित हुए। इस अवसर पर संदीप कुमार श्रीवास्तव, रंजीता देवी गुप्ता व कानपुर से आए अजय मिश्रा ने रोजगार मेले के आयोजन में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## नगर में साफ-सफाई, लाइट पानी व्यवस्था दुरुस्त रखें कर्मचारी: अखलाक हुसैन

**समधन,समृद्धि न्यूज़।** नवनिर्वाचित समधन चेयरमैन आसमा बेगम के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन ने मंगलवार को टाउन कार्यालय पहुंचकर समधन नगर में साफ सफाई, लाइट, पेयजल व्यवस्था के बारे में कर्मचारियों से जानकारी ली। चेयरमैन प्रतिनिधि ने कर्मचारियों से कहा कि नगर में साफ़सफाई, जनरेटर लाइट, पेयजल व्यवस्था को समय से दुरस्त रखें और सभी टाउन कर्मी अपने अपने कार्यों में किसी तरह की लापरवाही न बरतें आगे उन्होंने कहा कि टाउन कार्यालय में अपनी समस्याओं की फरियाद लेकर आने वाले लोगों का समय से समाधान किया जाये। इस अवसर पर विवेक गुप्ता, हनीफअली, अशोक कुमार, दीपक,सफाई नायक नरेश कुमार के अलावा मो0 आमीन शेख,नईम खान, शोयव, अय्याज हुसैन, महफिल हुसैन, मो. इफ्तखार, तालिब सिद्दीकी मौजूद रहे।

## महिला ने लगाया दुकान की दीवार गिराने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत समधन का कबाड़ा हटाते समय जेसीबी मशीन लगाकर महिला की दुकानदार की दीवार गिर गई। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत समधन के मोहल्ला अशफाक उल्ला नगर निवासी सायरा बेगम ने दी तहरीर में कहा है कि बुधवार को नगर पंचायत समधन के जेसीबी चालक सहित तीन कर्मियों ने जेसीबी मशीन लगाकर उसकी दुकान तोड़ दी। जिससे महिला का काफी नुकसान हुआ। जब महिला ने विरोध किया तो कर्मचारियों ने महिला के साथ अभद्रता की। आरोप है कि दुकान का सामान भी टूट गया। इस संबंध में नगर पंचायत समधन के संविदा कर्मी का कहना है कि अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के आदेश पर नगर पंचायत परिसर का कबाड़ा जेसीबी मशीन लगाकर हटाया गया है। इसी दौरान पहले से टूटी महिला की दुकान की दीवार गिर गई।

# चीफ फार्मासिस्ट हुए सेवानिवृत्त सहकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में चीफफार्मासिस्ट पद पर तैनात डॉ सी के वर्मा के बुधवार को सेवानिवृत्त होने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया। कुछ समय पूर्व ही सेवानिवृत्त हुई महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विनोद कुमारी और मीना कश्यप को भी समस्त स्टाफ द्वारा विदाई दी। डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उनके कार्य के प्रति लगनशीलता और मददगार स्वभाव की सराहना की। साथ ही उन्हें फूल मालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई एवं शाल उढ़ाकर सम्मानित किया।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.सुरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि सेवानिवृत्त किसी के सेवाकाल के अंतिम दिनों की एक प्रक्रिया है, जो नौकरी मिलते ही निर्धारित हो जाती है। उन्होंने कहा कि चीफ फार्मासिस्ट डा. सीके वर्मा के सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उनके काम की सराहना की। चिकित्साधिकारी डा. जितेंद्र नाग ने कहा कि व्यक्ति अपने अनुभवों व कर्तव्यों से सेवा निवृत्ति नहीं होता बल्कि सेवाकाल से सेवानिवृत्ति होता है। इस दौरान अन्य डाक्टरों ने भी उनके मिलनसार व्यवहार के साथ ही काम के प्रति निष्ठा की सराहना की। समारोह में मौजूद लोगों ने नम आंखों से भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में फार्मासिष्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र कटियार एवं मानसिंह प्रजापति रहे। इस मौके पर डा.जितेंद्र नाग, डा. अनिल यादव, डा. नीरज यादव, फार्मासिस्ट सतेंद्र यादव, नवीन सचान, ज्ञानेंद्र सचान, सुशील कुमार, हुकुम सिंह समेत स्टाफ़ नर्स मौजूद रही।

# अधिवक्ताओं व वादकारियों को तम्बाकू न खाने की दिलाई गई शपथ

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज







सम्बोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव व शपथ ग्रहण करते अधिवक्तागण

**उत्तर प्रदेश** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव व पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की देखरेख में विश्व तम्बाकू नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता परिसर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं व वादकारियों को तम्बाकू न खाने की शपथ दिलाई गई व सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर भी विभिन्न जागरुगता कार्यक्रम एंव शपथ ग्रहण, रैली व ओपीडी में मरीजों की काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसके अलावा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में भी हस्ताक्षर अभियान और शपथ करा के लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान राज्य प्रेक्षक अधिकारी डा. दीपक निगम, एसीएमओ डा. एके जाटव,एसीएमओडा.जेपी सलोनिया, एसीएमओ डा. ब्रजेश शुक्ला, जनपद सलाहकार डा. रवि प्रताप सिंह, पियूषा दुबे, महेंद्र प्रताप सिंह, अर्पित मिश्रा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफलीगल एंड डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी व कार्यालय लिपिक बसंत राम समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मां गंगा का स्थान हमारी संस्कृति से है: सुब्रत पाठक

- महादेवी गंगा घाट पर आयोजित हुए गंगा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन
- वाराणसी के आचार्यो द्वारा विधिविधान से कराई गई मां गंगा की आरती, शामिल हुए सैकड़ों श्रृद्धालु
- समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री असीम अरुण और सांसद सुब्रत पाठक ने संयुक्त रूप से कराया गंगा महोत्सव का शुभारम्भ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज





**गंगा दशहरा** के पुनीत अवसर पर मंगलवार की शाम महादेवी गंगा घाट पर आयोजित हुए गंगा महोत्सव का शुभारम्भ समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण एवं सांसद सुब्रत पाठक व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कराया। इस अवसर पर वाराणसी के आचार्यों द्वारा विधिविधान से गंगा आरती कराई गयी। भक्तों के जयकारों एवं शंखनाद से गंगा घाट गूंज उठा। इस अवसर पर स्थानीय लोक गायक संग्राम सिंह ने वीर रस में आल्हा गायन कर लोगों में उत्साहवर्धन किया। वहीं लखनऊ से आए प्रसिद्ध भजन गायक किशोर चतुर्वेदी और उनकी टीम ने भजन सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। फर्रुखाबाद के युवा कलाकारों द्वारा बृज के श्रीकृष्ण मयूर नृत्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सौभाग्य है जो हम सभी लोगो को मां गंगा की आरती करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज का दिन किसी महोत्सव से कम नहीं है। ऐसे अवसर बार-बार प्राप्त हो जिसके लिए हम सब लोग मिलकर आगे भी कार्य करेंगें। सांसद सुब्रत पाठक अपने सम्बोधन में कहा कि मां गंगा का स्थान हमारी संस्कृति से है, जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। मां गंगा से सभी लोग जुड़े हैं, हमारे जितने भी धार्मिक कार्य होते हैं वह भी मां गंगा से जुड़े हैं। देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमन्त्री ने मां गंगा की सफाई को लेकर काम किया है और जन-जन को प्रेरणा दी है। उन्हों ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और प्रदेश के मुख्यमन्त्री के विश्वास से मां गंगा अब अविरल व निर्मल दिख रही हैं। उन्होंने प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। अब देश और उत्तर प्रदेश बदलाव की ओर दिख रहा हैं। उन्होंने कहा कि नई संसद का निर्माण हुआ है। उसमें प्राचीन भारत की संस्कृति और आधुनिकता का अभिप्राय है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री गरिमा सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर डा. प्रियंका बाजपेई, जिला पर्यटन अधिकारी डा. चित्रगुप्त सहित अन्य अधिकारीगण व श्रृद्धालुजन मौजूद रहे।

# सतत कृषि उत्पादन हेतु जरूरी है वर्षा जल संचयन: डा.वीके कनौजिया

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** वर्षा जल संचयन कृषि का आधार के तहत अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्राम डिगसरा में ÷मेरी लाइफ पर्यावरण के लिए जीवन शैली अभियान÷ के अन्तर्गत वर्षा जल संचयन एवं उसके दक्ष उपयोग पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के.कनौजिया ने किसान भाईयो व कृषक महिलाओ को संबोधित करते हुए बताया कि खेत के पानी को खेत में रोकने के लिए वर्षा पूर्व मेंड बंदी करें, खेत की गहरी जुताई करें व फसल चक्र अपनाते हुए फसल अवशेष प्रबंधन कर प्राकृतिक जल स्तर को फसल उत्पादन हेतु बढ़ाया जा सकता है। इसी क्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) डॉ अरविन्द कुमार ने किसान भाईयो व कृषक महिलाओ को संबोधित करते हुए बताया की मृदा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फसल उत्पादन में जल उपलब्धता के आधार पर फसल एवं प्रजाति का चुनाव कर पानी की एक-एक बूँद के सापेक्ष में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। पानी के उचित उपयोग एवं दक्षता की विधियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। मौसम वैज्ञानिक अमरेन्द्र यादव ने बताया कि अगले पाँच दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से दो से 3 डिग्री सेल्सियस कम रहने की संभावना व्यक्त की है। बदलते मौसम और जलवायु के अनुकूल खेती की तकनिकियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में लगभग 35 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमर नाथ ने की।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद वैज्ञानिक व कृषक

हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# तहसीलदार सदर व लेखपाल सहित तीन के खिलाफ याचिका दायर

- गलत प्रमाण पत्र जारी कर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप, भाजपा के सभासद का भी नाम है शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गलत प्रमाण पत्र जारी करने व न्यायालय को गुमराह करने के मामले में तहसीलदार सदर व लेखपाल सहित तीन लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई।

जनपद बदायूं थाना अलापुर के ग्राम म्यांऊं निवासी ज्ञानचन्द्र पुत्र गंगाधर लाल ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उन्होंने अपनी पुत्री कंचन का विवाह सुमित वर्मा पुत्र नारदानन्द वर्मा निवासी किराना बाजार फर्रुखाबाद के साथ किया था। पुत्री का भरण पोषण व दहेज प्रतिषेध अधिनियम का मुकदमा प्रधान कुटुम्ब न्यायालय बदायूं में चल रहा है। जिसमें वसूली हेतु 23 सितम्बर 2022 को न्यायालय द्वारा निर्गत वसूली प्रमाण पत्र जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को भेजा गया था। जिसमें मोहल्ले के वर्तमान सभासद प्रबल त्रिपाठी एडवोकेट ने सुमित वर्मा को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए गलत प्रमाण पत्र जारी कर दिया। जारी किये प्रमाण पत्र में लिखा कि सुमित के पास कोई चल-अचल सम्पत्ति नहीं है। इसी तरीके से क्षेत्रीय लेखपाल लगवाक सिंह ने भी अपनी आख्या में सुमित वर्मा के पास कोई चल-अचल सम्पत्ति न होना दर्शाया। तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय ने भी अपनी आख्या में यही दर्शाया। पीड़ित ने बंदोबस्त अधिकारी पांचाल घाट से सुमित के चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दिलवाने की मांग की। पीड़ित ने दर्शाया कि सुमित वर्मा व उसके परिवार का पुस्तैनी मकान किराना बाजार में है, सेठगली में एक दुकान है। जिसका मुकदमा सुमित के परिवार वालों ने बंटवारे हेतु सिविल जज सी0डि0 में है, जो विचाराधीन है। वर्तमान में सुमित उसी मकान में रह रहा है, उसी में बड़ी गोदाम है। सुमित की सेठ गली में एक और दुकान है जो एक कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर के नाम है। सभासद, क्षेत्रीय लेखपाल व तहसीलदार सदर ने सुमित को अनुचित लाभ देकर कूटरचित फर्जी आख्यायें कुटुम्ब न्यायालय बदायूं को प्रेषित की, तथा न्यायालय को गुमराह करने व धोखा देने का काम किया है।

# तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

- एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में मना विश्व तम्बाकू दिवस, दिलायी गयी शपथ



तम्बाकू निषेध दिवस मनाती छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के द्वारा आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि डब्लू.एचओ. के अनुसार इस वर्ष की थीम है हमें भोजन की आवश्यकता है तंबाकू की नहीं इसका उद्देश्य ये है की किसान पौष्टिक फसलों का उत्पादन कर अच्छा अनाज प्रदान कर सकते हैं।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस दुनियाभर में तंबाकू की खपत को नियंत्रित करने एक प्रयास है जिसके माध्यम से हम समाज में तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवा सकते हैं। तंबाकू के उपयोग से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी के अलावा कई रोग हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत में लगभग 267 मिलियन वयस्क तंबाकू का उपयोग करते हैं। भारत में तंबाकू उपयोग का सबसे आम रूप धुंआ रहित तंबाकू है और आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पाद खैनी, गुटका, तंबाकू के साथ सुपारी और जर्दा है जो की बहुत हानिकारक है। कार्यक्रम में सोनम शुक्ला, शिल्पी सक्सेना, सुपर्णा मिश्रा, पूर्णिमा दीक्षित, नेहा सिंह, सोनेलाल, नमन, विश्वजीत, गगन, संध्या, अमन, निखिल, पल्लवी, रामप्रताप, अंशु, संध्या, स्नेहा, इशू, प्रिंसी, विशाल, वंशिका, शैलेंद्र आदि छात्रायें उपस्थित रहीं।

# ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से किया बेघर

- दहेज उत्पीड़न का एक वर्ष पूर्व दर्ज कराया था मुकदमा, नहीं हुई कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर गर्भवती महिला को मारपीट कर से निकाल दिया। सूचना पर मायके वालों ने घायलावस्था में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता का आरोप है कि दहेज उत्पीड़न का एक वर्ष पूर्व मुकदमा लिखाया था। कार्यवाही न होने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम अहमदगंज टिलिया निवासी गोमती पत्नी गोपी को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बेघर कर दिया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने घायलावस्था में उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

महिला का आरोप है कि वह गर्भवती है। उसकी साढ़े चार वर्ष पूर्व गोपी के साथ शादी हुई है। तब से ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मेरा उत्पीड़न करते चले आ रहे है। जिसका एक वर्ष पूर्व मैंने मुकदमा भी दर्ज कराया था। कार्यवाही न होने पर ससुरालियों के हौसले बुलंद है। बीती रात पति ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने मुझे घायलावस्था में उपचार के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने ससुरालियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरु कर दी है।

# स्टेडियम में बॉक्सिंग कोच अथक पटेल की हुई नियुक्ति, किया गया स्वागत


स्टेडियम में बॉक्सिंग के नये कोच का स्वागत करते संजीव कटियार व मौजूद खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम में नव नियुक्त कोच अथक पटेल को प्रशिक्षक के रुप में नियुक्त किया गया है। अथक पटेल ने बांक्सिंग प्रशिक्षक के रुप में कार्यभार ग्रहण किया। बॉक्सिंग संघ फर्रुखाबाद के पदाधिकारियों ने स्टेडियम में उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला ओलम्पिक संघ के सचिव अवनींद्र सक्सेना ने कहा ओलम्पिक संघ पूर्ण रुप से नये प्रशिक्षक को सहयोग प्रदान करेगा। जिला बॉक्सिंग संघ सचिव संजीव कटियार ने कहा कि अथक पटेल इसी जनपद के रहने वाले हैं। इसी स्टेडियम में बॉक्सिंग के गुर सीखकर जनपद के पहले एन.आई.एस. बॉक्सिंग कोच बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पर खो-खो संघ के सचिव प्रबल पाठक, कबड्डी संघ के सचिव कुलदीप यादव, ओलम्पिक संघ के लक्ष्मन टंडन, खिलाड़ी सचिन सिंह, निशा परिहार, बैंडमिंटन खिलाड़ी उमेश कुमार, डॉ0 अखिलेश यादव, करन कुशवाहा,. नेहा पाल, अश्वनी यादव, अर्पिता यादव, पारस, धीरज मौजूद रहे।

# बार कौंसिल के सह अध्यक्ष का हुआ स्वागत


उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन सदस्य का स्वागत करते देवेन्द्र यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने फतेहगढ़ पहुंचकर अधिवक्ताओं से रुबरु हुए।

वरिष्ठ अधिवक्ताओ के साथ बार एसोसिएशन सभागार कक्ष में अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता व सचिव राजेद्र सिंह, पूर्व सदस्य देवेंद्र यादव सहित सभी संख्यामें अधिवक्ताओं ने प्रदीप सिंह का स्वागत किया और स्थानीय समस्याओं से रुबरु कराया। पिछले कई वर्षों से बार एसोसिएिशन का तानाशाही के चलते नहीं कराया गया। एल्डर्स कमेटी के सदस्यों के साथ सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिहं ने वार्ता की और आश्वासन दिया कि बायलॉज के अनुसार जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शीघ्र कराया जायेगा।

उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्यायें सुनने के दौरान सभी को भरोसा दिलाया कि विधि कार्य में सावधानी बरतें और वादकारियों पर अपना भरोसा कायम रखें। न्यायालय में सभी कार्य आपसी सहमति के साथ करें। जिससे कोई सदस्य को परेशानी न हो।

## मरीज अस्पताल में, चिकित्सक नदारद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के चलते डायरियां, हाईस्टोक, कालरा आदि के लोग शिकार हो रहे हैं। कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टरों का हाल देखकर मरीज बेहाल हैं। सुबह 8.00 बजे अस्पताल में डाक्टरों के पहुंचने का समय निर्धारित है, लेकिन डाक्टर 10.00 बजे तक नहीं आते हैं। जिससे मरीज दवा के लिए दर-दर भटकते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह दूरदराज से भीषण गर्मी में दवा लेने सरकार अस्पताल आते हैं, लेकिन उनको डाक्टर नहीं मिलते हैं। जिससे उनको कई-कई घंटे बैठकर डाक्टरों का इंतजार करना पड़ता है। जब इस संबंध में चिकित्साधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा से फोन पर वार्ता कर जानकारी करनी चाही, तो उनको फोन नहीं उठा। ग्रामीणों का कहना है कि एक चिकित्सा व एक फार्मासिस्ट के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था चल रही है।

# खबरें चलते-चलते

## प्रिंटिंग की अवैध वसूली के विरोध में अनशन 03 जून से

**फर्रुखाबाद (सं)।** प्रिंटिंग प्रेस का संचालन कर रहे अरविंद पाण्डेय नियति ग्राफिक्स निवासी गंगा नगर के खिलाफ राहुल जैन अपने साथियों के साथ आमरण अनशन करेंगे। राहुल जैन ने अधिशाषी अधिकारी व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया कि बायलॉज के हिसाब से 400 रुपया प्रतिमाह के हिसाब से नियति ग्राफिक्स को ठेका दिया गया है। जिसकी धनराशि 9 लाख 29 हजार रुपया है। बायलॉज के हिसाब से अरविंद पाण्डेय वसूली कर रहे हैं। जिसके खिलाफ नोटिस जारी कर अवगत कराया गया है। 03 जून को प्रातः 10 बजे अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के कार्यालय के बाहर आमरण अनशन करेंगे। उनके साथ मनीष अग्रवाल, प्रमोद बाजपेयी, अरुण दुबे, देश व शमशाद आदि लोग भी बैठेंगे।

## दबंग होटल मालिक के खिलाफ पीड़ित कर चुका है डेढ़ दर्जन से अधिक शिकायतें

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अवैध तरीके से होटल मालिक द्वारा खेत में गंदा पानी बहाकर क्षति पहुंचाने के संदर्भ में पीड़ित ने अनेकों शिकायतें की, लेकिन उसके बावजूद आज तक उसे न्याय नहीं मिला। पीड़ित ने फिर एक बार जिलाधिकारी से शिकायत कर होटल मालिक द्वारा गंदे पानी को खेत में बहाने से रोके जाने व उसके खिलाफकार्रवाई की मांग की। फतेहगढ़ क्षेत्र के नेकपुर कला निवासी अनिल कुमार पुत्र राजकुमार कटियार ने जिलाधिकारी से की शिकायत में दर्शाया कि नेकपुर ओवर ब्रिज के निकट बजरंग रेस्टोरेंट के मालिक नीरज पाल पत्नी सर्वेश पाल निवासी भोलेपुर पालीवाल गली अपने होटल का गंदा पानी मेरे खेत में बहा रही है। वर्ष 2021 अक्टूबर माह से अभी तक 19 प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही। शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है। उसमें लिखकर आता है कि मौके पर नाली बना दी गई है, पानी नहीं जा रहा है, जबकि आजतक ना ही नाली चेंबर बनाया गया है। पीड़ित ने फिर एक बार न्याय की गुहार लगाई।

# खिलाड़ियों ने अहिल्यावाई होल्कर को किया नमन


अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाते निशानेबाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर को नमन किया। देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित भारत वर्ष की कुल देवी भगवान शिव की अनन्य भक्त राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 298 वीं जयंती जनपद की अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी में धूमधाम से मनाई गई। अकादमी के प्रबंधक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज एवं भारतीय खेल प्राधिकरण एसएआई द्वारा प्रशिक्षित कोच अनिल कुमार पाल ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के इतिहास को अपने अकादमी के शूटरों को बताते हुए पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के आयोजन में शामिल मुख्य से जिला पंचायत सदस्य कुलदीप पाल, आलोक यादव, जिला पंचायत सदस्य के साथ राष्ट्रीय निशानेबाज आरती चतुर्वेदी ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर की वीरता एवं भक्ति को नमन किया। कार्यक्रम में आशुतोष यादव, अभिषेक पाल, रितिक, धीरज, सुरजीत सिंह पाल, उपेन्द्र सिंह इत्यादि के साथ संचालन कर्ता त्रिलोकी नाथ पाल रहें।

# कार्यशाला में बच्चों को स्वस्थ्य रहने के दिये गये टिप्स


कार्यशाला में योगा सीखते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

सेनापति स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार भारती द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न विधाओं में पारंगत बनाने के लिए हुनरबंद बनाया जा रहा है। साथ ही संस्कारवान बनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। बुधवार को अर्चना द्विवेदी ने सहयोगी शिक्षिकाओं के साथ बच्चों को फिटनेस रहने के लिए योगाभ्यास कराया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता, सचिव दिलीप कश्यप सहित सभी विधाओं की शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

# तम्बाकू स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक

- कानोडिया बालिका इंटर कालेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर दिलायी गयी शपथ
- प्रधानाचार्या के साथ बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली



तम्बाकू नियंत्रण जागरुकता की शपथ दिलातीं प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने कार्यक्रम प्रभारी दर्शना शुक्ला के साथ छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए तम्बाकू हानिकारक है। तम्बाकू एवं धूम्रपान का सेवन न करने की शपथ दिलायी गयी। तम्बाकू के प्रयोग से जुड़े स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए दर्शना शुक्ला ने बताया कि हमें भोजन की आवश्यकता है तम्बाकू की नहीं, थीम पर आयोजित अभियान में किसानों को तम्बाकू उगाने की बजाय ज्यादा से ज्यादा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। तम्बाकू की खपत के कारण पौधों का कटाव अत्यधिक हो रहा है। जिसका असर पर्यावरण पर पड़ रहा है। शिक्षिकाओं ने विद्यालय के आसपास घरों में जाकर अभिभावकों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। स्वच्छ भारत, नशा मुक्त भारत, स्वस्थ्य भारत, प्रगतिशील भारत के छात्राओं ने नारे लगाये। साथ ही जागरुकता रैली निकालकर आसपास के लोगों को तम्बाकू न खाने की सलाह देते हुए जागरुक किया गया। इस मौके पर ममता शुक्ला, राधा वर्मा, कंचन नागर, शिवांगी वर्मा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य, विवेक, सविता, सुनीता, शिवम, दिलीप के अलावा अभिभावक रिंकू राजपूत, प्रिया सिंह, कंचन आदि मौजूद रहे।

# फाइनेंस कंपनी के खिलाफ भाकियू ने दिया धरना



धरने पर बैठे किसान यूनियन के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने फाइनेंस कंपनी द्वारा धोखाधड़ी के चलते धरना प्रदर्शन किया। जिला पंचायत कार्यालय के बाहर किसान यूनियन के द्वारा चल रहे धरना प्रदर्शन में अलग-अलग ग्रामीणों से आये लोगों ने भाग लिया। जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन में मांग की गयी कि ब्लाक राजेपुर के तमाम गांव के लोगों को कूटरचित तरीके से फाइनेंस कंपनी द्वारा 17 गड़ियों का दस्तावेज बनाकर लोन निकाल लिया गया है। जिसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने धरना देकर फाइनेंस कंपनी व बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही फाइनेंस कंपनी द्वारा 17 लोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज करायेगा, उसे वापस लिया जाये।

## रोजगार मेले में टाटा मोटर्स कंपनी ने 76 अभ्यर्थियों का किया चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में सम्पन्न हुए अप्रेन्टिस मेले नें 143 से अधिक अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। इस दौरान टाटा मोटर्स लि0 रुद्रपुर उत्तराखंड की कंपनी द्वारा 76 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले की व्यवस्था प्रमुख रुप से प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। बुधवार को विद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें टाटा मोटर्स कंपनी द्वारा 143 छात्रों के साक्षात्कार लिये गये। साक्षात्कार के आधार पर 76 अभ्यर्थियों का चयन टाटा मोटर्स कम्पनी लि0 रुद्रपुर उत्तराखंड राज्य द्वारा किया गया। इस मौके पर कार्यदेशक विजय कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेन्टिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, अनुदेशक बिजेंद्र सिंह, राजकिशोर महतो व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाल होने पर...............

# नरेंद्र जाटव ने हिमांचल पहुंचकर मुख्यमंत्री को दी बधाई


हिमांचल के मुख्यमंत्री का स्वागत करते अटेवा प्रदेश अध्यक्षं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय बन्धु ने हिमांचल पहुंचकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अटेवा द्वारा चलाये गये पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन को लेकर हिमांचल में कांग्रेस की सरकार बनी। उसी का आभार व्यक्त करने पहुंचे अटेवा पेंशन बचाओ के लोग फर्रुखाबाद से भी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव सहित कई लोग उनके साथ हिमांचल धर्मशाला पहुंचे और पुलिस मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अटेवा पुरानी पेंशन को लेकर अन्य प्रदेशों में संघर्ष कर रही है।

# सनातन धर्म की परम्पराओं व सिद्धान्तों को आत्मसात करने की जरुरत: डॉ0 शिवओम अंबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच प्रबुद्ध शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अंबर ने कहा कि हिन्दू धर्म सभी को अपने में समहित कर लेता है। सनातन धर्म की परम्पराओं और सिद्धान्तों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। युवाओं को राष्ट्र एवं हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपने दायित्वों के प्रति तत्पर एवं जागरुक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत वर्ष एक धर्म निरपेक्ष देश है।



कार्यक्रम में मौजूद हिन्दू रक्षा मंच के पदाधिकारी

यहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। राम मुरारी शुक्ला ने कहा कि अतीत काल में कई विदेशी आक्रमणकारियों ने हिन्दू धर्म को नष्ट करने की कोशिश की, परन्तु महान पुरुषों ने हिन्दू धर्म को नष्ट होने से बचाया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने अंग वस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि संस्था का उद्देश्य हिन्दू धर्म, समाज एव हिन्दू संस्थान की संस्कृति विरासत को आवश्यकता के अनुसार पुनः स्थापित और सुरक्षित कर संगठित करने के लिए प्रेरित किया जाये। शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश संयोजक राजेश निराला ने कहा इतिहास साक्षी है कि हिन्दू ही हिन्दू का दुश्मन रहा है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि बृज किशोर सिंह किशोर ने किया और कहा कि हिन्दू को संगठन करने के लिए हिन्दुत्व को जागरुक होने की आवश्यकता है। इस मौके पर बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, अनिल प्रताप सिंह, बृजभूषण सिंह, अनिल सिंह, हेमलता मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। धन्यवाद आचार्य विवेकानंद पाठक ने सभी का ज्ञापित किया।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़









# 24 घंटे बाद बरामद हुए गंगा में डूबे तीन युवकों के शव

▸ बीते दिन गंगा दशहरा पर हुए थे लापता



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दशहरा के पर्व पर गंगा स्नान के दौरान दो लोगों की डूबकर मौत हो गई थी, जबकि तीन लोगों को गोताखोरों ने सकुशल बरामद कर निकाल था। तीन युवक लापता हो गये। बुधवार को गोताखोरों ने तीनों युवकों के शव को बरामद कर लिया। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली फतेहगढ़ के नेकपुर चौरासी निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पाल पुत्र सुरेश पाल अपने चार दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने पांचाल घाट गंगा तट पर गया था। गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से अभिषेक पाल डूब गया था। वहीं ग्राम कनपटियापुर निवासी 16 वर्षीय आर्यन पुत्र प्रमोद कुमार भी गंगा स्नान के दौरान डूब गया था। मंगलवार को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन करायी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बुधवार को गोताखोरों को सफलता मिल गई और दोनों के शवों को बाहर निकाल दिया। शव बाहर निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं जनपद आगरा के शाहदरा चौराहा नुनहाई रोड निवासी 23 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र कालीचरण अपने परिजनों के साथ गंगा दशहरा पर स्नान करने आया था। गंगा स्नान करने के दौरान वह डूब गया था। उसका शव भी बुधवार को गोताखोरों ने बरामद कर लिया। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम कराये बिना ही शव अपने गृह जनपद लेकर चले गये।

### युवक ने पिया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद बदायूं के थाना उसाबा निवासी अशोक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया में उसका उपचार कर रहे चिकित्सकों का कहन है कि उसकी हालत खरते से बाहर है।

# खुलेआम चल रहा है जुए का अड्डा, वीडियो वायरल

खाकी को एक लाख रुपया देने का आरोप, जांच शुरु



खुलेआम फड़ पर जुआ खेल रहे लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खुलेआम जुए के चल रहे फड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से यह तो साफ हो गया कि इस तरह बेखौफ कोई भी व्यक्ति तभी ऐसा काम करता है जब या तो सफेदपोश या खाकी का हाथ उसके सिर पर हो। बिना थानेदार की मर्जी के उसके क्षेत्र में इतना बड़ा खुलेआम कोई खेल खेले यह संभव नहीं।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम खंदिया के निकट करौंदे के बाग में खुलेआम चल रहे जुए के फड़ में एक नहीं एक दर्जन से अधिक लोग चिल्ला-चिल्लाकर दाव लगा रहे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। धीरे-धीरे मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने पर अपर पुलिस अधीक्षक ने बयान जारी कर बताया कि जो वीडियो वायरल हो रहा है वह किस थाना क्षेत्र का है यह स्पष्ट नहीं है, मामला गंभीर है। जांच करायी जा रही है। जो भी लोग दोषी होंगे, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। ऑडियो में एक व्यक्ति कह रहा है कि मैं तो थानाध्यक्ष को 1 लाख रुपयो देता हूं, तभी तो खुलेआम खिलवा रहा हूं। अब कितना सही है यह आरोप यह तो जांच करने वाले अधिकारी ही बता सकते है। फिलहाल यह तो तय है कि बिना खाकी या सफेदपोश के खुलेआम कोई भी व्यक्ति इस तरह का अपराध करने की हिम्मत नहीं जुटा सकता।

### जेब कतरे को यात्री ने पकड़ा, पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज बस में यात्री की जेब कतरे से जेब काट ली। जानकारी होने पर यात्रियों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। बुधवार की शाम 5 बजे के करीब कायमगंज से एक यात्री रोडवेज बस में बैठकर फर्रुखाबाद जा रहा था। बस में सवार जेब कतरे ने युवक की जेब साफ कर दी गई। फैजबाग पहुंचने पर उसे जेब कटने का एहसास हुआ तो एक युवक भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान वह कूदकर भागने लगा। युवक ने दौड़ाकर फैजबाग पशु बाजार के निकट पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। चौकी प्रभारी फैजबाग संजय राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# अंबेडकर पार्क की जमीन पर कब्जे को लेकर दलित समाज धरने पर बैठा

▸ नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस को भेजकर रुकवाया निर्माण कार्य



नगर पंचायत अध्यक्ष से बातचीत करते ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अंबेडकर पार्क की जमीन पर दबंग द्वारा अवैध कब्जा किए जाने से परेशान दलित समाज के लोगों ने भाकियू लोक जनशक्ति के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय पर धरना दिया। नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के गांव सिरमौरा बांगर में बनी अंबेडकर प्रतिमा के पास खाली पड़े अंबेडकर पार्क पर दबंगों द्वारा लेखपाल, कानूनगो की शह पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने राजस्व विभाग तथा उच्चाधिकारियों से की, लेकिन उनका कोई भी निस्तारण ना होने पर दलित समाज के ग्रामीण अपना धैर्य खो बैठे और भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष के सत्यभान झा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता तथा दलित समाज की महिलाएं व पुरुष नगर पंचायत कार्यालय पर सुबह 10.30 बजे दरी बिछाकर बैठ गए और उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। जिसकी सूचना नगर पंचायत चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत को मिली। चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत तत्काल नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अंबेडकर पार्क पर हो रहे कब्जे को रुकवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया तथा घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर कार्यवाहक थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार फोर्स के साथ ग्राम सिरमौर बांगर पहुंचे तथा निर्माण कार्य को रुकवा दिया। लेखपाल आदर्श कुमार तथा कानूनगो के विरुद्ध उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कराकर उनको हटवाए जाने तथा दबंग भू-माफिया पर कार्रवाई किए जाने सहित कई बिंदुओं का ज्ञापन नगर चेयरमैन को सौंपा। अमित कुमार, रणजीत सिंह, अमित पाल, सभासद जाहर सिंह, सभासद कुलदीप, बचन सिंह, जागेश्वर दयाल, राजेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह, भूरे लाल, सुधीर पाल, सत्यभान, अध्यक्ष नितिन कुमार, पुष्पेंद्र सागर, सतनाम, विकास सागर आदि लोग मौजूद रहे।

### विवेचनाओं में गुणवत्ता लाने के लिए प्रशिक्षण 4 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विवेचना में गुणवत्तापरक सुधार लाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस लाइन सभागार में 4 जून को 10 बजे से 3 बजे तक दिया जायेगा। प्रशिक्षण देने के लिए विधि विशेषज्ञ/अभियोजन अधिकारी व अन्य अधिकारी को चिन्हित किया गया है। जिसमें ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी लक्ष्मीराज सिंह, अभियोजन अधिकारी अलका, विशेष लोक अभियोजक प्रदीप सिंह, विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह चौहान, शैलेश सिंह, विशेष लोक अभियोजक अशोक कटियार, एडीजीसी कृष्ण कुमार पाण्डेय के नाम शामिल है। प्रशिक्षण विषय आयुध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, पॉस्को एक्ट एवं महिला संबंधी अपराध, एन0डी0पी0एस0 एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, डकैती, हत्या, लूट जैसे गंभीर अपराधों को शामिल किया गया है।

# पत्नी की हत्या में पति को 8 वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पत्नी की हत्या करने के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने पति दिलीप कुमार पुत्र राधाकृष्ण निवासी लालदरवाजा चुंगी वाली गली को दोषी करार देते हुए 8 वर्ष का कारवास व 7 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

विगत 7 वर्ष पूर्व मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम करथिया निवासी सत्यभान ने शहर कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि मेरी शिल्पी की शादी 7 जून 2015 को दिलीप निवासी लालदरवाजा के साथ हुई थी। शादी में काफी दहेज दिया था तथा नगदी व सोने की चैन व दो अंगूठी व अन्य घरेलू सामान दिया था। दिलीप के पिता व मां व चाचा और भाई, बहन, बहनोई अतिरिक्त दहेज में मोटर साईकिल,चैन की मांग को लेकर मारपीट कर उत्पीड़न व प्रताड़ित करते थे। 17 मार्च 2016 को मैं व मेरे पिता, अजयपाल शिल्पी के पास बुलाने के लिए गए थे तो शिल्पी ने बताया कि ससुरालीजन मारपीट कर प्रताड़ित करते है। हम लोगों ने आपस में बातचीत की तो वह लोग अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे और मोटरसाइकिल व 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। उक्त सभी लोगों एकराय होकर मेरी बहन की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया साक्ष्य के आधार दिलीप, राधाकृष्णन, रजो पत्नी राधाकृष्णन के विरुद्ध न्यायालय में 498ए, 304बी, 3/4 दहेज प्रतिषेध में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, तेज सिंह राजपूत, अनिल कुमार बाजपेयी की कुशल पैरवी के आधार अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने दहेज हत्या के मामले दिलीप को दोषी करार देते हुए 8 वर्ष का करावास व 7 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य के अभाव से राधाकृष्णन, रजो को दोष मुक्त किया।

### पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित युवक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र मुकेश निवासी महरूपुर रावी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# खबरें चलते-चलते

### बाइक फिसलने से युवक घायल



**कायमगंज (सं.)।** बाइक फिसलने युवक घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना व कस्बा गंजडुडवारा निवासी सुखबीर पुत्र राजेंद्र बाइक से अपनी ससुराल कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर जा रहा था। जैसे ही वह कायमगंज क्षेत्र के सीपी तिराहा के पास पहुंचा, तभी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायलावस्था में उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए । जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर कर दिया।

### सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**कायमगंज (सं.)।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अमनीन्द्र कुमार ने बुधवार को सीएचसी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएमओ ने महिला वार्ड में गंदगी देखकर साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी कक्ष में पहुंचकर अटेंडेंस रजिस्टर मांगा, जहां डॉ0 विपिन कुमार ने रजिस्टर नहीं दिखा तो उन्होंने कहा जो भी अनुपस्थित है उसका वेतन काटा जाएगा। इस दौरान डॉक्टर नदीम अहमद, डॉ0 मधु अग्रवाल सहित स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### शांतिभंग में तीन का चालान

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव अमानाबाद निवासी गोविंद तथा अरविंद पुत्रगण सोने लाल गांव में शादी समारोह के बाद में झगड़ा कर रहे थे। जिस पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर दोनों को हिरासत में ले लिया। वहीं हिमांशु पुत्र छोटेलाल निवासी गांधीनगर मोहल्ले में दारू पीकर गाली-गलौज कर रहा था। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध 151 में चालान कर दिया।

### मारपीट व लूट के आरोपियों की नहीं हो रही गिरफ्तारी

**फर्रुखाबाद (सं)।** घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट कर तोड़फोड़ के मामले में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के आदेश के बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी ना किए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद है। पीड़ित ने फिर एक बार पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों की गिरफ्तारी कराने की मांग की। थाना मेरापुर के ग्राम ढर्रा शादीनगर निवासी रामवरन ने दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि वह पेशे से पत्रकार हैं। 20 दिन पूर्व गांव के दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की और दुकान में रखी 50 हजार की नगदी लूट ली थी। कई दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन आज तक गिरफ्तारी नहीं की। आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने आरोपियों की गिरफ्तारी कराने की मांग की।

### मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

**कायमगंज (सं.)।** मार्ग दुर्घटना में युवक घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव मई हादीदादपुर निवासी रंजीत मार्ग दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल भर्ती कराया। कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया।

# पेड़ लगाओ धरती बचाओ: डॉ0 शालिनी

▸ जनसंख्या वृद्धि के कारण प्रदूषण बढ़ रह है, इसको नियंत्रण में लाना हम सबकी जिम्मेदारी



महाविद्यालय में वृक्षारोपण करती प्राचार्या डा0 शालिनी



राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण जागरूकता की शपथ दिलाती डा0 शालिनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें सर्व प्रथम इस धरती को प्रदूषणरहित करना होगा। जनसंख्या वृद्धि के कारण प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। जिसे नियंत्रण में लाना आवश्यक है, तभी हमारे पर्यावरण का संरक्षण हो पायेगा। मनुष्य प्रतिदिन प्रगति करता जा रहा है और इस विकास के नाम पर प्रदूषण वृद्धि करता जा रहा है। ओजोन परत क्षरण होने से धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है और ध्रुवों पर ग्लेशियर पिघल रहे हैं। अतः पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है। सन 1986 में भारत की संसद ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिनियम बनाया। जिसे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम कहते हैं। जब मध्य प्रदेश स्थित भोपाल में गैस लींक की दुर्घटना हुई थी, तब इसे पारित किया गया था। पर्यावरण की प्रहरी बनीं मान्यवार काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ की प्राचार्या डॉ0 शालिनी ने बताया भोपाल गैस लींक दुर्घटना बहुत बड़ी औद्योगिक दुर्घटना थी। जिससे करीब 2.259 लोग वहीं मारे गये और पांच लाख से ज्यादा व्यक्ति मिथाइल आइसोसाइनेट नामक गैस की चपेट में आ गये थे। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत पर्यावरण की सुरक्षा की ओर ध्यान देना प्राकृतिक आपदाओं सो निपटने के बारे में सोचना और पर्यावरण में सुधार लाने हेतु कानून बनाना था। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

### पर्यावरण के प्रहरी

पर्यावरण को सुरक्षित रखना उतना ही जरुरी है, जितना हम और आराम और सुखदायी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण हमारा फर्ज व जिम्मेदारी है। मनुष्य से जितन हो सके उतना पर्यावरण को दूषित होने से बचाना चाहिए। पेड़ पौधों का संरक्षण करना चाहिए। पौधे ही जीवन का आधार हैं, क्योंकि सूरज की किरणें जब पड़ती हैं धरती पर तभी होता है सबेरा। पेड़ लगाओ धरती बचाओ तभी कर पाओगे इस पर बसेरा। प्राचार्या डॉ0 शालिनी ने पर्यावरण जागरुकता को लेकर छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलायी।

**पर्यावरण संरक्षण जागरुकता हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आप भी पर्यावरण के प्रहरी बनें। संवाददाता, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज सम्पर्क करें- 9839390810**

# सपा कार्यालय पर धूमधाम से मनायी गयी अहिल्यावाई होलकर की जयंती

▸ सपाइयों ने अहिल्यावाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया याद



पार्टी कार्यालय पर अहिल्या बाई होलकर की जयंती मनाते सपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राजमाता अहिल्यावाई होल्कर की 298वीं जयंती पार्टी कार्यालय आवास विकास में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव की अध्यक्षता में मनायी गयी।

आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर भगवान शिव की अनन्य भक्त राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 298वीं जयंती पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने कहा कि उन्होंने जीवन भर दबे कुचले गरीब लोगों की सहायता की और शिक्षा की अलख जगाई। वह अंग्रेजों के आगे कभी झुकी नहीं और निर्भीक होकर उन्होंने जनसेवा की। छोटी सी उम्र में ही उन्होंने जिम्मेदारी संभाल ली और राजमाता बनकर जनता की भरोसेमंद महिला बनकर उभरीं। उनकी जयंती पर पार्टी कार्यालय पर सभी ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। सपा नेता बृजेश पाल, शुभम यादव हनी, मोहम्मद साजिद खान, इलियास मंसूरी, अरविन्द कश्यप, यूनुस अंसारी आदि ने विचार रखे। संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सपाइयों ने मिष्ठान बांटा। इस दौरान पुष्पेंद्र यादव, रामू गुप्ता, बेचेलाल यादव, अजय यादव, मुजीबुल हसन, सुकर्म पाल, प्रेम सिंह आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर एन.सी.सी. कैडेटों ने निकाली रैली

▸ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर स्टेडियम से किया रवाना




तम्बाकू नियंत्रण जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ब्रह्मदत्त स्टेडियम में जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेडियम में ढोल नगाड़ों के साथ स्लोगन लिखी पट्टिका लेकर विद्यार्थी व एनसीसी कैडेटों ने नारे लगाकर तम्बाकू का सेवन करने वालों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए तम्बाकू हानिकारक है। जिन्दगी जीने के लिए भोजन की जरुरत है, तम्बाकू की नहीं। स्टेडियम में अपर जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी अवनींद्र कुमार, एनसीसी 12 यू.पी. बटालियन के कमांडिंग आफीसर कर्नल रोमिल सिहं के निर्देशन में एजूडेंट कैप्टन बलविन्दर सिंह के नेतृत्व में लगभग 50 से ज्यादा एनसीसी कैडेटों ने प्रतिभाग किया। तम्बाकू को छोड़ो जीवन को बचाओ। तम्बाकू की आदत यानी कैंसर को दावत। तम्बाकू को खाना है तो कैंसर को बुलाना है, आदि नारे लगाये गये। इस अवसर पर सूबेदार भीम सिंह, हवलदार वी.पी.राना ने कैडेटों के साथ रैली में प्रतिभाग करते हुए लोगों को जागरुक किया और तम्बाकू खाने वालों से इसे छोड़ने की अपील की। स्टेडियम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेटों ने फतेहगढ़ नगर में घूमकर तम्बाकू निषेध दिवस पर लोगों को जागरुक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। साथ ही तम्बाकू नियंत्रण के लिए जनपद में विभिन्न जगह व विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ और शपथ दिलाकर तम्बाकू नियंत्रण के लिए आमजन को जागरुक किया।

### मुकदमे में समझौता न करने पर दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मुकदमे में समझौता का दबाव बनाने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। थाना के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी राधा पाठक पुत्री सुरेश चंद्र पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मोहल्ले के केशव गुप्ता पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता से पुराना विवाद चल रहा है। जिसका पीड़िता ने मुकदमा भी दर्ज कराया है। उसी मुकदमे में समझौता करने का आरोपी दबाव बना रहा है। मना करने पर आरोपी आये दिन गाली-गलौज करता है। बुधवार को पीड़िता अपने बच्चों का विद्यालय में एडमीशन कराकर घर लौट रही थी, तभी केशव ने रोक लिया और लोहे की सरिया से हमला कर दिया। जिससे पीड़िता घायल हो गयी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।